**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 23.5 | 10.4 |
| जमशेदपुर | 25.3 | 11.6 |
| डालटनगंज | 25.4 | 08.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * *






www.lagatar.in | मंगलवार, 19 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 241 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया
- थाईलैंड में 15 संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों की मौत
- ईरान के करीब 70% गैस स्टेशन पर कामकाज ठप
- इजराइल सैनिकों के हाथों 3 बंधकों की मौत

**नेशनल**
- तमिलनाडु के थूथुकुडी में 24 घंटे में 95 सेमी बारिश
- काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता 2024 की शुरुआत
- भारत में इजराइल के नए राजदूत होंगे रूवेन अजार
- जयपुर में नाबार्ड की राष्ट्रीय प्रदर्शनी 21 दिसंबर से

**स्टेट**
- रांची एयरपोर्ट पर बन रही आधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग
- अबुआ आवास योजना में रिकॉर्ड आवेदन
- एक्शन में एनजीटी, प्रदूषण बोर्ड को दिए निर्देश
- अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का सख्ती से निरीक्षण होगा

**स्पोर्ट्स**
- मानसी-मुरुगेसन को पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण
- मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका
- भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वन डे मैच आज
- गुवाहाटी में हो सकता है खेलो इंडिया विवि खेल

## किसने क्या कहा

- मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' एकदम सुपरहिट हो गयी है. –पीएम नरेंद्र मोदी
- सुरक्षा चूक मामले पर पीएम या गृह मंत्री को संसद में बयान देना चाहिए– डी राजा
- राज्यपाल को हटाने के लिए केंद्र का रुख कर सकती है केरल सरकार– पी. विजयन

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 58,700 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

## ब्रीफ खबरें

### 'इंडिया' मोदी को सत्ता से बाहर कर देगा: लालू

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी को सत्ता से बाहर कर देगा. इंडिया की मंगलवार को दिल्ली में होने वाली बैठक में तेजस्वी यादव के साथ शिरकत करने दिल्ली पहुंचे लालू ने कहा कि हम सब एक साथ बैठेंगे और लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेंगे. हम मिल कर लड़ेंगे और मोदी को हटाएंगे.

### ईडी ने केजरीवाल को फिर से भेजा समन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने पूछताछ के लिए सोमवार को नया समन भेजा है. ईडी ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है. इससे पहले 2 नवंबर को केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी ने नोटिस भेजा था, लेकिन उन्होंने नोटिस को गैरकानूनी बता कर इसे वापिस लेने की मांग की थी.

### तीसरी पारी में तीसरी आर्थिक ताकत बनाएंगे

**वाराणसी।** अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने देश को 'गारंटी' दी है कि वह अपनी तीसरी पारी में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाएंगे. यह मोदी की गारंटी है, जो हरहाल में पूरी होगी. जनता भी समझ चुकी है कि मोदी की गारंटी पूरी होने की गारंटी है.

### 2500 लोन ऐप गूगल प्ले स्टोर से हटाए गए

**नयी दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया कि गूगल ने अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच अपने प्ले स्टोर से 2,500 से अधिक धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप को निलंबित किया है या हटा दिया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि अभी और ऐप की निगरानी की जा रही है, जिन्हें हटाया जा सकता है.

## सुरक्षा चूक के मुद्दे पर गृहमंत्री के जवाब की मांग पर लोकसभा-राज्यसभा ने की कठोर कार्रवाई

# 78 सदस्य पूरे सत्र के लिए हुए सस्पेंड

एजेंसिया। नयी दिल्ली

राज्यसभा और लोकसभा में सोमवार का दिन संसदीय इतिहास में ऐतिहासिक साबित हुआ. संसद से एक ही दिन कुल 78 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है. लोकसभा में हंगामे पर आसन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 33 सांसदों को निलंबित कर दिया, जबकि राज्यसभा में सभापति ने 45 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड कर दिया. दोनों सदनों में विपक्षी सांसदों के तख्तियां दिखाने को लेकर ये कार्रवाई की गयी है. निलंबित सांसदों में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं. इसके अलावा राज्यसभा में कांग्रेस के जयराम रमेश को भी निलंबित कर दिया गया है. आसन ने सभी 45 सांसदों को शीतकालीन सत्र के बचे हुए कार्यदिवस के लिए निलंबित कर दिया है.

लोकसभा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने की मांग रखी. इसके बाद आसन ने इन सदस्यों को सस्पेंड कर दिया. लोकसभा में गत शुक्रवार को 13 और राज्यसभा के एक विपक्षी सांसद को निलंबित कर दिया गया था. इस प्रकार राज्यसभा और लोकसभा मिलाकर कुल 92 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा चुका है.

–शेष पेज 13 पर

**लोस से 13 और रास से 1 सदस्य को पहले ही किया जा चुका है निलंबित**



### लोकसभा के 33 सांसदों को किया गया निलंबित

सदन में आसन की चेतावनी के बावजूद तख्तियां लहराने और सदन की अवमानना के मामले में कांग्रेस के नेता सोमवार को जिन 33 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड किया है, उनमें टी. सुमति, कल्याण बनर्जी, ए राजा, दयानिधि मारन, अपारूपा पोद्दार, प्रसून बनर्जी, ईटी मोहम्मद बशीर, जी. सेल्वम, सीएन अन्नादुरई, अधीर रंजन चौधरी, असीत कुमार मल, कौशलेंद्र कुमार, एंटो एंटनी, एसएस पलानीमनिकम, अब्दुल खालिक, थिरुनावुक्करासर, प्रतिमा मंडल, काकोली घोष, के.मुरलीधरन, सुनील मंडल, एस. रामालिंगम, के. सुरेश, अमर सिंह, राजमोहन उन्नीथन, गौरव गोगोई, टीआर बालू, के कानी नवास, के वीरस्वामी, एनके प्रेमचंद्रन, सौगत रॉय, शताब्दी रॉय, के जयकुमार आदि शामिल हैं.

### राज्यसभा से 45 सांसदों को किया गया सस्पेंड

लोकसभा के बाद सोमवार को राज्यसभा से भी विपक्ष के 45 सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया. विपक्ष के जिन 45 सांसदों को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड किया गया है, उनमें प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल, अमी याग्निक, नारायण भाई राठवा, शक्ति सिंह गोहिल, रजनी पाटिल, सुखेंदु शेखर, नदीमुल हक, एन. षणमुगम, नसीर हुसैन, फुलोदेवी नेताम, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सुरजेवाला, मौसम नूर, समिरुल इस्लाम, रंजीत रंजन, कनिमोझी, फैयाज अमजद, मनोज झा, रामनाथ ठाकुर, अनिल हेगड़े, वंदना चव्हाण, रामगोपाल योदव, जावेद अली खान, जोस के मणि, महुआ माझी और अजीत कुमार आदि शामिल हैं.

- लोकसभा से सोमवार को 33 और 14 दिसंबर को निलंबित हुए 13 सदस्य = 46
- राज्यसभा से सोमवार को 45 और 14 दिसंबर को सस्पेंड हुए 01 सदस्य = 46

**अब तक सस्पेंड हुए कुल 92 सदस्य**

### स्पीकर ओम बिरला ने जाहिर की निराशा

इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की सुरक्षा में चूक संबंधी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से चिंता जताई थी और सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के सुझाव के आधार पर उन्होंने कुछ सुरक्षा उपाय किए हैं और कुछ पर भविष्य में अमल किया जाएगा. उन्होंने सदन की अवमानना के मामले में पिछले सप्ताह विपक्ष के 13 सदस्यों को निलंबित किये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि निलंबन का सुरक्षा में चूक की घटना से कोई संबंध नहीं है और इसका संबंध संसद की गरिमा एवं प्रतिष्ठा बनाये रखने से है. किसी भी सदस्य को निलंबित किया जाता है, तो मुझे व्यक्तिगत पीड़ा होती है. उन्होंने विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे को लेकर निराशा प्रकट करते हुए कहा, दुर्भाग्यपूर्ण कि हम ऐसी घटनाओं को लेकर राजनीति कर रहे हैं. यह राजनीति करने वाली घटनाएं नहीं हैं. तख्तियां लाना, नारेबाजी करना, आसन के समीप आना सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है. देश की जनता भी इसे पसंद नहीं करती.

### हंगामे की वजह

संसद की सुरक्षा में हुई चूक पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान को लेकर विपक्ष कई दिनों से अड़ा है. उसका कहना है कि गृह मंत्री सदन के बाहर बयान दे रहे हैं, तो यहां देने में क्या दिक्कत है. सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बयान दिया, पर विपक्ष इस पर राजी नहीं है. इसी को लेकर सत्ता और विपक्ष में तनातनी है. इसके अलावा ये जो हंगामा हुआ. इसके पीछे एक पृष्ठभूमि है. दरअसल सरकार की ओर से एक एडवाइजरी जारी की गई कि सदन में कोई भी धरना-प्रदर्शन, नारेबाज़ी या तख्तियां लेकर हंगामा नहीं होगा. दूसरी वजह सरकार की ओर से निर्देश की एक पुस्तिका जारी करना है. इसमें असंसदीय शब्दों का दायरे में भ्रष्टाचार और तानाशाही जैसे शब्दों को भी शामिल कर लिया गया. दोनों पक्ष ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं.

### संसद में बुल्डोजर चला रही सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस ने 78 विपक्षी सदस्यों के निलंबन को तानाशाही भरा कदम करार देते हुए आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को रौंदने के लिए संसद में बुल्डोजर चला रही है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ने कहा, पहले कुछ लोगों ने संसद पर हमला किया. फिर मोदी सरकार संसद और लोकतंत्र पर हमला कर रही है. निरंकुश सरकार द्वारा अब तक 92 सांसदों को निलंबित करके सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में डाला जा रहा है. विपक्ष विहीन संसद के साथ सरकार अब बिना किसी चर्चा के महत्वपूर्ण लंबित कानूनों को पारित कर सकती है, विरोध की आवाज कुचल सकती है. अधीर रंजन चौधरी ने कहा, इस सरकार में तानाशाही चरमसीमा पर पहुंच गई है. हमारी मांग है कि गृहमंत्री अमित शाह संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर सदन में आकर बयान दें. लेकिन मोदी सरकार तानाशाही की चरमसीमा पर पहुंच गई है.

## हजारीबाग में मुख्यमंत्री ने दी योजनाओं की सौगात

# गांव से चल रही सरकार : हेमंत

संवाददाता। हजारीबाग

सरकार दिल्ली और रांची के बंद एसी कमरे से नहीं, बल्कि गांव और पंचायत से चल रही है. जिस गांव में रास्ता तक नहीं है , वहां अधिकारी पूरे दल-बल के साथ योजनाओं की पोटली के साथ आ रहे हैं और आपको लाभान्वित कर रहे हैं. ये सिलसिला जारी रहेगा. उक्त बातें सीएम हेमंत सोरेन ने हजारीबाग के इचाक प्रखंड के तेतरीय गांव में आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही.

उन्होंने कहा कि यह महाभियान है, जिसमें गांव-पंचायतों में शिविर लगा कर आम लोगों की हर समस्या का समाधान हो रहा है. लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराने के साथ लाभ दिया जा रहा है. वह खुद विभिन्न जिलों में पहुंच कर लगातार शिविरों में शिरकत कर रहे हैं. सीएम हेमंत ने कहा कि इस बात की खुशी है कि इन शिविरों में त्योहार जैसा माहौल है. सरकार की योजनाओं से जुड़ने के लिए लोग खासे उत्साहित हैं. उन्होंने यह भी कहा कि 2021 से योजना चलाया जा रहा है. 2021 में 35 लाख आवेदन दिए गए, दूसरे शिविर में 55 लाख और तीसरे शिविर में कितने आवेदन आए, यह 29 दिसंबर को पता चलेगा.

उन्होंने कहा कि शिविर में जिस तरह से आवेदन आ रहे हैं इससे स्पष्ट है कि पूर्व की सरकार ने काम नहीं किया है. प्रखंड के साथ-साथ जिला कार्यालय में भी काम नहीं हुआ है. हमारी सरकार ने समस्याओं की प्राथमिकता तय कर उसके समाधान की दिशा में योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारने का काम किया. सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचे, इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं. इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 536.608 करोड़ रुपये से 334 योजनाओं का शिलान्यास किया गया. वहीं 236.233 करोड़ रुपये की लागत से 202 योजनाओं का उद्घाटन किया. अपने हजारीबाग दौर में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के चार सालों के काम का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया.

**पूर्व की राज्य सरकारों और केंद्र पर साधा निशाना**



### इंडिया की बैठक में नहीं जाएंगे सीएम हेमंत

**रांची।** लोकसभा चुनाव की आहट के बीच दिल्ली में मंगलवार को इंडिया गठबंधन दलों की बैठक होनी है. इस बैठक में गठबंधन के अहम हिस्सा रहे सीएम हेमंत सोरेन नहीं शामिल होंगे. बैठक में झामुमो की ओर से लोकसभा सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य शामिल होंगे. सीएम हेमंत सोरेन विधानसभा के शीतकालीन सत्र और 19 को गुमला में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर गठबंधन दलों की बैठक में शामिल होने दिल्ली नहीं जा पाएंगे. उनके कार्यक्रम पहले से तय थे.

- झामुमो की ओर से सांसद विजय हांसदा, महुआ माजी और सुप्रियो होंगे शामिल

**कड़ा रुख** एक्शन में एनजीटी, प्रदूषण बोर्ड से कहा, काबिल अफसरों की करें तैनाती

# सवाल पूछा जाता कुछ, जवाब मिलता कुछ

रवि भारती। रांची

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर शिकंजा कस दिया है. एनजीटी झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड



के क्रियाकलापों को लेकर नराजगी जताई है. एनजीटी ने साफ तौर पर कहा है कि प्रदूषण बोर्ड में काबिल अफसरों की तैनाती करें. इसकी वजह यह भी बताया गया है कि राज्य प्रदूषण बोर्ड से सवाल जो पूछा जाता है, उसका सही जवाब भी नहीं मिल पाता है. एनजीटी ने यह मामला झारखंड सरकार के संज्ञान में भी लाया है. कहा है कि बोर्ड में सक्षम ऑफिसर की जरूरत है.

### प्रभार में चल रहा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के चेयरमैन और मेंबर सेक्रेट्री का पद प्रभार में चल रहा है. निर्दलीय विधायक सह पूर्व कैबिनेट मंत्री सरयू राय ने भी इस मामले में मुख्य सचिव को पत्र लिखा था. पत्र में कहा गया था कि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष व सचिव पद पर नियुक्तियां करते समय विशिष्ट ज्ञानयुक्त पूर्णकालिक पदाधिकारी को ही इन पदों पर पदस्थापित किया जाना चाहिए.

### एनजीटी दे चुका है कार्रवाई का आदेश

ट्रिब्यूनल ने पर्यावरणीय कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने के लिए बोर्ड से सदस्य सचिव यतींद्र दास के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश मुख्य सचिव को भी दिया है. अपने आदेश में कहा कि सदस्य सचिव की ओर से ऐसा किया जाना कानून की उनकी अज्ञानता और अवहेलना को दर्शाती है. ट्रिब्यूनल ने मुख्य सचिव को उक्त आदेश सदस्य सचिव की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में लगने का भी निर्देश दिया है.

### एनजीटी ने मांगी थी क्रशरों के सीओटी की जानकारी

एनजीटी ने पूछा था कि साहिबगंज में प्रदूषण का मापदंड क्या है. वहां पर्टिकुलेट मैटर (धूलकण) 10 माइक्रॉन से अधिक है या नहीं. इसका भी सही जवाब प्रदूषण बोर्ड नहीं दे पाया. बाद में इसकी जांच के लिए प्रदूषण बोर्ड ने मशीन मंगवाई, लेकिन मशीन से जांच सही हो रहा है या नहीं, इसका भी बोर्ड के पास कोई मैकेन्जिम नहीं था. फिर बोर्ड ने दुमका रिजनल ऑफिस से चेकलिस्ट जारी किया, जिसमें कहा गया कि क्रशरों का बाउंड्री वॉल, ग्रीन बेल्ट, पानी पटाने की व्यवस्था नहीं है. इस पर एनजीटी ने सवाल किया कि बिना शर्तों को पूरा किए बोर्ड ने कंसेंट टू एस्टेब्लिश और कंसेंट टू ऑपरेट कैसे दिया. बताते चलें कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संथाल परगना के साहिबगंज में लगभग 200 क्रशरों को कंसेंट टू एस्टेब्लिश और कंसेंट टू ऑपरेट दिया.




## ब्रीफ खबरें

### महाधिवक्ता राजीव रंजन ने जागृति को सम्मानित किया



**रांची।** झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने क्लैट में झारखंड से टॉप करने वाली छात्रा जागृति राज को झारखंड हाईकोर्ट में अपने सभी लॉ ऑफिसर्स के सामने सम्मानित किया. इसके साथ ही महाधिवक्ता ने छात्रा जागृति राज के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी. जागृति राज का स्टेट रैंक 1 और ऑल इंडिया रैंक 17वां था व उन्हें नेशनल लॉ स्कूल बेंगलुरु में एडमिशन मिला है. क्लैट की परीक्षा इस महीने में हुई थी, जिसमें जागृति ने राज्य में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया था. जागृति राज जेवीएम श्यामली की विद्यार्थी है.

### बागेश्वर बाबा से जुड़ी याचिका पर सुनवाई 21 को

**रांची।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम स्थगित करने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में 21 दिसंबर को सुनवाई होगी. यह मामला हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट के सूचीबद्ध हुआ है. दीना राम की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. याचिका में कहा गया है कि कार्यक्रम के लिए शुरुआत में अनुमति दी गई थी. पर बाद में नदी प्रदूषण के नाम पर इसे रद्द कर दिया.

### बेल याचिका पर दूसरी बेंच में सुनवाई का निर्देश

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार की सुनवाई के बाद अदालत ने अमित अग्रवाल की याचिका पर दूसरी बेंच में सुनवाई का निर्देश दिया है. मामला फिलहाल झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश दीपक रौशन की कोर्ट में सूचीबद्ध था. दरअसल सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी छवि रंजन, विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची व अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है.

### एएसआई में प्रमोशन के मामले में सुनवाई

**रांची।** झारखंड पुलिस के आरक्षियों (सिपाही) की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी. सोमवार को प्रार्थियों की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने बहस की. जिसके बाद अन्य प्रार्थियों की ओर से मंगलवार को बहस की जाएगी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई. अन्य प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय और सुभाशीष रसिक सोरेन अदालत में मौजूद रहे.

### मदरसा/संस्कृत विद्यालयों के रिटायर शिक्षक परेशान

**रांची ।** झारखंड प्रदेश मदरसा-संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के सचिव मौलाना मो हम्माद कासमी ने कहा कि राज्य के 186 प्रस्वीकृत मदरसों एवं 11 संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पेंशन के संबंध में जारी अधिसूचना 14 अक्टूबर 2022 के कार्यान्वयन के संबंध में एक वर्ष से अधिक समय से संघर्ष कर रहे हैं. किंतु सरकार ने इस अहम समस्या पर अब तक ध्यान नहीं दिया है.

**बढ़ेंगी सुविधाएं :** इको फ्रेंडली बिल्डिंग में होगी 24 कमरों के साथ कई अन्य सुविधाएं

# रांची एयरपोर्ट पर बन रही अत्याधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग, ठहर सकेंगे यात्री

अमित सिंह। रांची

भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंड नागर विमानन विभाग के अत्याधुनिक कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर काम शुरू हो गया है. यह कॉम्प्लेक्स नागर विमानन विभाग के स्टेट हैंगर के स्थान पर बनेगा. स्टेट हैंगर डिमॉलिस करने का काम शुरू हो गया है. भवन निर्माण की देखरेख में कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा. 3.15 एकड़ में बननेवाले जी प्लस वन फ्लोर कॉम्प्लेक्स पर 42 करोड़ की लागत आएगी. इस कॉम्प्लेक्स का उपयोग रेवेन्यू मॉडल के तहत किया जाएगा.



### रेवेन्यू मॉडल से सुविधाओं में होगी बढोत्तरी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नागर विमान विभाग की सेवाओं का रेवेन्यू मॉडल के तहत इस्तेमाल करने की योजना पर काम करने का निर्देश दिया है. इसी के तहत रांची एयरपोर्ट पर नागर विमानन विभाग अत्याधुनिक कांप्लेक्स का निर्माण करा रहा है. इस कांप्लेक्स में यात्री नाइट हॉल्ट भी कर सकेंगे. इसके लिए यात्रियों को निर्धारित किराया चुकाना होगा. रेवेन्यू मॉडल के तहत विभाग काम करेगा, तो विमानन सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी.

### मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए होंगे विशेष कमरे

राज्य सरकार का एयरपोर्ट पर यह पहला अत्याधुनिक कॉम्प्लेक्स बनेगा. इको फ्रेंडली ग्रीन बिल्डिंग होने के साथ-साथ पूरी तरह से वातानुकूलित होगी. बिल्डिंग अत्याधुनिक फायर सिस्टम, फायर अलार्म, लिफ्ट, सीसीटीवी से लैस रहेगा. इसमें कुल 24 कमरें होंगे. जिसमें मुख्यमंत्री, राज्य के मंत्रियों, प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री के सलाहकार के लिए विशेष कमरे होंगे. साथ ही बिल्डिंग में कैफेटेरिया, मीटिंग हॉल, वीआईपी लॉज आदि की सुविधा मिलेगी.

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में लगातार बढोत्तरी हो रही है. यात्री सुविधाओं में बढोत्तरी हो ध्यान में रखते हुए राज्य सरकर अपना नागर विमानन कॉम्प्लेक्स का निर्माण करवा रही हे. कॉम्प्लेक्स पुराने स्टेट हैंगर को डिमॉलिस कर बनेगा. कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य को लेकर भवन निर्माण विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है. टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है. पुराने हैंगर को जल्द डिमॉलिश कर दिया जाएगा. नया कॉम्प्लेक्स अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा. कॉम्प्लेक्स के बनने से यात्री सुविधाओं में बढोत्तरी होगी. **कैप्टन एसपी सिन्हा,** निदेशक, नागर विमानन विभाग

**हाल-ए-क्लाइमेट चेंज डिपार्टमेंट**


# नहीं हो सका निदेशालय का गठन: 3200 करोड़ के एक्शन प्लान पर लगा ग्रहण

रवि भारती। रांची

झारखंड में जलवायु परिवर्तन के हिसाब से योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 3200 करोड़ रुपए के एक्शन प्लान पर ग्रहण लग गया है. यह प्लान फाइलों में डंप हो गया है. खास बात यह है कि जलवायु परिवर्तन विभाग को वन विभाग के साथ अटैच किया गया है. लेकिन अब तक इसके निदेशालय का भी गठन नहीं हो पाया है. यही वजह है कि बदलते जलवायु परिवर्तन के हिसाब से अब तक जल सुरक्षा, जल संरक्षण और पानी की गुणवत्ता के लिए कोई योजना नहीं बन पाई. हर साल प्रदेश के 39 लाख किसानों को सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है.

**इको फ्रेंडली वातावरण नहीं :** शहरों में अब तक इको फ्रेंडली वातावरण नहीं बन तैयार हो पाया है. एक्शन प्लान के मुताबिक शहरों में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट, पीपीपी मोड पर इको ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देने की बात कही गई थी. टाउन प्लानिंग भी ट्रैफिक प्लान के अनुसार करने की बात कही गई थी.

**कागजों पर ही सिमट गया प्लान :** झारखंड के आठ शहरों के लिए क्लीन एयर एक्शन प्लान बनाया गया था. यह प्लान खास कर रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, चाईबासा, दुमका, साहिबगंज और पाकुड़ के लिए बनाया गया था. नेशनल ग्रीन एयर प्रोग्राम के तहत देश भर से 122 शहरों का चयन किया गया था, लेकिन यह प्लान भी कागजों में सिमट कर रह गया.




### माइनिंग क्षेत्र में प्रदूषण रोकने के लिए कितना होता खर्च

| | |
|---|---|
| ओपेन और अंडरग्राउंड माइनिंग | 5.5 करोड़ |
| ग्रीन ग्रोथ प्लानिंग | 6.5 करोड़ |
| ग्रामीण सड़कों से खनिजों का परिवहन कम करने | 300 करोड़ |
| प्रदूषण कम करने के लिए ट्रांसपोर्टेशन | 3 करोड़ |
| खदान क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग व ग्राउंड वाटर रिचार्ज | 12 करोड़ |
| वाटर डिस्चार्ज व खनिजों को धोने के लिए बाउंड्री निर्माण | 2 करोड़ |
| शहरी क्षेत्र में जल प्रबंधन | 0.5 करोड़ |
| बिल्डिंग और अर्बन सेटलमेंट | 0.25 करोड़ |
| सरकार के नियंत्रण में जल स्त्रोतों का प्रबंधन | 15 करोड़ |
| रेन वाटर मैनेजमेंट | 182 करोड़ |
| शहरी क्षेत्र में कार्बन की मात्रा कम करने- | 40.25 करोड़ |
| ठोस कचरा प्रबंधन | 02 करोड़ |
| शहरों को प्रदूषण मुक्त करने | 15.75 करोड़ |
| शहरों में ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट | 55.75 करोड़ |
| शहरों में इको-फ्रेंडली को बढ़ावा देने | 14 करोड़ |

### क्या-क्या काम किया जाना था

- जलवायु परिवर्तन के अनुसार कृषि की योजनाएं तैयार करना
- स्वास्थ्य क्षेत्र में एक्शन प्लान तैयार करना
- वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोतों पर काम करना
- टाउन प्लानिंग जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होना
- जल प्रबंधन पर काम करना
- भू-गर्भ जलस्तर के दोहन को रोकना
- जल संचयन और जल स्रोतों का संरक्षण करना

## आपकी बात



**नाम :** प्रीति पांड्या
**पद :** गृहिणी व उद्यमी
**जन्मस्थल :** रांची (झारखंड)
**कार्यक्षेत्र :** संपूर्ण झारखंड

"महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर अपने परिवार, समाज, क्षेत्र, राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन कर रही हैं."

प्रीति पांड्या का जन्म वर्ष 1975 में झारखंड की राजधानी ( तब के एकीकृत बिहार ) रांची जिले में हुआ था. वह बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज थीं. प्रीति पांड्या की प्राथमिक शिक्षा रांची जिले से हुई. उन्होंने इंटरमीडिएट व बीए की डिग्री पीटीपीएस कॉलज, पतरातू, रामगढ़ से किया. उन्हें बचपन से ही अपने बालों और चेहरे का प्राकृतिक तरीके से पोषण का काफी शौक था. वह घर पर ही किचेन के उपयोगी समानों से फेसपैक, शैंपू, मेहंदी, परफ्यूम आदि बनाकर अपने उपयोग में लाती थीं. विवाह के बाद वह कोडरमा जिला स्थित अपने मायके में भी इन चीजों पर काफी ध्यान देती थीं. इसके उनके पति के साथ-साथ ससुरालवालों का भी काफी समर्थन मिला. दरअसल, कोविड 19 के दौरान में जहां एक साथ सारी चीजें थम गई थीं. उस काल में एक दिन प्रीति पांड्या ने अचानक सोचा कि क्यों न बालों और चेहरे के पोषण के लिए प्राकृतिक उत्पाद बनाकर दूसरे लोगों को भी इससे लाभान्वित किया जाए. इससे लोगों को बाजार में बिकने वाले केमिकलयुक्त उत्पाद के साइड इफेक्ट से मुक्ति भी मिल जाएगी. इसी सोच के साथ उन्होंने वर्ष 2020 में कई सौंदर्य व पोषण उत्पाद यथा शैंपू, मेहंदी, परफ्यूम, फेसपैक, हेयर ऑयल आदि समान बना कर बिक्री करने लगीं. उनके द्वारा बनाए गए इन उत्पादों को लोगों ने काफी सराहा और दिनोंदिन इनकी डिमांड भी बढ़ती चली गई. वर्तमान में प्रीति पांड्या गृहिणी के साथ-साथ एक सफल उद्यमी भी हैं.

### मनरेगा आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा की

**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि झारखंड में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगारोन्मुख व आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया जा रहा है. इसके तहत रैयती भूमि पर फलदार वृक्षों की बागवानी के लिए ग्रामीणों को सहायता प्रदान की जा रही है. मनरेगा आयुक्त ने झारखंड के जिलों में चल रही बिरसा हरित ग्राम योजना में कार्यरत जेआईजेड प्रोजेक्ट के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थी. उन्होंने योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली व अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए. बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अरुण सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे.

# उड़िया भाषा के विकास पर ध्यान देने की मांग की



संवाददाता ।रांची

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी ने सोमवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष को उनके आवास पर अपनी लिखित उड़िया भाषा की पुस्तक व फूलों का गुलदस्ता देकर उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी. उन्होंने मांग किया कि राज्य में उड़िया भाषा के विकास पर ध्यान देने की जरूरत है. कहा कि जिन विद्यालयों में उड़िया भाषा की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, आयोग के माध्यम से उन विद्यालयों में उड़िया भाषा की पुस्तक उपलब्ध कराने एवं विद्यालयों में भाषा विसंगति को सुधार कर शिक्षकों की पदस्थापन करवाने की मांग की. षाड़ंगी ने उड़िया उच्च विद्यालय, खंदामौदा, बहरागोड़ा की 84वीं वर्षगांठ पर 31 जनवरी के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया.

### अल्पसंख्यक रिपोर्ट कार्ड 2023 जारी

**रांची ।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर आमया संगठन ने झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकार, शिक्षा और भाषा से जुड़े मामलों पर अल्पसंख्यक रिपोर्ट कार्ड 2023 जारी किया है. मौके पर आमया के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि अल्पसंख्यकों को संविधान में मिले अधिकारों को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है. समानता, न्याय और अधिकार मिल नहीं पा रहा है. झारखंड में स्थिति और भी विकट है. संयुक्त बिहार के दौरान मिले अधिकार भी छीने जा रहे हैं. अब तक अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के लिए नियम नहीं बनाये जा सके हैं, जिस कारण इन संस्थानों को अल्पसंख्यक का दर्जा नहीं मिल पा रहा है.

**राज्यभर के पीडीएस डीलर्स ने दिया अल्टीमेटम**

# मांगें नहीं मानी गयीं, तो एक जनवरी से हड़ताल

संवाददाता ।रांची

राज्यभर के पीडीएस डीलरों ने अल्टीमेटम दिया है कि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो एक जनवरी से हड़ताल पर चले जाएंगे. राज्यभर में 26 हजार पीडीएस डीलर हैं। फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने कहा कि एसोसिएशन की दस सूत्री मांगे पिछले दो साल से लंबित है. सरकार से सिर्फ आश्वासन ही मिलता है. इससे पीडीएस डीलर अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं. इसके पहले आंदोलन की रणनीति के लिए सोमवार को एसोसिएशन की बैठक हुई. इसमें आंदोलन की रणनीति बनायी गयी.



### क्या हैं प्रमुख मांगें

- अनुकंपा पर बहाली की व्यवस्था फिर से शुरू की जाए
- 2021 में कोविड के दौरान बांटे गए राशन का कमीशन दिया जाए
- महंगाई को ध्यान में रखते हुए कमिश्न राशि तीन रुपये की जाए
- ई-पॉश मशीन में टू जी सिम दिया गया है, इसे फोर जी किया जाए
- गुजरात सरकार की तर्ज पर प्रति महीने तीस हजार रुपये मानदेय का भुगतान किया जाए

CLASSIFIED





















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


पेज 14

www.lagatar.in | मंगलवार, 19 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 241 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

### सीएम, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सचेतकों और विस पदाधिकारियों के लिए गठित समिति की अनुशंसा

# माननीयों का बढ़ेगा वेतन-भत्ता

सत्य शरण मिश्रा। रांची

झारखंड विधायकों के बाद अब मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक और विधानसभा के पदाधिकारियों का वेतन और भत्ता बढ़ेगा. इसके लिए गठित विधानसभा की विशेष समिति ने सोमवार को सदन में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है. समिति ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के मूल वेतन में 20 हजार रुपए बढ़ोतरी करने की अनुशंसा की है. वहीं क्षेत्रीय और सत्कार भत्ता में 25 हजार रुपए बढ़ाने की अनुंशसा की है. अभी मुख्यमंत्री को वेतन और क्षेत्रीय एवं सत्कार भत्ता में 2.20 लाख रुपए मिलते हैं. अब इसमें 45 हजार की बढ़ोतरी होगी. सीएम को वेतन और इन दोनों भत्तों को मिला कर 2.65 लाख रुपए मिलेंगे. वहीं मंत्रियों को अभी मूल वेतन 65 हजार रुपए मिलते हैं. क्षेत्रीय भत्ता में 80 हजार और सत्कार भत्ता में 45 हजार रुपए प्रतिमाह मिलता है.

मंत्रियों को वेतन और इन दोनों भत्तों के मद में अभी 1.90 लाख रुपए मिलते हैं. अब इसमें 45 हजार की बढ़ोतरी होने के बाद मंत्रियों को हर महीने 2.35 लाख वेतन भत्ते मिलेंगे. इसी तरह नेता प्रतिपक्ष और सचेतकों के भी मूल वेतन 20 हजार और क्षेत्रीय एवं सत्कार भत्ते 25 हजार बढ़ेंगे.

**सचेतकों को भी मुख्य सचेतक के बराबर भत्ता मिलेगा :** उप मुख्य सचेतक और सचेतक को प्रतिमाह 50 हजार रुपये वेतन मिलते हैं, जबकि सचेतक को 40 हजार रुपए प्रतिमाह मिलते हैं. इन दोनों के मूल वेतन में 20-20 हजार रुपए की बढ़ोतरी की अनुसंशा की गई है. सत्कार और क्षेत्रीय भत्ता इन्हें मुख्य सचेतक के बराबर दिया जाएगा.

### ये भी हुई अनुशंसा

मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सचेतकों और विधानसभा पदाधिकारियों के वेतन और क्षेत्रीय एवं सत्कार भत्ते के अलावा प्रभारी भत्ता में भी 1 हजार से 1500 रुपए तक की बढ़ोतरी की अनुशंसा की गई है. मुख्यमंत्री और मंत्रियों को 4 फीसदी वार्षिक ब्याज पर 50 लाख रुपए का आवास ऋण देने की भी अनुशंसा की गई है. अभी इसकी सीमा 40 लाख रुपए तक है.

**शुभम संदेश ने 23 नवंबर को छापी थी खबर**



9 साल में 45 करोड़ रुपये टैक्स भरा गया

### विशेष समिति में शामिल थे ये लोग

सीएम, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सचेतकों और विधानसभा पदाधिकारियों के वेतन भत्ते की समीक्षा के लिए बनी विशेष समिति में 13 लोग थे. इसमें 5 विधानसभा के सदस्य हैं. भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी समिति के संयोजक बनाये गये थे, जबकि प्रदीप यादव, भानु प्रताप शाही, दीपिका पांडेय सिंह और समीर मोहंती सदस्य के रूप में शामिल थे. वहीं विधानसभा सचिवालय से भी 8 पदाधिकारी समिति में थे.

### हंगामे के बीच 8111 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

रांची। झारखंड विधानसभा के दूसरे दिन भाजपा ने सदन के अंदर और बाहर धीरज साहू प्रकरण को लेकर खूब हंगामा किया. हंगामे के बीच ही सरकार ने सदन में 8,111 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया. 11.07 में विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई. भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सदन में धीरज साहू का मामला उठाया. इस पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि यह राज्यसभा का विषय है. इस पर विधानसभा में क्या चर्चा हो सकती है. इसके बाद भाजपा विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया. हंगामे के बीच थोड़ी देर प्रश्नकाल चला. हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने 12.30 तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी. 12.33 में दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा विधायकों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया. पूरी खबर पेज 7 पर देखें




## मास्टरमाइंड की हर चाल सटीक हर कदम पर मिटाते गए साक्ष्य

### मोबाइल बरामद किए मास्टरमाइंड से कनेक्शन साबित करना मुश्किल

**शुभम संदेश इंवेस्टिगेशन**

रिजवान शम्स। धनबाद। जेल में यूपी के शूटर अमन सिंह हत्या की में पुलिस ने भले ही तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बना कर अनुंसधान को दिशा दी है, लेकिन हत्याकांड का मास्टर माइंड काफी शातिर है. अगर पूरी वारदात पर बारीकी से गौर करें, तो पता चलेगा कि मास्टरमाइंड की हर चाल बिल्कुल सटीक तरीके से चली गई है. शातिराना दिमाग ने यूपी से बुलाए गए शूटर रितेश यादव के पहुंचने से लेकर हत्या करने के बाद तक के साक्ष्यों को मिटाने के भरपूर प्रयास किए हैं. इन बातों को खंगालती **शुभम संदेश** की खास रिपोर्ट...

यूपी का एक शूटर अपना नाम बदल कर वाहन चोरी के आरोप में धनबाद जेल पहुंचता है. वह जेल में बंद शूटर अमन सिंह के साथ घुलता-मिलता है और फिर मौका पाकर उसकी हत्या कर देता है. हत्या के बाद पुलिस जेल में लगे सीसीटीवी की फुटेज से हत्यारे को पहचानती है. उसे पकड़ती है और फिर जेल कैंपस से दो पिस्टल बरामद करती है. करीब आठ मोबाइल बरामद होते हैं. पुलिस कांड में रितेश का साथ देने में विकास बजरंगी और सतीश उर्फ गांधी को भी नामजद अभियुक्त बनाती है. दोनों बताते हैं कि जेल में हथियार उन्हें राशन गोदाम में रखे एक झोले से मिले थे. पुलिस अनुसंधान के बीच कभी अमन के शार्गिद रहे आशीष उर्फ छोटू ऑडियो प्रसारित कर हत्या की जिम्मेवारी लेता है.

**चार्जफ्रेम के दिन ही बदल देंगे इकबालिया बयान :** इकबालिया बयान के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों को वापस जेल भेज दिया. उनके बयान के आधार पर पुलिस साक्ष्यों को खंगाल रही है. क्योंकि पुलिस को पता है कि कोर्ट में चार्जफ्रेम के दिन ही सारे आरोपी खुद को बेकसूर बताते हुए कहेंगे कि उनसे जबरन बयान पर हस्ताक्षर कराए गए हैं. वैसे भी पुलिस कस्टडी में दिए गए बयान के मुताबिक यदि साक्ष्य नहीं मिला, तो कोर्ट में इकबालिया बयान का कोई महत्व नहीं रह जाता है. ऐसे में पुलिस को बयान से जुड़े साक्ष्यों को तलाशना होगा, लेकिन खबर है कि मास्टर माइंड के शातिराना दिमाग ने पहले से ही साक्ष्यों को मिटाने का प्रबंध कर रखा था.

### बयान को सिद्ध किया तभी फंसेगी मास्टरमाइंड की गर्दन

इकबालिया बयान को मजबूती देने के लिए पुलिस को आशीष रंजन उर्फ छोटू, रितेश यादव, विकास बजरंगी और सतीश गांधी के बीच कनेक्शन साबित करना होगा. पुलिस के लिए यही सबसे बड़ा साक्ष्य होगा, जिससे मास्टरमाइंड की गर्दन पर पुलिस का शिकंजा कस सकता है. लेकिन यह काम पुलिस के लिए बहुत मुश्किल वाला होगा, क्योंकि पुलिस को इनके पास से कनेक्शन को साबित करने वाला हथियार यानी मोबाइल बरामद करने में कामयाबी नहीं मिली है.


अमन (फाइल फोटो)

## ब्रीफ खबरें

### नक्सली साजिश नाकाम 3 आईईडी बरामद

चाईबासा। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया. सोमवार को सुरक्षाबलों ने सोनुवा थाना क्षेत्र के केदाबुरु आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र से तीन आईईडी बरामद किये. तीनों आईईडी सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने प्लांट किये थे. दोनों आईईडी सुरक्षा दृष्टिकोण से उसी स्थान पर डिफ्यूज कर दिया गया.

### सीआई से सीओ में प्रमोशन पर लगी रोक हटाई गई

रांची। राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने राजस्व विभाग के सर्किल इंस्पेक्टर (सीआई) से सर्किल अफसर (सीओ) के पद पदोन्नति पर लगायी रोक वापस ले ली है. सोमवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट ने रोक वापस लेने के साथ राज्य सरकार को पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है. हाइकोर्ट ने 16 सितंबर 2021 को प्रमोशन देने पर रोक लगायी थी. मामले की अगली सुनवाई फरवरी में होगी. हाइकोर्ट के इस निर्देश के बाद झारखंड के करीब 80 सर्किल इंस्पेक्टरों, जो अंचल अधिकारी बनने की सभी अहर्ताओं को पूरा करते है, उनका प्रमोशन संभव हो पाएगा.

## एनआईए ने 8 को दबोचा

### जमशेदपुर -बोकारो समेत 4 राज्यों के 19 ठिकानों पर आईएसआई बल्लारी मॉड्यूल को लेकर हुई छापेमारी

संवाददाता। जमशेदपुर/बोकारो

आतंकी संगठन आईएसआईएस बल्लारी मॉड्यूल मामले में झारखंड समेत चार राज्यों के 19 ठिकानों पर एनआईए ने छापा मारा. सोमवार को हुई इस छापेमारी के दौरान एनआईए ने बल्लारी मॉड्यूल के नेता मिनाज सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. एनआईए की टीम ने बोकारो और जमशेदपुर में छापेमारी की है, तो वहीं कर्नाटक के बल्लारी व बेंगलुरु में छापा मारा. जो आठ आरोपित गिरफ्तार हुए हैं, वे आइएसआइएस के समर्थन में गतिविधियां संचालित कर रहे थे.

उनका नेतृत्व मिनाज उर्फ सुलेमान कर रहा था. इस छापेमारी में एनआईए को विस्फोटक सामग्री, जिनमें सल्फर, पोटैशियम नाइट्रेट, गन पाउडर, सुगर व इथेनॉल, धारदार हथियार, नकदी, आपत्तिजनक दस्तावेज, स्मार्ट फोन व अन्य उपकरण मिले हैं. एनआईए ने रेड में कर्नाटक, महाराष्ट्र, झारखंड व दिल्ली पुलिस का सहयोग लिया.

**जमशेदपुर से शाहबाज गिरफ्तार :** जमशेदपुर व अन्य शहरों से गिरफ्तार आरोपितों में बल्लारी से मिनाज उर्फ सुलेमान व सैयद समीर शामिल हैं. वहीं मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मुनीरुद्दीन, सईद समी उल्लाह, मुजम्मिल, दिल्ली से शयन रहमान उर्फ हुसैन और जमशेदपुर से शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डू शामिल है. बोकारो के चंदनकियारी में भी एनआईए ने एक व्यक्ति को उठाया था, लेकिन उसका मोबाइल जब्त करके पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया.

**बोकारो में असगर के बेटे के ठिकानों को खंगाला:** बोकारो के चंदनकियारी थानाक्षेत्र के सुतरीबेड़ा में असगर अली के घर पर सोमवार को एनआइए की टीम ने दबिश दी. इस दौरान एनआइए की टीम में कई सदस्य समेत कई थानों की पुलिस मौजूद थी. जानकारी के अनुसार टीम ने असगर अली के घर में छापेमारी करते हुए उनके छोटे बेटे से पूछताछ कर उसका मोबाइल जब्त कर लिया. एनआईए और पुलिस को मिलें है.

**एनक्रिप्टेड ऐप के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े थे :** एनआईए को जांच में जानकारी मिली है कि सभी आरोपित विस्फोटक सामग्री से आइईडी बनाने वाले थे. जिससे वे आतंकी गतिविधियों को संचालित करते थे. वे एक-दूसरे से एनक्रिप्टेड ऐप के जरिएजुड़े थे. हिंसा, जिहाद, खिलाफत व आइएसआइएस की आतंकी गतिविधियों का संचालन इसी ऐप के जरिए एक-दूसरे से करते थे. उनके निशाने पर कॉलेज छात्र थे, जिन्हें वे अपने समूह से जोड़ने के लिए प्रयासरत थे.

### होमगार्ड बहाली की दौड़ में युवक बेहोश, मौत

संवाददाता। पलामू

जिले के मेदिनीनगर पुलिस लाइन स्टेडियम में बीते एक सप्ताह से होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया चल रही है. रविवार को भी बहाली के लिए दौड़ का आयोजन किया गया था. इसी दौरान एक युवक बेहोश होकर गिर गया. ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मियों ने उसे एमसीसी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. युवक की पहचान मेदिनीनगर के रेड़मा निवासी विकास तिवारी के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि दौड़ के दौरान युवक बेहोश हो गया. बाद में उसकी मौत हो गयी. वहीं टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. बताया कि रविवार को आयोजित दौड़ में विकास तिवारी ने भी हिस्सा लिया था. अपनी बारी आने के बाद विकास तिवारी दौड़ के लिए लाइन में लगे. जैसे ही दौड़ शुरू हुई, विकास तिवारी बेहोश होकर गिर पड़े. इसके बाद वहां पर तैनात पुलिसकर्मी और अन्य लोगों ने विकास को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया. जहां चिकित्सकों ने विकास तिवारी को मृत घोषित कर दिया.

## 75 वर्षों से रेलवे कॉलोनी से पटरी तक पर कब्जा

### रेलवे ने जगह खाली करने के लिए 21वीं बार भेजा नोटिस, नहीं हटे एक भी दुकानदार

संवाददाता। धनबाद

धनबाद स्टेशन से सटी न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी से लेकर रेल पटरी तक रेलवे की जमीन पर 75 वर्षों से अवैध कब्जा है. रेलवे कॉलोनी की मुख्य सड़क पर लगभग एक किमी तक रोजाना 500 से अधिक रेडिमेड कपड़े व अन्य सामान की दुकानें लगती हैं. अतिक्रमण की वजह से सड़क काफी संकरी हो गई है, जिससे रेलकर्मियों के परिवार के साथ-साथ आम लोगों को भी परेशानी हो रही है. लेकिन रेलवे के अधिकारी और आरपीएफ के जिम्मेदार सिर्फ नोटिस भेजकर अपना कर्तव्य पूरा समझ लेते हैं. हर बार की की रेलवे ने जगह खाली करने के लिए अतिक्रमणकारियों को 21वीं बार नोटिस भेजा है, लेकिन पहले की तरह इस बार भी लोगों पर नोटिस का कोई असर नहीं हुआ. किसी भी दुकानदार ने दुाकन खाली नहीं की.

ज्ञात हो कि दो साल पहले आरपीएफ के अधिकारियों व जवानों ने बल पूर्वक हटाने की कोशिश की थी, लेकिन भारी विरोध के कारण अभियान रोकना पड़ा था. फिर दोबारा कभी आरपीएफ के पदाधिकारी नहीं गए. एक बुजुर्ग दुकानदार ने बताया कि आजादी के बाद से वर्ष 1948 से ही वहां दुकानें लग रही हैं. शुरुआत में दो-चार दुकानें लगती थीं. जैसे-जैसे आबादी बढ़ती गई, दुकानों की संख्या भी बढ़ती चली गई. इन दुकानों से एक हजार से अधिक परिवारों का भरण-पोषण हो रहा है. यदि रेलवे अधिकारियों को लग रहा है कि यह अतिक्रमण है, तो 75 साल पहले ही दुकानें नहीं लगने देते. आखिर गरीब जाएं तो कहां जाएं.

**न्यू स्टेशन को छोड़ एक दर्जन कॉलोनियों में चला बुल्डोजर:** लोगों का कहना है कि शहर में 21 कॉलोनियों में एक दर्जन में अफसरों ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटा दिया, लेकिन न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी में कोई कार्रवाई नहीं हुई. यहां तक कि धनबाद स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चला और कुछ दिनों बाद ही दुकानें लग जाती थीं. लेकिन पिछले फरवरी में दुकानों को हटाने के बाद दोबारा दुकानें नहीं लगीं.


रेलवे कॉलोनी और रेल लाइन पर सजी दुकानें

### दुकानदारों से रोजाना 25 हजार की अवैध वसूली



नाम नहीं छापने के शर्त पर दुकानदारों ने बताया कि हर दुकानदार वर्दीधारियों को रोजाना 50 रुपये देता है. 500 दुकानों से 25 हजार की वसूली हो रही है. वर्दीधारियों का एक आदमी पैसे वसूली का काम करता है. पैसा नहीं देने पर दुकानें उजाड़ दी जाती हैं. कोई ठेला, तो कोई बांस-बल्ली के साथ ऊपर से प्लास्टिक लगाकर व नीचे चौंकी बिछाकर दुकानदारी करता है. यह सब कुछ अधिकारियों के मौन समर्थन पर हो रहा है.

**अजब हालात**

### 1 लाख 40 हजार लाभुकों को अभी तक सिर्फ अप्रैल माह का ही राशन मिला

# ग्रीन कार्डधारियों को 8 माह से नहीं मिला राशन

संवाददाता। धनबाद

जिला आपूर्ति विभाग के तमाम दावों के बाद भी जिले में ग्रीनकार्ड धारियों के बकाए राशन का वितरण पूरा नहीं हो रहा है. साल की समाप्ति में अब कुछ ही दिन शेष रह रह गए हैं, लेकिन 1 लाख 40 हजार लाभुकों को सिर्फ अप्रैल माह का ही राशन अभी तक मिला है.

इस संबंध में आपूर्ति विभाग के नाजिर ने बताया सरकार हमें जितना राशि उपलब्ध करा रही है, उसका वितरण किया जा रहा है. अभी तक हमलोग अप्रैल माह का राशन बांटा जा चुका है. यह बात सच है कि अभी भी मई से दिसंबर तक बकाया रह गया है. जब सरकार एक साथ या किस्तों में बकाया राशन उपलब्ध कराएगी, तो तभी इसका समाधान संभव है. अभी हर माह एक माह का ही राशन आ रहा है, इसलिए बैक डेट से राशन की आपूर्ति की जा रही है.



### खास बातें

- नाजिर ने कहा-जितनी राशि मिलती है, उतना राशन दे रहे
- मई से दिसंबर तक का राशन रह गया है लाभुकों का बकाया

## अभी तक सिर्फ अप्रैल माह का मिला है राशन

### अगस्त में वितरण हुआ था बंद

पिछले साल अगस्त में अनाज की कमी होने के कारण ग्रीन कार्डधारियों का राशन वितरण बंद हो गया था, यह सिलसिला मार्च 2023 तक जारी रहा. कोलकाता की एसआर राइस मिल से करार होने के बाद अप्रैल से राशन वितरण का काम शुरू हुआ. पिछले साल का बकाया राशन चुकाने में दिसंबर माह बीत चुका है, लेकिन बकाया खत्म नहीं हुआ है. ज्ञात हो की कोरोना काल यानी 2020 में राज्य सरकार ने ग्रीन कार्ड राशन योजना शुरू की थी. अंत्योदय एवं लाल कार्ड से वंचित लोगों के लिए यह योजना थी. जिसमें प्रत्येक लाभुक को सिर्फ 5 किलो पैकेट वाला चावल दिया जाता है. योजना शुरू होने के चंद माह बाद से अनाज की कमी होने लगी थी. जिसके कारण बीच बीच में वितरण का काम रुक जाने लगा.

### योजना के नाम पर खानापूर्ति

लाभुकों का कहना है कि सरकार ने कम आय वाले लोगों को लॉली पप थमाने का काम किया है. आज भी अनाज वितरण होने के बाद भी सभी को हर माह अनाज नहीं मिल रहा है. महुदा के सिंगडा पंचायत निवासी साहिल अंसारी, जानी बाबू अंसारी, अब्दुल कलाम अंसारी, बेलाल अंसारी ने बताया की हमलोग के पास ग्रीन कार्ड है. लेकिन हर माह राशन नहीं मिलता है. बकाया तो हमलोग का बहुत लंबा है, वो तो कभी मिलेगा नहीं. लेकिन जो सबको मिल रहा है, वो भी हमे नसीब नहीं हो रहा है. पीडीएस डीलर हर बार जाने पर कहता है, राशन अभी आया नहीं है, आयेगा तो मिल जायेगा. किसी माह राशन देता है तो किसी माह नहीं भी देता है. शिकायत करने से कोई फायदा नहीं, कोई सुनवाई नहीं होती है.

## नक्सलियों से मुठभेड़ में थानेदार घायल, रिम्स रेफर

संवाददाता। रंका (गढ़वा)

गढ़वा जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र के ढेंगुरा गांव के समीप स्थित जंगल में रविवार की देर रात्रि पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई. इस घटना में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा घायल हो गए हैं. यह घटना रात्रि 11 बजे के बाद की बताई जा रही है. उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है.

पुलिस के अनुसार ढेंगुरा गांव के जंगल में नक्सलियों के छिपे होने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. सूचना पाकर रंका थाना प्रभारी दल-बल के साथ ढेंगुरा जंगल पहुंचे. पुलिस जैसे ही जंगल में पहुंची नक्सलियों ने गोली चलानी शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस में भी मोर्चा संभाल लिया और दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई. दोनों ओर से कई घंटे तक गोली चली. मुठभेड़ की इस घटना में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को दो गोली लगी. एक गोली हाथ की कलाई में लगी और एक गोली उनको सीने में लगी थी. बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने के कारण सीने में लगी गोली का असर नहीं हुआ.

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मुठभेड़ में दो नक्सली भी मारे गए हैं.नक्सलियों के शव को खोजने के लिए तीन थाना रंका, रमकंडा और चीनियां थाना की पुलिस सर्च अभियान चला रही है. काफी दिनों के बाद इस क्षेत्र में नक्सलियों के होने एवं मुठभेड़ होने की खबर से आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है. एसपी पूरी घटना पर नजर बनाए हुए हैं. पुलिस का सर्च अभियान जारी है. इस संबंध में एसपी गढ़वा दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को मुठभेड़ के दौरान कलाई में गोली लगी है. नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का सर्च अभियान जारी है.



### खास बातें

- दो नक्सलियों के मारे जाने की संभावना जतायी गयी
- पुलिस इलाके में चला रही है सर्च अभियान : एसपी

## ब्रीफ खबरें

### नगर निगम ने की अलाव की व्यवस्था

**धनबाद ।** नगर निगम द्वारा बढ़ी ठंढ के मद्देनजर सोमवार शाम से शहर के चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की गई है. सोमवार से शुरू की गई अलाव की व्यवस्था बस स्टैंड, रणधीर वर्मा चौक, सिटी सेंटर, श्रमिक चौक, बैंक मोड़ आदि चौक चौराहे पर की गई है. बता दें कि सोमवार को धनबाद में तापमान गिरकर 9 डिग्री हो गया है. इस ठिठुरती ठंढी में चौक चौराहे पर की गई अलाव की व्यवस्था से आम लोगों को काफी राहत मिलेगी.

### 22 से नए भवन में पुलिस कप्तान का कार्यालय

**धनदाद ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 दिसंबर को धनबाद आ रहे हैं, यहां बलियापुर में आयोजित कार्यक्रम के अलावा मुख्यमंत्री एसएसपी कार्यालय के नव निर्मित भवन का भी उद्घाटन करेंगे. इसके लिए पुलिस महकमा तैयारियों में जुट गया है. एसएसपी संजीव कुमार ने संबंधित विषय पर ग्रामीण व शहरी पुलिस अधीक्षक, परिवहन परिचारी पुलिस केंद्र समेत अन्य पदाधिकारियों को आदेश जारी करते हुए कहा है कि कार्यक्रम को देखते सभी शाखा के अभिलेखों का संधारण समारोह से पूर्व ही करना है.

### इग्नू में नवनामांकित छात्राओं का परिचय

**धनबाद ।** एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में 18 दिसंबर को इग्नू के परिचय सत्र का आयोजन किया गया. जिसमें जुलाई 2023 में नामांकित 20 छात्राओं ने हिस्सा लिया. कॉलेज की प्राचार्य सह इग्नू स्टडी सेंटर समन्वयक डॉ शर्मिला रानी ने सभी छात्राओं का स्वागत किया तथा इग्नू के विषय में जानकारी दी. इग्नू की कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. शोभा सरिता ने विभिन्न कोर्स, असाइनमेंट्स, परीक्षा की अवधि और डॉ. शांता बड़ाइक ने नये कोर्स, न्यूट्रिशन एवं डाइटिक्स के बारे में जानकारी दी.

### छात्राओं को निःशुल्क कराया जाएगा कोर्स

**धनबाद ।** एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी (श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग) झारखंड सरकार के सौजन्य से मुख्यमंत्री सारथी योजना -एक्सेल उपयोजना के अंतर्गत साई ब्यूटी एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया. इस दौरान सेमिनार में उपस्थित छात्राओं को स्वरोजगार के अवसर के विषय में जानकारी दी गई.

### यात्रियों से 8 लाख, 9 हजार रुपये जुर्माना

**धनबाद।** डीआरएम केके सिन्हा के निर्देश पर धनबाद रेल मंडल के ग्रैंडकॉर्ड और सीआईसी सेक्शन में विभिन्न ट्रेनों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना व सिंगरौली स्टेशनों पर स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान 2018 यात्रियों को पकड़ा गया. पकड़ाये यात्रियों से 08 लाख 09 हजार 80 रूपए जुर्माने की वसूली की गई. चेकिंग अभियान में 129 टीटीई और काफी संख्या में आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान शामिल थे.

### जीएन कॉलेज में जेंडर कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद ।** गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में इंडियन एसोसिएशन फॉर यूमेन स्टूडीज और कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में जेंडर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता इंडियन एसोसिएशान फॉर यूमंस स्टडीज, रांची की प्रभारी डॉ रंजना श्रीवास्तव तथा समन्वयक डॉ. ममता कुमारी ने कहा कि जेंडर बाइनरी नहीं बल्कि बाई मॉडल है. उन्होंने कई गतिविधियों द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक किया.

### कार्मेल स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन

**धनबाद ।** कार्मेल स्कूल, धनबाद के कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 18 दिसंबर को क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कैरोल्स, नृत्य और नाटक के माध्यम से यीशु मसीह के जन्म की खुशी व्यक्त किया. कार्यक्रम के दौरान सांता क्लॉज़ ने सभी बच्चों के बीच गिफ्ट और चॉकलेट का वितरण किया. कार्मेल कम्यूनिटी कॉलेज के विद्यार्थियों और साक्षरता कार्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.

# अमन हत्याकांड : मोबाइल हैं बेहद खास, नहीं मिल पाएगा रितेश का मोबाइल

संवाददाता । धनबाद

अमन सिंह हत्याकांड मामले में यूपी से धनबाद पहुंचे शूटर रितेश ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि वह जब आसनसोल पहुंचा तो उसे लेने के लिए एक अंजान व्यक्ति पहुंचा था, जो बिना नंबर की बाइक से आया था. फिर वहां से धनबाद आने के क्रम में उक्त व्यक्ति ने उसका मोबाइल ले लिया और उसे रास्ते में कहीं फेंक दिया था. यह वही मोबाइल है जिससे रितेश और आशीष के बीच बातचीत होती थी. उसने यह भी कहा कि मोबाइल का नंबर भी नहीं मालूम है.यानी रितेश के मोबाइल से सुराग पाने की कोशिश नहीं हो सकती है. कारण न तो पुलिस के पास वह मोबाइल है, न ही उसका नबंर मालूम है.


रितेश यादव


सतीश उर्फ गांधी


विकास बजरंगी


अमन सिंह

### सतीश गांधी ने मोबाइल शौचालय में डाल दिया

वारदात में रितेश का साथ देने वाले गांधी ने पुलिस को बताया है कि हत्या के बाद जब जेल में अफरा-तफरी का माहौल था, तब वह जेल के वार्ड नंबर पांच में चला गया. वहीं उसने शौचालय में अपना मोबाइल फोन तोड़कर डाल दिया. यह वही मोबाइल था, जिससे सतीश ने रितेश और आशीष के बीच जेल से बातचीत में प्रयोग किया था. इसी मोबाइल से वह आशीष समेत अन्य लोगों के संपर्क में रहता था. यह मोबाइल भी पुलिस बरामद नहीं कर पाई. यानी आशीष या वारदात के मास्टरमाइंड तक पहुंचने का यह रास्ता भी फिलहाल बंद है. मोबाइल बरामद होने से इनके बीच का कनेक्शन साबित करना आसान होता.

### बजरंगी ने भी तोड़कर फेंक दिया था मोबाइल

वारदात में जिसने रितेश को पिस्टल उपलब्ध कराई, यानी आशीष ने बजरंगी को बताया था कि पिस्टल जेल के राशन गोदाम में झोले में रखी है. बजरंगी और आशीष के बीच का कनेक्शन भी इस मोबाइल में छिपा है. सिम व मोबाइल को तोड़कर यह साक्ष्य भी खत्म करने का प्रयास हो चुका है. इसी फोन से नकली आईडी पर बजरंगी फेसबुक चलाता था .यानी मास्टरमाइंड और जेल के दूसरे सहयोगी के बीच कनेक्शन साबित करना मुश्किल है.

### कहां है कुख्यात अमन सिंह का मोबाइल

अमन सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि जब उसे गोली मारी गई तो वह कंबल ओढ़कर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था. यहां तक कि मरने के बाद उसके एक कान से इयरबड्स बरामद हुआ था. लेकिन जेल में उसके द्वारा प्रयोग किए जाने वाला मोबाइल नहीं मिल सका. कहीं मोबाइल गायब तो नहीं कर दिया गया. यानी अमन का मोबाइल बरामद नहीं होने तक मास्टरमाइंड के बारे में सुराग व सबूत से पुलिस दूर है

### जेल से बरामद आठ मोबाइल में अमन का कौन, छेड़छाड़ की भी संभावना

वारदात के बाद धनबाद जेल में तीन दिनों तक लगातार छापेमारी में आठ मोबाइल बरामद किए गए. इनमें से एक रेडमी का मोबाइल था, जो महिला वार्ड से बरामद किया गया. यह मोबाइल अमन की प्रमिका के पास से बरामद होने की बात कही जा रही है. पुलिस को इस मोबाइल की तफ्तीश सुराग तक ले जाने में मददगार हो सकती है. इनमें से कोई अमन सिंह का भी मोबाइल हो सकता है. हालांकि, एक मोबाइल में करीब 80 जीबी डेटा है. संदेह है कि ये मोबाइल अमन का हो सकता है. यहां दिक्कत इस बात की है कि यदि मोबाइल से छेड़छाड़ हुई तो फोरेंसिक एक्सपर्ट की रिपोर्ट पुलिस के फेवर में नहीं जा सकती है. क्योंकि सभी मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा जाना है. वहीं, वारदात में प्रयुक्त पिस्टल व अमन के शरीर में लगी गोलियों को भी बैलेस्टिक जांच से गुजरना होगा.

## नकाबपोश बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम

# कतरास में बंदूक की नोक पर दो लाख की छिनतई

संवाददाता । कतरास

सोमवार की शाम बाइक सवार तीन अपराधियों ने कतरास बाघमारा मुख्य मार्ग के लेडी डुमर पुल के समीप बाघमारा से तगादा कर लौट रहे पंचगडी निवासी रुस्तम अली कुरेशी से बंदूक की नोक पर मारपीट कर दो लाख रुपए की छिनतई कर ली .साथ ही उसकी मोटरसाइकिल की चाबी भी अपराधियों ने ले ली. वारदात को अंजाम देने के बाद सभी कतरास की ओर भाग निकले.घटना शाम 6:10 की है.

अपराधियों के जाने के बाद किसी तरह रुस्तम पास के एक मकान के पास लहूलुहान अवस्था में पहुंचा जहां लोगों को उसने घटना की जानकारी दी.खबर पाकर कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और भुक्तभोगी से घटना की जानकारी लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू किया.लेकिन पुलिस को किसी तरह का सुराग नहीं मिला.

**अंडा व्यापारी के लिए काम करता है :** भुक्तभोगी रुस्तम अली कुरैशी ने बताया कि वह फाटामाहुल मुखिया प्रतिनिधि बीरबल मंडल अंडा व्यापारी के लिए काम करता है.वह बाघमारा से तगादा कर वापस लौट रहा था.तभी लेडी डूमर के पास ओवरटेक कर तीन बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने उसकी बाइक को रोका और उसके सिर पर बंदूक से प्रहार कर रुपए से भरा बैग छीन लिया और मारपीट भी की.इस दौरान तीन अपराधी बम से उड़ानें की धमकी भी दे रहे थे. उल्लेखनीय है कि लेडी डूमर पुल के पास पूर्व में भी कई बार छिनतई की घटना घट चुकी है.पुल से संजीवनी अस्पताल तकलाइट की व्यवस्था नहीं रहने व सुनसान इलाका रहने के कारण अक्सर इस तरह की घटनाएं होती है.



### दिन रात वाहनों का आवागमन होता रहता है

कतरास बाघमारा मुख्य मार्ग के लेडी डूमर पुल दिन रात वाहनों व लोगों का आवागमन होता रहता है .बावजूद बीच सड़क पर छिनतई की घटनाएं होती रही है और किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया. भक्त भोगी के अनुसार एक मोटरसाइकिल सवार ने अपनी मोटरसाइकिल रोकना चाहिए थी तभी अपराधियों ने उसे पिस्तौल दिखाकर डरा दिया.

### मिला आश्वासन,अब नहीं जान देंगे पूर्व जिप अध्यक्ष रॉबिन

**धनबाद ।** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रॉबिन गोराई ने उपायुक्त से मिले आश्वासन के बाद जान देना टाल दिया है. रॉबिन गोराई सोमवार को उपायुक्त से मिलकर बताया कि कालूबथान थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनागोड़िया पंचायत के केथारडीह में मुखिया अशोक महतो के द्वारा धडल्ले से कोयला चोरी किया जा रहा है. इस पर धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. बुधवार को रॉबिन गोराई ने उपायुक्त को पत्र लिखकर कोयला चोरी पर रोक लगाने का आग्रह किया था. वहीं रोबिन ने कहा था कि यदि कोयला चोरी बन्द नहीं होती है तो वह उपायुक्त के गाड़ी के आगे कूदकर अपनी जान दे देंगे.

**अवैध कोयला जमा किया जाता है :** रोबिन ने कहा था कि अशोक महतो के द्वारा सीएमआर नामक कोल भट्टा में रोजाना करीब 400 से 500 टन अवैध कोयला जमा किया जाता है. जो रात 9 बजे से रात भर ट्रेक्टर से कई जगहों में भेजा जाता है.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- रेडक्रॉस का मुख्यालय कहां है - **जेनेवा**
- किस ग्रह पर ग्रेट रेड स्पॉट की खोज की गई है - **बृहस्पति**
- खारे पानी मे पैदा होने बाले पौधो को कहा जाता है - **लोफाइट्स**
- भारत का सबसे छोटे जिला का नाम - **माहे (पुडुचेरी)**
- सैयद वंश के संस्थापक कौन थे - **खिज्र खान**
- संयुक्त राष्ट्र का 193वां राष्ट्र - **दक्षिणी सूडान**
- बैटिंग ब्लॉक शब्दावली किस खेल से संबंधित है - **कबड्डी**
- विश्व का सबसे छोटा महासागर - **आर्कटिक**
- मानव ने आग का प्रयोग किस काल में प्रारंभ किया था - **नवपाषाण**

## कोर्ट कॉलम

# न्याय दिलाने वाले ही खौफ में हों तो कैसे मिलेगा न्याय

न्याय तक पहुंचने की सीढ़ी हमारे अधिवक्ता हैं. समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाते हैं, लेकिन सरकार की इनके प्रति भी कुछ जिम्मेदारियां हैं. इनमें जिम्मेवारियों में सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, खुद अधिवक्ता वर्ग अपनी सुरक्षा को लेकर कई बार आवाज बुलंद कर चुके हैं लेकिन इनको अब तक घोषणाओं और वादों के अलावा कुछ नहीं मिला. जबकि धनबाद में तो जेल जैसी जगह भी सुरक्षित नहीं रही. ऐसे में एक बार फिर धनबाद के अधिवक्ता शुभम संदेश के साथ अपनी आवाज को बुलंद कर रहे हैं.

### अधिनियम जल्द पारित हो : बिपल्व दास



अधिवक्ता बिपल्व दास कहते हैं कि अधिवक्ता अक्सर जोखिम भरा मुकदमे लड़ते हैं, जीत या हार दोनों हालतों में हमारे लिए परेशानी बनी रहती है, ऐसे में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट का लागू होना जरूरी है. सरकार इस अधिनियम को जल्द पारित करे.

### अधिवक्ताओं की सुरक्षा जरूरी : मो. इरफान



अधिवक्ता मो. इरफान का कहना है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा जरूरी मुद्दा है. यहां सरकार किसी तरह की राजनीति नहीं करे. बल्कि जल्द से जल्द से इस अधिनियम को लागू करने का काम करे. कोर्ट परिसर में भी सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था हो, ताकि हम खुलकर अपना काम कर सकें.

### तब होंगे बेखौफ अधिवक्ता : मो. जमाल



अधिवक्ता मो. जमाल कहते हैं कि आए दिन अधिवक्ताओं के साथ मुकदमेबाजी या फिर दुर्व्यवहार जैसे मामले सामने आते हैं. ऐसे में कोई कैसे काम करेगा,अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू होने से हमारा काम करना आसान होगा, बेखौफ होकर अधिवक्तागण मुकदमे में पक्ष रखने का काम करेंगे.

### कोर्ट परिसर की बढ़ाई जाए सुरक्षा : द्विवेदी



अधिवक्ता एके द्विवेदी का कहना है कि कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ाई जाए, यहां प्रवेश करने वाले द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे और नियमित रूप से चेकिंग हो, कोई भी संदिग्ध दिखे तो फौरन पकड़कर उसे पूछताछ की जाए, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का लागू होना जरूरी है. अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम फिलहाल दूर की कौड़ी है, लेकिन इस अधिनियम को लागू करने की वकीलों की पुरानी मांग है, सरकार को इस पर ध्यान देना होगा, ये समाज को न्याय दिलाने वाले वर्ग की मांग है, यदि न्याय दिलाने वाले ही खौफ में हो फिर न्याय कैसे मिलेगा.

# दलित महिला न्याय की मांग को लेकर बेमियादी अनशन पर

संवाददाता । धनबाद

सुदामडीह की रहने वाली दलित महिला सुशीला देवी अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर सोमवार 18 दिसंबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गई . पीड़िता ने बताया कि 15 अक्टूबर 2023 को बलियापुर थाना अंतर्गत रखितपुर के समीप बुद्ध नगर में राघवेंद्र पांडेय ,महेश कुमार सिन्हा व अन्य लोगों के द्वारा उनके साथ मारपीट की गई. जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गई थी . मामले की लिखित शिकायत बलियापुर थाने में की गई . जिसमे धारा 307 ,354 ,379 और (SC, ST ) के तहत केस दर्ज किया गया . बावजूद इसके आज तक पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई .आरोपी सिंदरी डीएसपी की मदद से खुलेआम घूम रहे हैं . उक्त जानकारी सिटी एसपी को भी दी गई . इसके बाद भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं होना यह बताता है कि पुलिस दलित महिलाओं के साथ भेदभाव कर रही है . इसलिए बाध्य होकर आज से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठ गई. कहा गया कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, यह आंदोलन जारी रहेगा.

# छात्र की बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

संवाददाता । धनबाद

धनबाद के बड़वाअड्डा स्थित सिंबोसिस पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र अजय कुमार साव (15 वर्ष) की सोमवार को स्कूल में अचानक तबीयत खराब हो गई. उसे आनन-फानन में असर्फी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया, जहां जांच में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया. सिंबोसिस पब्लिक स्कूल की प्राचार्य इंद्राणी घोष ने बताया कि छात्र अजय कुमार साव धूप में बेंच पर बैठा हुआ था. तभी अचानक उसे चक्कर आने लगा. थोड़ी देर में वह नीचे गिर गया. स्कूल के शिक्षक उसे इलाज के लिए तुरंत असर्फी अस्पताल ले गए, वहां से एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुराना बाजार में रहने वाले छात्र के परिजन और मेहल्ले के लोग भी एसएनएमएमसीएच पहुंच गए. अस्पताल में छात्र का शव देख कोहराम मच गया.



### 'विनोद बाबू के सपनों के झारखंड का निर्माण कर रहे हेमंत सोरेन'

**धनबाद।** सोमवार को झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा धनबाद स्टेशन पर स्थित स्व बिनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि बिनोद बाबू एक महान आंदोलनकारी के साथ समाज सुधारक थे. बिनोद बाबू द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने का जो कार्य किया गया था वह झारखण्ड के लिए वरदान साबित हुई है . राज्य में उनके द्वारा दर्जनों स्कूल, कॉलेज खोला गया था.

## भाकपा माले विनोद मिश्रा की 25 वीं पुण्यतिथि मनाई गई, वक्ताओं ने कहा

# मिश्रा का पुनर्गठन, विस्तार, सुदृढ़ीकरण में विशेष योगदान

संवाददाता । सिंदरी

भाकपा माले के तीसरे महासचिव विनोद मिश्रा की 25 वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस मौके पर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को याद किया गया. मौके पर वक्ताओं ने नक्सलवादी के बाद भाकपा माले के पुनर्गठन, विस्तार और सुदृढ़ीकरण में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा ऐतिहासिक योगदान को याद किया. उन्होंने कहा कि चारु मजूमदार के बाद केन्द्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया. हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं को शहादतें देनी पड़ी और दमन नीति झेलनी पड़ी. 29 नवंबर 1975 को वरिष्ठ नेता जौहर के बाद विनोद मिश्रा ने पार्टी का नेतृत्व संभाला था.

**बेहतरी और विस्तार को अंजाम दिया था :** बताया गया कि विनोद मिश्रा सामंतवाद विरोधी संघर्षों के उभार और ऊर्जा से भरपूर जन पहलकदमियों के बीच पार्टी की बेहतरी और विस्तार को अंजाम दिया था. नक्सलवादी विद्रोह आधुनिक भारत के लिए बड़ा मोड़ बिंदु रहा. इसके साथ भाकपा माले ने आकार ग्रहण करते हुए बहुआयामी विस्तार किया. पुनर्गठित भाकपा माले ने जनता की फौरी माँगों पर उन्हें गोलबंद करने पर जोर दिया. इसी के कारण इंडियन पीपुल्स फ्रंट का उदय हुआ. भोजपुर में बथानीटोला जनसंहार कुख्यात रणवीर सेना द्वारा किए जाने के बाद विनोद मिश्रा ने सांप्रदायिक लक्षण देखे. 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय में विनोद मिश्रा ने फासिस्ट चरित्र को देखा. वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार और योगदान पर फासीवाद को परास्त करने तथा शक्तिशाली लोकतांत्रिक भविष्य हासिल करने की भारत की लड़ाई में प्रेरणादायी दिशा निर्देश बने रहेंगे.

### बीएड परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक बदलाव

**धनबाद ।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के परीक्षा विभाग ने बीएड और एमए इन एजुकेशन की परीक्षाओं में आंशिक परिवर्तन किया है. 18 दिसंबर को जारी नए नोटिफिकेशन के अनुसार बीएड सेमेस्टर-2 सत्र 2022-24 और बीएड सेमेस्टर-4 सत्र 2021-23 की परीक्षाएं अब 21, 23, 27 और 28 दिसंबर को आयोजित की जाएंगी. वहीं नए नोटिफिकेशन के अनुसार एमए इन एजुकेशन सेमेस्टर-4 सत्र 2021-23 की परीक्षाएं 27 और 29 दिसंबर जबकि एमए इन एजुकेशन सेमेस्टर-2 सत्र 2022-24 की परीक्षाएं 27 और 29 दिसंबर और दो जनवरी को आयोजित की जाएंगी.

# खदान से निकलने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करे प्रबंधन:अशोक

संवाददाता । कतरास

बीसीसीएल क्षेत्र संख्या एक के मुराईडीह पैच ए के अवैध मुहाने को बंद करने के दौरान मजदूरों के फंसे होने की खबर शुभम संदेश में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद धनबाद जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह राकोमयू के संयुक्त महा मंत्री अशोक प्रकाश लाल ने क्षेत्र संख्या 01 के महा प्रबंधक पीयूष किशोर से उनके मोबाइल पर बात कर सर्व प्रथम मजदूर को सकुशल बाहर निकलने के लिए प्रबंधन को धन्यवाद दिया. तत्पश्चात लाल ने महा प्रबंधक पीयूष किशोर से पूछा कि क्या प्रबंधन ने मजदूरों पर प्राथमिकी दर्ज की है ताकि पता चल सके कि मजदूर किसके इशारे पर अवैध उत्खनन के लिए बंद खदान में घुसे थे. महा प्रबंधक ने लाल के सवालों का ठीक से जवाब देने से आना कानी कर दिया .

**प्राथमिकी दर्ज करानी चाहिए :** लाल ने कहा कि प्रबंधन को मजदूरों पर प्राथमिकी दर्ज करानी चाहिए ताकि कोयला तस्करों के आकाओं का पता चल सके. अगर बीसीसीएल प्राथमिकी दर्ज नहीं करती है तो शायद यह कहना ग़लत नहीं होगा कि बीसीसीएल अधिकारी के मौन समर्थन से ही इलाके में कोयले की तस्करी हो रही है। मालूम हो कि बीसीसीएल एरिया एक के मुराईडीह फ़ॉर ए पेच के बंद ओल्ड खदान की भराई कार्य के ठीक बाद अचानक शनिवार को बंद मुहाने के अंदर से बचाव बचाव की आवाज से वहां अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था.आनंद फानन में बंद मुहाने से मिट्टी व मलवे को हटाया गया.जिसके बाद मुहाने के अंदर से करीब एक दर्जन मजदूर बाहर निकले. बंद मुहाने से मजदूरों को निकलता देख वहां मौजूद लोग अबाक रह गए थे जिसकी खबर शुभम संदेश ने रविवार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था.

शुभम संदेश इंपैक्ट

## बीसीसीएल प्रबंधन पर मनमानी का आरोप, रास्ते को लेकर हुई नोकझोंक

# सड़क बंद करने से ग्रामीणों में रोष, उत्पादन कराया ठप

संवाददाता । निरसा

बीसीसीएल एरिया 12 के दहीबाड़ी परियोजना प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ सोमवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर जमकर हंगामा करते हुए उत्पादन कार्य ठप करा दिया. इस दौरान ग्रामीण एवं प्रबंधन के बीच कई बार नोकझोंक भी हुई. ग्रामीणों का आरोप है कि बीसीसीएल प्रबंधन ने रात के अंधेरे में बेनगड़िया से मुगमा जाने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया. सुबह होते ही यह खबर ग्रामीणों के बीच आग की तरह फैल गयी. देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परियोजना स्थल पर पहुंच गए. ग्रामीणों ने बताया कि बीसीसीएल प्रबंधन निजी स्वार्थ के लिए पीडब्ल्यूडी सड़क को नष्ट कर दिया है. प्रबंधन के इस मनमानी से लगभग लगभग 50 हजार की आबादी को काफी संकट झेलना पड़ रहा है. क्योंकि यही एकमात्र रास्ता है जो निरसा, मुगमा, मैथन आदि को जोड़ता है. अचानक रात के अंधेरे में सड़क बंद कर देने से सुबह बच्चे विद्यालय व मरीज अस्पताल नहीं जा सके. सड़क रोक कर दिए जाने से हजारों लोगों को रोजी रोजगार में संकट आ गया. जब तक प्रबंधन यातायात के लिए सुचारू रूप से सड़क नहीं देता है तब तक परियोजना का कार्य पूरा तरह ठप रहेगा.



### 28 को मनाया जाएगा कांग्रेस का स्थापना दिवस

**धनबाद ।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हाउसिंग कॉलोनी कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष संतोष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई.बैठक में कांग्रेस स्थापना दिवस 28 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया गया. कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि आगामी 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए सभी कांग्रेस जन अपना सराहनीय सहयोग प्रदान करें. कहा गया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा देश के लिए दान करें एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान की पहल के तहत उक्त अभियान को सफल बनाना है. बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, योगेन्द्र सिंह योगी, सीता राणा, मंटु दास, जिला परिषद सदस्य राजेश राम, वकील बावरी उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### झामुमो ने बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि मनाई

**बेरमो।** झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि मनाई गई. झामुमो फुसरो नगर के अध्यक्ष दीपक महतो द्वारा आयोजित सोमवार को मकोली स्थित बिनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया. जिला सचिव जयनारायण महतो और मंत्री बेबी देवी के पुत्र राजू महतो ने कहा कि अलग राज्य झारखंड बिनोद बाबू की परिकल्पना का प्रतिफल है. उन्होंने कहा कि बिनोद बाबू के आदर्शों व उनके दिखाए मार्गों को आत्मसात करने की जरूरत है. मौके पर भोलू खान, गोविंद रजक, जयनाथ मेहता आदि शामिल थे.

### मधुमक्खी के हमले से चार लोग घायल

**कसमार (बोकारो)।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड मुख्यालय के सामने धधकिया मोड़ में सोमवार दोपहर को मधुमक्खियों के हमले से चार लोग घायल हो गये. इनमें से एक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. सभी को कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ बीपी गुप्ता की देखरेख में उनका चल रहा है. घायलों में मनोज मुखर्जी, काजल मुखर्जी, सीमांत कुमार सिंह और साहिल कुमार शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, धधकिया मोड़ के एक पेड़ में मधुमक्खियों ने छत्ता बनाया था.

### प्रसूता ने तीन बच्चों को दिया जन्म

**बोकारो।** कसमार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार देर रात गर्री पंचायत की एक प्रसूता ने तीन बच्चों को जन्म दिया है. जानकारी के अनुसार गर्री निवासी अनिल कुमार गोस्वामी की पत्नी सविता देवी को रविवार रात्रि प्रसव पीड़ा के बाद सीएचसी में भर्ती किया गया. जहां देर रविवार देर रात लगभग 2 बजे जीएनएम सावित्री कुमारी एवं एएनएम पार्वती कुमारी की देखरेख में प्रसूता ने दो बच्ची और एक बच्चे को जन्म दिया. उचित देखरेख व चिकित्सा के लिए तत्काल प्रसूता एवं तीनों बच्चों को सदर अस्पताल बोकारो भेजा गया.

### गुरु घासीदास का जयंती समारोह संपन्न

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के शारदा कॉलोनी स्थित मंदिर प्रांगण में बाबा गुरु घासीदास का जयंती सोमवार को धूमधाम से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया. पूजा में जजमान के रूप में पुजारी भोला भारती, इंदर बाबा, नीलू राम, रोहित जोहले शामिल थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार मिश्रा, भोला दिगार, ललन मल्लाह, राजू दिगार, कृष्णा रजवार आदि शामिल हुए. मौके पर मोहन बीपी, केशव साहू, मोहनलाल रात्रे, इंद्र प्रसाद सोनी, रामलाल अजगरे, ताराचंद हर्ष, तुलसी राम, कृष्णा कुर्रे आदि उपस्थित थे.

### सड़क की समस्या को लेकर हुई बैठक

**बोकारो।** बोकारो जिले के चास प्रखंड के चाकुलिया ग्राम पंचायत के टोला कुर्मीडीह में सोमवार को मुखिया प्रतिनिधि गोपाल रजवार की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई. बैठक में ग्रामीणों ने रजवार के समक्ष सड़क संबंधी समस्या रखी एवं इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की. मौके पर अजित रजवार, सिकंदर अंसारी और नेजाम अंसारी ने बताया कि कुर्मीडीह गांव में सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कई समस्या से जूझना पड़ रहा है. बैठक में निताई रजवार, संतोष रजवार आदि शामिल थे.

# महावीर कुटिया मंदिर में श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव संपन्न

संवददाता। गिरिडीह

महावीर कुटिया मंदिर में रविवार रात राम-जानकी विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. महोत्सव को लेकर कुटिया गली रोड स्थित प्राचीन सिद्धपीठ महावीर मंदिर से नीलकमल भरतिया, गोपाल खंडेलवाल, मिट्ठू खंडेलवाल, विजय शर्मा, लाला केडिया, संजय शर्मा, शशांक अग्रवाल समेत कई सदस्यों के नेतृत्व में भगवान राम की भव्य बारात निकली गयी. जिसको देखने के लिए श्रद्धालु की भारी भीड़ जुटी. आयोजक समिति के पदाधिकारियों ने परंपरा के अनुसार राम भगवान राम समेत बारातियों का स्वागत किया. जिसके बाद जयमाला की रस्म अदा की गयी. देर रात आयोजन समिति के सदस्य राजा दशरथ और राजा जनक का माता सीता का कन्यादान किया.



## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- किस राज्य में वाटर स्मार्ट किड अभियान शुरू किया गया – **मेघालय**
- नारंगी और बैगनी रंग के मिलने से कौन रंग बनता है – **हरा**
- सोना किस पदार्थ में घुल जाता है – **एक्वा रेजिया**
- दिल्ली कैंट की पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर – **कर्नल सुनीता बीएस**
- मयूर सिंहासन किसने बनवाया था – **शाहजहां**
- संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव कौन थे – **त्रिग्वेली**
- कालीबंगा राजस्थान के किस जिले में स्थित है – **हनुमानगढ़**
- कोलकाता नाइट राइडर्स का नया मेंटर – **गौतम गंभीर**
- महावीर ने जैन धर्म में कौन–सा सिद्धान्त जोड़ा था – **ब्रह्मचर्य**
- किस राज्य में महल नगर है – **हिमाचल प्रदेश**

## खरसान पंचायत में सोमवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम
# सरकार चाहती है योजनाओं का लाभ सभी को मिले : बीडीओ

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)



गावां प्रखंड के खरसान पंचायत में सोमवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ महेंद्र रविदास व बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही सरकार की सोच है.

ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें. उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है. शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ दिया गया ग्रामीणों ने दाखिल खारिज, अबुआ आवास, पेंशन, जाति, आवासीय, जॉब कार्ड आदि के संबंधित आवेदन दिया. शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए आवेदन भरा. शिविर में जॉब कार्ड, कम्बल, जेएसएलपीएस के तहत महिलाओं को चेक, फुलो झानो योजना के तहत महिलाओं को चेक, धोती साड़ी, कंबल, प्रमाण पत्र, मनरेगा मजदूरों के बीच जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया.

### बेंगाबाद पंचायत शिविर में 55 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को बेंगाबाद पंचायत में आयोजित शिविर में 55 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका निष्पादन किया गया. शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए. जिसमें अबुआ आवास के लिए 850 से अधिक आवेदन जमा किया गया, जबकि विभिन्न योजनाओं से कुल 1200 से आवेदन प्राप्त हुआ. शिविर में जेएसएलपीएस के माध्यम से एसएचजी के सात समूहों के बीच 16 लाख का चेक वितरण किया गया. शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख मीना देवी, बीडीओ निशा कुमारी, सीओ राजेश डुंगडुंग, मुखिया प्रभा सिंह, समाजसेवी विजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया.



शिविर के दौरान मुखिया प्रभा सिंह ने कहा कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है. योग्य लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके वह इसके लिए तत्पर हैं. मौके पर मुखिया मो शमीम, राजेश कुमार, सतीश कुमार, रूबी कुमारी, रीना कुमारी, मो जावेद, तरुण राय, नकुल रविदास, पवन राम, पवन सिंह, टिंकू सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित हो रहे सभी शिविरों पर मैं नजर रख रहा हूं. जिन शिविरों में जा रहा हूं, वहां यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि वास्तव में लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं. मौके पर मुखिया रजिया खातून, शबाना आजमी, रणधीर चौधरी, मरगूब आलम, सोनू कुमार, इंद्रदेव सिंह, मकसूद आलम, रवींद्र बर्णवाल, निखिल मण्डल, प्रमोद, सीआई सुखदेव वर्मा आदि शामिल थे.

# कोयला चोरी पर अंकुश लगाएं : जीएम

संवाददाता। बेरमो

सीसीएल कथारा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में कोयला चोरी रोकने को लेकर बैठक हुई. बैठक में जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी आरके राणा, डीओ होल्डर, ट्रक मालिक और लोकल सेल के मजदूर शामिल थे. बता दें कि सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान से हो रही कोयला चोरी रोकने के लिए लोकल सेल के मजदूरों ने 17 दिसंबर को कोयला चोरों को खदेड़ा था. इसी मामले को लेकर सोमवार को बैठक हुई. बैठक में कोयला चोरी पर रोक लगाने पर चिंतन मनन किया. कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि जारंगडीह खुली खदान से हो रही चोरी को रोकने के लिए प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जायेगा.



**क्या है मामला**

जारंगडीह रेलवे साइडिंग के बगल में ही अवैध कोयला जमा किया जा रहा है और मोटरसाइकिल से उसकी ढुलाई निरंतर जारी है. पहले रात के अंधेरे में कोयला चोरी होता था, अब दिन के उजाले में हो रहा है. बैठक में महाप्रबंधक डीके गुप्ता के अलावा बोकारो थर्मल थाना प्रभारी आरके राणा, जारंगडीह खुली खदान के खान प्रबंधक बालगोविंद नायक, सीसीएल कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता, सीसीएल जारंगडीह सुरक्षा प्रभारी उमेश्वर प्रसाद तथा जारंगडीह सेल मजदूर, डीओ धारक, ट्रक ऑनर शामिल थे.

### 26 को सीएम आवास का होगा घेराव, हुई बैठक

**जरीडीह (बोकारो)।** जेटेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति जरीडीह प्रखंड की बैठक सोमवार को बीआरसी भवन परिसर में अजय कुमार नायक की अध्यक्षता में हुई. बैठक में आगामी 26 दिसंबर को वेतनमान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया. समिति के अध्यक्ष अजय नायक ने कहा कि बीते 120 दिनों से एक मांग वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष आमरण अनशन व धरना प्रदर्शन जारी है. जिसपर सरकार किसी प्रकार का सकारात्मक पहल नहीं कर रहा है. बैठक में अजय कुमार नायक, प्रेमचंद महतो, रंजीत कुमार, सतीश महतो, कामेश्वर, अनूप प्रजापति, देवंती, मंजू तिर्की, देव, युसूफ अंसारी, देवीलाल हेंब्रम आदि शामिल थे.

## गावां : प्लस टू हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा पर हुआ वर्कशॉप

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

उमंग फाउंडेशन ने सोमवार को गावां प्लस टू हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया. वर्कशॉप में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गयी. छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा सहित अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में बताया गया. विद्यालय के प्राधानाचार्य सुजीत कुमार राय ने कहा कि बाइक व चार पहिया वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें. सचिव पिंटू कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष देश व राज्य में हजारों की संख्या



में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे कई लोगों की जान गयी है. हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें. साथ ही अपने घर के सदस्यों, मित्रों व अन्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें. यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है. इसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है.

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन
# ग्रेविटी हाउस बना विजेता

संवाददाता। जरीडीह (बोकारो)

दी ओरिएंटल पब्लिक स्कूल जैनामोड़ में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि डीपीएस स्कूल बोकारो की मुख्य संरक्षक डॉ हेमलता एस मोहन मौजूद थीं. हेड गर्ल प्रिया कुमारी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में चारों हाउस के छात्रों द्वारा शपथ लिया गया. इसके बाद मुख्य अतिथि ने एकता और ज्ञान की भावना का प्रतीक मशाल जलाकर खेल मैदान को रोशन किया. मुख्य अतिथि डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से सफलता निश्चित मिलती है. इस खेलकूद कार्यक्रम में ग्रेविटी हाउस 445 अंकों के साथ विजेता बना. मॉडेस्टी हाउस ने 416 अंकों के साथ उपविजेता का स्थान हासिल किया. विजेताओं को डॉ हेमलता एस मोहन, निदेशक सह प्राचार्य डॉ. अमीर हुसैन ने भी सम्मानित किया.

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**तिसरी (गिरिडीह)।** बच्चों के शारीरिक विकास को लेकर अभिव्यक्ति फाउंडेशन द्वारा सोमवार को एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कोदाईबांक मैदान में किया गया. इस दौरान क्रिकेट, कुर्सी रेस और बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता कराया गया. इस खेल प्रतियोगिता में देवानजोत, दलपतडीह, सिरसिया, खटपोक, रानाडीह, कोदईबांक, बाघमारी, कर्णपुरा सहित कुल 10 गांव से बच्चों ने भाग लिया. विजेता, उपविजेता के अलावा सभी खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया. मौके पर भाजपा नेता रामी मरांडी ने कहा कि खेल कूद प्रतियोगिता से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है.

### कॉलेज में पेपर कटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद के कर्माटांड़ स्थित केएन.बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को पेपर कटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में बीएड सत्र 2022-24 एवं बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को कॉलेज प्रबंधन की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया. मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता के आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों में कलात्मक विकास की वृद्धि होती है. शिक्षक विनोद कुमार सुमन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से प्रशिक्षणार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है और उनमें कलात्मक क्रिया का विकास होता है. मौके पर पवन कुमार सुमन, डॉ राजेश रविदास, डॉ संतोष कुमार यादव, रीना साव, प्रकाश वर्द्धन, शंकर सिंह, नूतन शर्मा, निलेश लकड़ा आदि उपस्थित थे.

## लायंस क्लब व मोहिनी देवी ट्रस्ट ने बांटे गर्म कपड़े

संवाददाता। गिरिडीह

लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट व मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गंगापुर गांव के करीब 200 आदिवासी बच्चों व महिलाओं के बीच शॉल और स्वेटर का वितरण किया गया. कनकनी वाले ठंड में शॉल और स्वेटर पाकर सभी काफी खुश नजर आये. इस कार्य के लिये ग्रामीणों ने क्लब के सदस्यों का आभार जताते हुए उन्हें साधुवाद दिया. इसके बाद लायंस क्लब और मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने उसरी फॉल में वनभोज का भी आयोजन किया. जिसमें आगामी वर्ष में होने वाले क्लब के क्रियाकलापों पर विस्तार से चर्चा की गयी. क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि ठंड को देखते हुए जरुरतमंद आदिवासी महिलाओं व बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया.

**कार्यक्रम में इनका रहा योगदान**

कार्यक्रम में मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी लायन राहुल कुमार, लायन डॉक्टर दीपक कुमार और क्लब निदेशक लायन संजय कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा.
कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश, क्लब निदेशक लायन संजय कुमार सिंह, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन राजेश गुप्ता, क्लब सचिव लायन राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष लायन मसरूर आलम सिद्दीकी, निदेशक लायन परमजीत सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद, लायन डॉक्टर दीपक कुमार, लायन डॉक्टर रईस अंसारी, लायन डॉक्टर सुमन कुमार, लायन विकास गुप्ता आदि उपस्थित थे.

## मुखिया के नेतृत्व में महिलाओं ने की सफाई

संवाददाता। बोकारो थर्मल

मुखिया के नेतृत्व में महिलाओं ने की सफाईबोकारो थर्मल : बेरमो प्रखंड के गोविंदपुर डी पंचायत की मुखिया चंदना मिश्रा ने स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ायी है. इस कड़ी में सोमवार को मुखिया चंदना मिश्रा के नेतृत्व में पंचायत की महिलाओं और बोकारो थर्मल सीआईएसएफ के जवानों ने विवेकानंद फुटबॉल ग्राउंड में सफाई अभियान चलाया गया.

इस अभियान को लेकर आम व खास लोगों में भी जागरूकता देखने को मिली. मुखिया जब फुटबॉल मैदान में झाड़ू लेकर सफाई लेकर पहुंची, तो बोकारो थर्मल थाना प्रभारी रूपेंद्र कुमार राणा, बीरेन कुमार सेठी, देवंती देवी, वार्ड सदस्य राजेश दुबे, सुधा देवी, संगीता शर्मा, अंजना देवी और महिला समूह के दीदीयों ने ग्राउंड के अंदर जगह-जगह पड़े पॉलिथिन, प्लास्टिक ग्लास के टूटे हुए शीशा आदि कचड़े की सफाई की दी.

लेख्य प्रमाणक महोदय, चतरा
**शपथ पत्र**

मैं अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN) पिता स्व अब्दुल गफुर (LATE ABDUL GAFUR), उम्र 73 वर्ष, जाति – कलाल एराकी, धर्म – इस्लाम (मुस्लीम), पेशा – कृषि, राष्ट्रीयता– भारतीय, पता ग्राम मिश्रौल, पो. – खद्यैया, थाना–टण्डवा, जिला– चतरा (झारखंड), पिन कोड – 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि –
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पैन कार्ड सं. BBQPH8872M एवं आधार कार्ड संख्या – 9536 9199 8893 में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (A B D A L H U S S A I N) पिता अब्दुल गफुर (ABDUL GAFUR) है। जो मेरा एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक जन्मतिथि 01.01.950 है, जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अंकित है।
4. यह कि मेरी पत्नी का नाम अशरुननिशा (ASHRUNNISA) है।
5. यह कि मेरे पासपोर्ट सं. H3883829 एवं पासपोर्ट फाईल नं. RCHA00867009 में भूलवश मेरा नाम अब्दुल हुसैन (A B D U L HUSSAIN) मेरे पिता का नाम अब्दुल गौर (ABDUL GAUR) एवं पत्नी का नाम असारुन निशा (A S A R U N NISHA) हो गया है।
6. यह कि मेरे उपोक्त पासपोर्ट में मेरा जन्मतिथि भी भूलवश 12.06.1946 अंकित हो गया है।
7. यह कि मैं अपने उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (A B D A L HUSSAIN), मेरे पिता का नाम अब्दुल गफुर (ABDUL GAFUR) एवं मेरी पत्नी का नाम अशरुननिशा (ASHRUNNISA) करने हेतु यह शपथ पत्र तैयार कर रहा हूं।

शपथ पत्र संख्या 2141/13.12.23

लेख्य प्रमाणक महोदय, चतरा
**शपथ पत्र**

मैं अशरुननिशा (ASHRUNNISA) पति अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN), उम्र 75 वर्ष, जाति – कलाल एराकी, धर्म – इस्लाम (मुस्लीम), पेशा – कृषि, राष्ट्रीयता– भारतीय, पता ग्राम मिश्रौल, पो. – खद्यैया, थाना–टण्डवा, जिला– चतरा (झारखंड), पिन कोड – 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि –
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरे वोटर आई.डी. कार्ड सं. M N K 2216208 एवं आधार कार्ड संख्या – 4530 4302 0375 में मेरा नाम अशरुननिशा (ASHRUNNISA) पति अब्दाल हुसैन (A B D A L HUSSAIN) है। जो मेरा एवं मेरे पति का वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1948 है, जो मेरे आधार कार्ड एवं वोटर आई.डी. कार्ड में अंकित है।
4. यह कि मेरे पासपोर्ट सं. H3883830 एवं पासपोर्ट फाईल नं. RCHA00867309 में भूलवश मेरा नाम अशरुन निशा (A S A R U N NISHA) एवं जन्म तिथि 18.09.1953 अंकित हो गया है।
5. यह कि मैं उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा नाम अशरुननिशा (ASHRUNNISA) एवं जन्मतिथि 01.01.1948 करने हेतु यह शपथ पत्र तैयार कर रही हूं।

शपथ पत्र संख्या 2142/13.12.23

### उप-मुख्य अभियंता से मिला प्रतिनिधिमंडल

**बेरमो।** विस्थापित संघर्ष समिति, गोमिया का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मध्य रेलवे के उप-मुख्य अभियंता से हजारीबाग स्थित उनके कार्यालय में मिला. इसकानेतृत्व विस्थापित संघर्ष समिति के सचिव राकेश कुमार एवं सीटू नेता गणेश कुमार ने किया. प्रतिनिधिमंडल ने एक मांग पत्र सौंपते हुए उप-मुख्य अभियंता से कहा कुछ दिनों पूर्व ही रेल ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ था, लेकिन अचानक दो-तीन दिनों के बाद काम को बंद कर दिया गया है जो अनुचित व अव्यावहारिक है. उप-मुख्य अभियंता ने आश्वासन दिया है तमाम बाधाओं को दूर करते हुए इसी माह रेल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पुनः चालू कर दिया जाएगा.

## संकल्प सभा — भाकपा माले की भाजपा हटाओ देश बचाओ में जमकर बरसे विधायक विनोद सिंह बोले-
# मोदी कार्यकाल में अडाणी-अंबानी के विकास की गारंटी

- जाति और धर्म के नाम पर ना करें वोट : पूर्व विधायक राजकुमार

संवाददाता । धनवार (गिरिडीह)



भाकपा माले की हाई स्कूल मैदान में सोमवार को भाजपा हटाओ देश बचाओ महारैली सह संकल्प सभा में बगोदर विधायक विनोद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए. महारैली को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि जनता को 2024 चुनाव की तैयारी में लग जानी चाहिए, क्योंकि इस बार भाजपा को केंद्र से हटाना काफी जरूरी है. क्योंकि मोदी गारंटी की बात की जा रही है, जबकि मोदी की गारंटी अदानी और अंबानी है. 2 लाख करोड़ का लोन जो अडानी और अंबानी ने लिया उसको पूछने वाला भी कोई नहीं है.

धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि जब तक आप लोग जाति और धर्म के नाम पर वोट करेंगे आपका अनाज लूट जाएगा. प्रखंड और अंचल कार्यालय में कोई भी काम के लिए जाइए तो बगैर चढ़ावा का कोई भी काम नहीं होता है. दाखिल खारिज के नाम पर ऑनलाइन में खाता और प्लॉट अगर छूट गया है तो उसके नाम पर चढ़ावा की मांग की जाती है. धनवार के गैर मजरूआ जमीन को यहां के अंचल अधिकारी और कर्मचारियों ने भू-माफिया के साथ मिलकर फर्जी कागज बनाकर बेच दिया है. खिजुरसोता में खेल मैदान है जो सैकड़ों बरसों से वहां के नौजवान युवा खेलने आ रहे हैं. एक खास व्यक्ति के द्वारा बताया जा रहा है कि यह जमीन उनकी जमीन है. यह जमीन खेल मैदान था और खेल मैदान ही रहेगा. जिनको जो कहना है और करना है करें, पार्टी सब देख लेगी. धनवार में जमीन लुटेरे जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं. गोडथम्बा में वहां के दलितों को 30 एकड़ जमीन मिला है. मगर माफिया फर्जी कागज बनाकर उसे भूदान की जमीन पर कब्जा करने नहीं दे रहे हैं. अंचल अधिकारी द्वारा वहां के दलितों को कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है. अगर ऐसा ही रहा तो भाकपा माले झंडा गाड़कर कब्जा दिलाने का कार्य करेगी. हम जान दे देंगे, लेकिन सर नहीं झुकाएंगे. उन्होंने कहा कि थाना में उल्टा राज चल रहा है, जो मार खाता है उसी पर ही केस होता है.

बाबूलाल मरांडी पर हमला बोलते हुए कहा कि धनवार के स्थानीय विधायक मरांडी ने कहा था कि हम कुतुब मीनार से कूद कर मर जाएंगे, लेकिन भाजपा में नहीं लौटेंगे. मगर वह उसी भाजपा के दुलरूआ बने हुये हैं. जनता विधायक और सांसद को खोजने में परेशान है, लेकिन वह खोजे नहीं मिल रहे हैं. इस संकल्प सभा में 2024 के चुनाव में भाजपा को हराने का संकल्प लिया. मौके पर रामेश्वर चौधरी, जयंती चौधरी, पिंकी भारती, सुभाष यादव, कयूम अंसारी, सगीर अंसारी, रामदेव यादव, शंकर पासवान सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### स्कूल से एमडीएम की सामग्री चुरा ले गये चोर

**तोपचांची।** प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय चिरुडीह को चोरों ने निशाना बनाया. रविवार देर रात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़ा और मिड डे मील बनाने वाली सामग्री चुरा कर ले गये. घटना के संबंध में स्कूल के शिक्षक हुलास चंद्र महतो ने बताया कि रात को स्कूल में चोरी हुई है. चोरों ने स्कूल में रखे मध्यान भोजन बनाने वाले सामग्री (डेग, कड़ाही, गिलास, प्रेशर कुकर, गैस सिलिंडर) चोरी करके भाग गये. चोरी होने से बच्चों के लिए मिड डे मील सोमवार को नहीं बन पाया. घटना के संबंध में तोपचांची थाना में लिखित शिकायत दी गयी है.

### बंधक बनाकर 14 लाख के छड़ की लूट

**गिरिडीह ।** जिले के बगोदर थाना इलाके के वनपुरा गांव के अरदली नदी में निर्माणाधीन पुल में दर्जन भर से अधिक हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोल कर पुल के समीप रखे करीब 14 लाख के टीएमटी सरिया के छड़ को लूट कर ले गए. बताया जाता है कि अपराधियों ने सोमवार सुबह निर्माणाधीन पुल के समीप बने एक कमरे में मौजूद दर्जन भर से अधिक मजदूरों की पिटाई कर उन्हें कमरे में बंद कर दिया. अपराधी इस दौरान आधे घंटे तक वहीं रुके रहे और घटना को अंजाम दिया. कमरे में सारे मजदूरों को बंधक बनाकर अपराधी इस दौरान 14 लाख के टीएमटी को एक ट्रक में लोड कर फरार हो गए.

### असामाजिक तत्वों ने कार में की तोड़फोड़

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना अंतर्गत सुभाषनगर के पास खड़ी कदमा निवासी अजय कुमार की कार पर रविवार देर रात असामजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की. बदमाशों ने अजय की कार का शीशा तोड़ दिया. सोमवार सुबह जब अजय उठे तक उन्हें घटना की जानकारी हुई. उन्होंने पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की. अजय ने गोविंदपुर थाना में मामले की लिखित शिकायत की है. अजय ने बताया कि वह कदमा शास्त्रीनगर के रहने वाले हैं. वे गोविंदपुर में अपने जीजा के घर आए थे. कार जीजा के घर के बाहर खड़ी थी.

### 12 दिनों से लापता है साकची का युवक

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत गुरुद्वारा बस्ती निवासी 23 वर्षीय रोहित बीते 9 दिसंबर से लापता है. अपने बेटे की तलाश के लिए मां आरती देवी लगातार थाने के चक्कर लगा रही है. आरती देवी ने बताया कि रोहित की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. वह पैदल ही कहीं भी चला जाता है. बीते 9 दिसंबर से रोहित घर से लापता है. वह किसी तरह जीवन-यापन कर रही है. कई बार थाने के भी चक्कर लगा चुकी है पर अब तक उनके बेटे की जानकारी नहीं मिल पाई है. आरती ने कहा कि अगर रोहित की कोई जानकारी मिलती है तो 9508227070 पर संपर्क कर जानकारी दे सकते है.

### फरार आरोपियों के घर पुलिस ने की छापेमारी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के मानगो डबल मर्डर मामले में सोमवार को पुलिस ने फरार आरोपियों के घर छापेमारी की. इस दौरान डीएसपी हेड क्वार्टर 1 वीरेंद्र राम, केस के अनुसंधानकर्ता अनुज कुमार और कपाली ओपी प्रभारी संदीप मौजूद रहे. टीम ने मामले में फरार चल रहे आरोपी मोइन अंसारी के कपाली स्थित आवास में छापेमारी की. हालांकि मोइन के घर पर महिलाओं के अलावा कोई मौजूद नहीं थी. पुलिस ने मोइन के घर से एक बाइक जब्त की है. पुलिस को शक है कि उक्त बाइक चोरी की हो सकती है. पुलिस ने जांच के लिए बाइक को जब्त किया है.

### नहर में डूबे व्यक्ति का शव एक दिन बाद मिला

**बेरमो ।** पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी महतो कुल्ही निवासी 58 वर्षीय जीवन महतो उर्फ खाडू महतो का शव बरामद कर लिया गया है. खाडू महतो रविवार की शाम को धधकीडीह स्थित तेनु बोकारो नहर में नहाने के क्रम में फिसलने से डूब गया था. सोमवार को करनडीह के समीप नहर में मिला. सूचना पाकर पेटरवार पुलिस दलबल के साथ करनडीह पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से शव को नहर से बाहर निकाला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया. बता दें कि जीवन महतो किसान था.

---

पुलिस पदाधिकारियों में अनुसंधान लटकाने की प्रवृत्ति हावी

# झारखंड में 41,919 केस हैं लंबित

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के विभिन्न जिलों में अनुसंधान के नाम पर हजारों मामले लंबित हैं. इतने बड़े पैमाने पर केस पेंडिंग देख कर कहा जा सकता है कि पुलिस लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रति गंभीर नहीं है. शायद यही कारण है कि राज्य के अगल-अलग जिलों में अनुसंधान के नाम पर पुलिस ने 41,919 मामलों को लटका कर रखा है. इनमें 28497 मामले गंभीर और 13422 मामले साधारण प्रवृति के हैं.

**जिले में कितने मामले अनुसंधान के लिए लंबित**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची : | 10143 | लातेहार : | 927 | दुमका : | 1085 |
| खूंटी : | 367 | गढ़वा : | 1652 | गोड्डा : | 709 |
| गुमला : | 610 | हजारीबाग : | 3703 | जामताड़ा : | 463 |
| सिमडेगा : | 193 | रामगढ़ : | 524 | देवघर : | 2630 |
| लोहरदगा : | 525 | कोडरमा : | 444 | साहिबगंज : | 1572 |
| चाईबासा : | 806 | चतरा : | 1513 | पाकुड : | 421 |
| सरायकेला : | 964 | गिरिडीह : | 202 | रेल धनबाद : | 340 |
| जमशेदपुर : | 1930 | धनबाद : | 4004 | रेल जमशेदपुर : | 87 |
| पलामू : | 1991 | बोकारो : | 2290 | कुल : | 41919 |

### सड़क पार कर रहे राहगीर को ट्रक ने कुचला, मौत

**जमशेदपुर ।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत टाटानगर रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप स्टेशन रोड में रविवार देर रात भारी वाहन की चपेट में आकर एक राहगीर की मौत हो गई. घटना के बाद वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर रेल पुलिस (जीआरपी) थाना के पास शव गृह में रखवा दिया. फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त व्यक्ति पैदल ही सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान किसी भारी वाहन ने उसे टक्कर मार दी और उसके सिर के ऊपर से ट्रक का चक्का पार कर गया. जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई.

आओ जानें

**न्याय दिलाने में राज्यों का स्थान**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तेलंगाना | 1 | हरियाणा | 12 |
| तमिलनाडु | 6 | उत्तराखंड | 5 |
| कर्नाटक | 2 | राजस्थान | 14 |
| गुजरात | 8 | बिहार | 16 |
| आंध्रप्रदेश | 3 | पश्चिम बंगाल | 18 |
| केरला | 17 | उत्तरप्रदेश | 15 |
| झारखंड | 11 | सिक्किम | 01 |
| मध्यप्रदेश | 7 | अरुणाचल प्रदेश | 02 |
| छत्तीसगढ़ | 9 | त्रिपुरा | 07 |
| ओडिसा | 4 | मेघालय | 03 |
| महाराष्ट्र | 10 | मिजोरम | 04 |
| पंजाब | 13 | हिमाचल प्रदेश | 05 |

परिजनों ने पुलिस को आवेदन देकर पुत्री को मारने का आरोप लगाया

# ससुराल वालों ने महिला के शव को अस्पताल गेट पर रखा, फरार

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**



**खास बातें**

- रविवार की रात लगभग दो बजे शव रखकर फरार हो गया
- आठ माह पूर्व सेरूआ निवासी से हुई थी शादी

गावां प्रखंड स्थित सेरुआ निवासी 28 वर्षीय कुलसुन खातून पति मो साबिर के शव को रविवार की रात लगभग 2 बजे शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर रखकर फरार हो गए. स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार दो युवक महिला को बाइक पर लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व तबीयत खराब होने की बात की. स्वास्थ्य कर्मी जब महिला के स्वास्थ्य जांच करने लगे तो मृत पाई गई. इस बीच पहुंचाने आये दोनों युवक फरार हो गए. मामले की सूचना पर गावां थाना पुलिस स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व महिला के मायके पक्ष के लोगों को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलते ही महिला के पिता समेत अन्य परिजन गावां पहुंचे व गावां पुलिस को आवेदन देकर अपनी पुत्री का दहेज के कारण हत्या कर देने का आरोप लगाया.

मामले में महिला के पिता मो हफीज ने आवेदन देकर कहा है कि मैं अपनी कुलसुन खातून का विवाह आठ वर्ष पूर्व गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ निवासी मो साबिर पिता मो नासिर के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से किया था. शादी के दो वर्ष बाद से कुछ न कुछ काम बताकर ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा रुपयों की मांग की जाती रही. घर बनाने के समय एक लाख रुपये भी दिए थे. मेरा दामाद साबिर केरल में काम करता था. एक माह पहले घर आया और पुनः एक लाख की मांग करने लगा. रुपये नहीं देने पर मो साबिर पिता नासिर मियां, नासिर मियां पिता स्व नूर मियां, मो साबिर की मां, रियाज अंसारी आदि ने मिलकर मेरी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दिया. उसके शव को स्वास्थ्य केंद्र के दरवाजे पर फेंक कर फरार हो गए.

कहा कि पिछले तीन चार वर्षों से ससुराल पक्ष के लोग मेरी बेटी को मायके नहीं आने दे रहे थे. बेटी के मरने की सूचना पर हमलोग यहां आए तो ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार थे. मामले में कानूनी कार्रवाई करने के मांग की गई है. मामले में गावां थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेज दिया वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

### युवक की हत्या कर शव नदी में फेंका



**बोकारो ।** बोकारो जिले में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं. अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वास्तु विहार फेज वन इलाके में अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर शव नदी में फेंक दिया. स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया. शव देखने से ऐसा लगता है कि युवक की बड़ी ही बेरहमी से हत्या की गई है. उसकी दोनों आंखें निकाल ली गई हैं. सूचना मिलते ही नदी के पास लोगों भीड़ जुट गई. शव की शिनाख्त चास थाना क्षेत्र के फुदनीडीह गांव निवासी राजाराम शर्मा उर्फ राजू शर्मा के रूप में की गई. परिजनों के मुताबिक, राजाराम पिछले 12 दिसंबर की दोपहर बाइक पर सवार होकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. परिजनों ने चास थाने में लिखित शिकायत कर युवक को खोजने की गुहार लगाई थी. शव मिलने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है. मृतक की बाइक अब तक बरामद नहीं हुई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

पोक्सो के न्यायाधीश ने दो मामलों में सुनाई सजा

# दुष्कर्म मामले में 25 साल की सजा

**संवाददाता । धनबाद**

धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दो अलग-अलग मामलों में फैसला सुनाते हुए आरोपियों को कड़ी सजा दी है. ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक को 25 साल कैद और शादी का प्रलोभन देकर शोषण करने वाले को बीस साल कैद की सजा सुनाई है. पहले मामले में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देने के मामले के नामजद आरोपी पुराना स्टेशन निवासी शाहरूख ऊर्फ शाहरूख अली को पच्चीस वर्ष की कैद एवं बारह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. शाहरुख को अदालत ने 16 दिसंबर को दोषी करार दिया था.


**अभियोजन पक्ष ने मामले में 8 गवाहों का परीक्षण कराया था**

दूसरा मामला शादी की नीयत से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुराचार करने का है. इस मामले में निरसा पूअलाडीह निवासी आरज़ू लोहार को अदालत ने बीस वर्ष कैद एवं बारह हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है. 15 दिसंबर को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. 16 अप्रैल 22 को आरोपी ने उसकी 15 वर्षीय पुत्री को शादी की नीयत से बहला फुसलाकर ले गया, कल्यानेश्वरी मंदिर में उसके साथ जबरन शादी की और छह-सात दिनों तक उसके साथ दुराचार किया. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 12 जून 2022 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था.

### सीबीआई ने घूस लेते पोस्टल असिस्टेंट को किया गिरफ्तार

**पलामू ।** सीबीआई की टीम ने मेदिनीनगर के डालटनगंज मुख्य डाकघर में सोमवार को छापेमारी की. इस दौरान रांची ब्रांच सीबीआई की एसीबी की टीम ने 15 हजार रूपया घूस लेते पोस्टल असिस्टेंट संजय कुमार को गिरफ्तार किया. सिमडेगा जिला के विनसेंट सैमुएल के द्वारा किए गए शिकायत के बाद सीबीआई ने यह कार्रवाई की है. सैमुएल ने सीबीआई से शिकायत में कहा था की उसकी नियुक्ति जेडीएस बीपीएस राजखेता चक थाना मनातू जिला पलामू के पद पर हुआ है. इसी को लेकर सभी प्रमाण पत्र का सत्यापन के लिए एसएसपीओ ऑफिस पलामू में जमा किया. जिसका जमा संबंधी रसीद मांगने पर पोस्टल असिस्टेंट संजय कुमार ने कहा कम से कम 20 हजार नहीं दोगे, तब तक रसीद नहीं दूंगा और ज्वाइनिंग लेटर भी निर्गत नहीं कराऊंगा. काफी निवेदन के बाद भी वह नहीं माने. इसके बाद 15 हजार रूपया देना ही होगा. जिसके बाद इसकी शिकायत सीबीआई से की गई थी.

## होटल में ठहरे युवक की सुबह कमरे में लटकती मिली लाश



**संवाददाता। गोड्डा**

होटल में रात गुजारने के लिए आए युवक की सोमवार की सुबह कमरे में रस्सी के फंदे से लटकती लाश मिली. घटना नगर थाना अंतर्गत मुख्य हटिया चौक स्थित होटल स्काई ब्लू की है. होटल मैनेजर के अनुसार रविवार देर रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास युवक बैग लेकर पहुंचा और रात गुजारने के लिए कमरे की मांग की. इस पर होटल के कर्मचारियों ने आधार कार्ड की प्रतिलिपि लेकर एवं अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद युवक को कमरा नंबर 406 आवंटित कर दिया. सुबह जब रूम सेवा के लिए अटेंडेंट ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला. बाद में कई बार दस्तक दिए जाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो कर्मचारियों ने मास्टर चाभी की मदद से दरवाजा खोल कर देखा तो सभी सन्न रह गए. कमरे में पंखे से लटकते हुए युवक की लाश मिली. इसकी सूचना तत्काल नगर थाना को दी गई. जिसके बाद नगर थाने की टीम ने पहुंचकर आवश्यक पड़ताल की. युवक की पहचान गोड्डा जिला के ही देवडांड़ थाना अंतर्गत ग्राम बाघमारा के मधुसूदन कुमार मंडल पिता संजय मंडल के रूप में की गई है. घरवालों को सूचित कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

## बाइक का टायर फटने से कोयला तस्कर की मौत, शव लेकर फरार

**संवाददाता। बोकारो थर्मल**

बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत हथबजवा में अवैध कोयला लेकर जा रहे धंधेबाज की बाइक से गिरकर मौत हो गयी. मृतक का शव बाकी कोयला तस्कर और उसके परिजन लेकर भाग गए. घटना सोमवार सुबह चार बजे की है. बताया जाता है कि बाइक का टायर ब्लास्ट हो जाने के कारण कोयला लेकर जा रहा व्यक्ति बाइक से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी. शव की पहचान कथारा स्थित महलीबांध गांव के अनिल यादव के रूप में की गयी है. हालांकि इस मामले में बोकारो थर्मल पुलिस बेखबर है. थाना प्रभारी रूपेंद्र कुमार राणा ने बताया कि ऐसी कोई घटना की जानकारी नहीं मिली है. यदि ऐसा हुआ है तो जांचकर कार्रवाई की जाएगी.

आरमो और नया बस्ती में हर दिन लगती है मंडी : बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के आरमो और नयाबस्ती में अवैध कोयले की मंडी लगती है. यहां से बोरे में भरकर बाइक पर लोडकर बिष्णुगढ़ एवं बगोदर थाना क्षेत्र के मड़मो खेतको आदि स्थानों पर ले जाकर कोयले को बेचा जाता है. बाइक से कोयला तस्करी करने वाले एक बाइक पर 18-32 बोरा तक कोयला लेकर चलते हैं. बोकारो थर्मल, कथारा ओपी, पेटरवार, पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र से बाइक से कोयला तस्करी का धंधा इन दिनों परवान पर है.

बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के ही गोविंदपुर टीसी एवं टीएच कॉलोनी, सीसीएल गोविंदपुर हॉस्पिटल एरिया, हरिजन बस्ती, नयी बस्ती, कंजकिरो, लुकूबाद, अरमो नदी धार, हथबजवा आदि से प्रतिदिन तीन से साढ़े तीन सौ बाइकों से अवैध कोयले का कारोबार जारी है. सूत्रों की मानें तो बाइकों से उगाही के लिए एजेंट बहाल किये गये हैं. जिसमें एक पूर्व पंसस भी शामिल है. कोयला चोरी से सीसीएल खासमहल, कथारा, गोविंदपुर, जारंगडीह एवं स्वांग प्रबंधन परेशान है.

### सीओ ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त



**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी घाट से सोमवार सुबह अंचलाधिकारी विशाल पांडे ने छापेमारी कर बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है. जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टर को राधानगर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है. जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी विशाल पांडे को गुप्त सूचना मिली थी कि राधानगर थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार चल रहा है. सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए उधवा कचहरी घाट तथा कटहलबाड़ी में छापेमारी कर बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया. वहीं, एसडीओ राजमहल रौशन कुमार साहा ने राधानगर थाना पहुंचकर अंचलाधिकारी से जब्त किए गए बालू लदे ट्रैक्टर से संबंधित जानकारी ली.

पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया

# बाइक चोर गिरोह के 5 गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**



**खास बातें**

- पकड़े गए चोरों में सुभाष कुमार व रवि लोहरा है शामिल
- आरोपी की निशानदेही पर 4 अन्य बाइक बरामद हुआ

पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है. साथ की कार्रवाई करते हुए पांच चोरों को गिरफ्तार किया है. सोमवार को एसएससी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. जिसमें बताया कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के आनंदपुरी चौक में दो अपराधी चोरी की बाइक और स्कूटी को बेचने के लिए घूम रहे थे. जिसके बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया. पुलिस की टीम जब आनंदपुरी चौक पहुंची, तो पुलिस को देखकर दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे. लेकिन पुलिस टीम ने बाइक और स्कूटी समेत चोरों को पकड़ लिया. पकड़े गये चोरों ने अपना नाम सुभाष कुमार और रवि लोहरा बताया.

**इस गिरोह के अन्य चोरों को भी किया गिरफ्तार :** पकड़े गए दोनों व्यक्ति ने बताया कि दोनों गाड़ी चोरी की है, जिसे हरमू हाउसिंग कॉलोनी और भारत माता चौक से चोरी किए हैं. बताया कि इसे जिसे बेचने के लिए घूम रहे थे. ये भी बताया कि इनके साथ इमली चौक का सूरज केरकेट्टा, डीपाटोली का राहुल उर्फ श्रीकेश और इलाहीनगर का तबरेज अंसारी भी चोरी के काम में सहयोगी हैं. जिसके बाद पुलिस ने राहुल, तबरेज और सूरज को गिरफ्तार किया. इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चार अन्य बाइक भी बरामद किया. पूछने पर चोरों ने बताया कि राहुल और तबरेज मिलकर पहले गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर बदल देते थे. फिर खुद को श्रीराम फाइनेंस का फाइनेंसर बताकर चोरी की मोटरसाइकिल बेचते थे.

### बंद घर का ताला तोड़ कर नगद सहित लाखों रु के सामान की चोरी

**बेरमो ।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट स्थित रीवर साइड कॉलोनी में रविवार की रात को चोरों ने तीन बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली. बंद आवास जेपी सिंह, रवींद्र सिंह और सुखी राम के हैं. घटना के संबंध में पड़ोसियों ने बताया कि जब तक बंद आवास के मालिक नहीं आ जाते तब कितने की चोरी हुई है, इसका आकलन नहीं किया जा सकता है. उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह लोगों ने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है. अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है. बक्सा व आलमारी टूटी हुई थी. उसमें रखे जेवरात, नगद, महंगे कपड़े सहित अन्य सामान गायब थे. लोगों ने घटना की जानकारी बेरमो पुलिस को दी. सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह और प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गये. इस दौरान भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, रामू तांती और चंदन राम सहित कई लोग मौजूद थे.

**लालच** रांची, जमशेदपुर, चाईबासा, कोडरमा, हजारीबाग, साहिबगंज समेत कई जिलों में हैं चिटफंड कंपनियां

# चिटफंड कंपनियों के पैसे लेकर भागने के 3000 मामले

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड गठन के बाद से अबतक झारखंड में चिटफंड कंपनियों के खिलाफ तीन हजार मामले सामने आए हैं. राज्य के रांची, जमशेदपुर, चाईबासा, कोडरमा, हजारीबाग, साहिबगंज समेत राज्य अन्य जिलों में चिटफंड कंपनियां धड़ल्ले से नियमों की अनदेखी कर लोगों को अधिक ब्याज देने का लालच देकर पैसे जमा कर रही हैं और अंत में लेकर भाग जा रही हैं. झारखंड में चिटफंड कंपनियां अबतक कुल 25 हजार करोड़ रुपया लेकर भाग गई. अब तक 120 से अधिक मामलों को टेकओवर कर सीबीआई जांच कर रही है.

**डीजेएन ग्रुप से जुड़े चिटफंड घोटाले में चौंकाने वाले तथ्य :** डीजेएन ग्रुप कंपनी द्वारा बेहतर रिटर्न का भरोसा देकर करीब 1600 लोगों से जालसाजी के जरिए 147 करोड़ 47 लाख रुपये का निवेश कराया गया था, लेकिन निवेश के बाद पैसे लेकर कंपनी ने राज्य से अपना कारोबार समेट लिया था.

**ये चिट फंड कंपनियां पैसे लेकर हुई फरार**

तिरु बालाजी, अलेमिस्ट इंफ्रा, धनोल्टी डेवलपर्स, कोलकाता वीयर, संकल्प ग्रुप, वीयर्ड इंफ्रा, रुफर्स मार्केटिंग, सनसाइन ग्लोबल एग्रो, रामल इंडस्ट्रीज, इनोमर्स इंडस्ट्रीज, एक्सेल इंफ्रास्ट्रक्चर, गीतांजलि उद्योग, एमपीए एग्रो एनीमल, युगांतर रियल्टी, एटीएम ग्रुप, केयर विजन, मातृभूमि मैन्यूफैक्चरिंग, रोजवैली होटल्स, बर्धमान सुर्मांग, अपना परिवार एग्रो वारिस ग्रुप, सुराहा माइक्रो फाइनांस, सनप्लांट एग्रो ग्रुप, प्रयाग इनफोटेक, साई प्रसाद प्रोप्रटीज, फेडरल एग्रो कॉमर्शियल और गुलशन निर्माण इंडिया समेत अन्य कंपनियां शामिल हैं.

**खास बातें**

- लोगों को अधिक ब्याज देने का लालच देकर झांसे में लेते हैं
- डीजेएन ग्रुप ने 147 करोड़ 47 लाख रुपये निवेश करवाया था

**करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गईं कई कंपनियां**

- झारखंड के करीब 30 हजार निवेशकों से 80 करोड़ रुपए लेकर कोलकाता की चिटफंड कंपनी फरार हो गई थी. जिसके बाद निवेशक और एजेंट ने 26 अक्टूबर 2015 को डेली मार्केट थाना में शिकायत दर्ज की थी.
- रांची में एलएक्स बीट फारेक्स नाम की एक चिटफंड कंपनी ने 28 फरवरी 2022 को 250 से अधिक लोगों का करोड़ों रूपये लेकर फरार हो गया था. कंपनी ने 100 दिनों में पैसा डबल करने का दिया लालच था.
- दुमका जिले में चार जनवरी 2018 को चिटफंड कंपनी रमेल इंडस्ट्रीज पैसा दो गुना करने के नाम पर 30 लोगों का रुपया लेकर फरार हो गई थी.
- जामताड़ा में ओरियन इंडस्ट्रीज चिटफंड कंपनी (नन बैंकिंग) के डायरेक्टर थे. ये लोग इस नन बैंकिंग के माध्यम से लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गए थे.

## खैराचातर बाजार में बम विस्फोट साइकिल क्षतिग्रस्त, अफरा-तफरी

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**



कसमार थाना क्षेत्र के खैराचातर स्थित साप्ताहिक हाट-बाजार में सोमवार को किसी ने एक बम विस्फोट कर दिया. इससे हाट में भगदड़ मच गई. जानकारी के अनुसार, हाट में खड़ी किसी साइकिल पर रखकर किसी ने बम विस्फोट किया, जिससे साइकिल हल्की क्षतिग्रस्त हो गई और उसके बगल में स्थित सोलर प्लेट के खंभा में भी उसके निशान पड़ गए. घटना की सूचना कसमार पुलिस को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा दी गई. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है. उल्लेखनीय है कि खैराचातर हाट में पिछले करीब 3 सप्ताह से लगातार बमबाजी की घटनाएं हो रही है. कोई अपराधी अथवा शरारती तत्व चुपके से बाजार की भीड़ में बम विस्फोट कर भागने में सफल हो रहा है. समझा जा रहा है कि रिमोट से विस्फोट करने के कारण लोगों को उसके बारे में पता नहीं चल पाता है. स्थानीय विधायक डॉ लंबोदर महतो पिछले दिनों डीजीपी को भी मामले से अवगत भी करा चुके हैं, लेकिन कसमार पुलिस को अभी तक इसमें कोई सफलता नहीं मिली है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आय भाव मे चन्द्र शनि है. गलत आय से बचें. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. आपके अच्छाई का लाभ मिलेगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें. शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें.

**वृषभ** पिता से विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है. जल्दबाजी से चोट लग सकती है. कुसंगति से बचें. अन्न दान करें.

**मिथुन** धर्म और न्याय संगत कार्य मे मन लगेगा. भाग्य का साथ मिलेगा. कर्म के बल पर व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे.

**कर्क** समय सामान्य है. मानसिक तनाव होगा पर दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. घर में अतिथियों का आगमन होगा. आपके अपनों पर व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा.

**सिंह** आय के लिए आप प्रयासरत है. इसका लाभ मिलेगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी.

**कन्या** गलत जगह खर्च होगा. साथ ही कुटुम्ब में खर्च होगा साथ ही संतुष्टि भी होगा. पुराने रोग को नजरअंदाज न करें. व्यय होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. घी का दान लाभदायक होगा.

**तुला** किसी से विवाद हो सकता है. दिल के बदले दिमाग का प्रयोग करें. सृजनशीलता का विकास होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे.

**वृश्चिक** किसी से कहा सुनी हो सकता है. सतर्क रहें. पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. गाय का सेवा करें, लाभ मिलेगा.

**धनु** भाई बहन के लिए समय उत्तम है. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी.

**मकर** नेत्र रोग से बचें. क्रोध में वृद्धि होगा. घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है. मित्रों से भेंट होगी.

**कुंभ** समय उत्तम है. कार्य का लाभ मिलेगा. ज्यादा कार्य को लेकर थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी.

**मीन** दिखावा में ज्यादा खर्च होगा. शुभ समाचार मिलेगा. दूसरों के मामलों में हाथ न डालें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें.

## श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा पर मनायेंगे महोत्सव

**रांची।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को संकट मोचन हरुमान मंदिर, मेन रोड में महोत्सव मनाया जायेगा. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति गठित की गयी. साथ ही पंडित श्याम नारायण पांडे को संयोजक, अमित चौधरी और अमरनाथ सरकार को सहसंयोजक बनाया गया है. उक्त जानकारी सोमवार को श्रीमहावीर मंडल रांची ,महानगर की ओर से पत्रकारों को दी गयी. मंदिर परिसर में हुई प्रेस वार्ता में महंथ महामंडलेश्वर सूर्यमणि त्यागी, विधायक सीपी सिंह , महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, मुनचुन राय ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया. कुणाल अजमानी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत दिन के दस बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ से होगी. दिन के एक बजे महाआरती उतारी जायेगी. संध्या बेला 11 हजार दीपो से मंदिर को सजाया जायेगा. दिन के दो बजे से भंडारा शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा. मुनचुन ने बताया कि आयोजन से पूर्व 25 हजार झंडे बांटे जायेंगे. सभी से 22 जनवरी को घरों में झंडा लगाने का निवेदन किया जायेगा. उन्होंने बताया कि शहर के अन्य मंदिरों में भी समिति की ओर से आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी.

## वर्कशॉप का आयोजन करेगा झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स

**रांची ।** ट्रेड लाइसेंस बनाने अथवा रिन्यूअल के साथ ही होल्डिंग टैक्स की कठिनाईयों को देखते हुए बुधवार, को चैंबर भवन में शाम 4 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. कार्यशाला में सूडा के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित होकर, व्यापारियों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे. ट्रेड लाइसेंस और होल्डिंग की कठिनाईयों से परेशान सभी व्यापारियों को इस कार्यशाला में शामिल होने की अपील की गई है. कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु सोमवार को चैंबर भवन में एक बैठक भी हुई. इस मौके पर चैंबर के सह सचिव अमित शर्मा ने कहा कि दस्तावेजों की कमी के कारण लाइसेंस के रिन्यूअल में हो रही कठिनाईयां नियमित रूप से हमारे संज्ञान में आ रही हैं. लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान होल्डिंग की मांग करने से रेंट की दुकान पर व्यापार कर रहे व्यापारियों को कठिनाई होती है, जिसका समाधान जरूरी है.

**विधानसभा :** भाजपा ने सदन के अंदर और बाहर धीरज साहू प्रकरण को लेकर खूब हंगामा किया

# 8111 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के दूसरे दिन भाजपा ने सदन के अंदर और बाहर धीरज साहू प्रकरण को लेकर खूब हंगामा किया. हंगामे के बीच ही सरकार ने सदन में 8,111 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया. 11.07 में विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई. भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सदन में धीरज साहू का मामला उठाया. इस पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि यह राज्यसभा का विषय है. इस पर विधानसभा में क्या चर्चा हो सकती है. इसके बाद भाजपा विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया. हंगामे के बीच थोड़ी देर प्रश्नकाल चला. हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने 12.30 तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी. 12.33 में दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा विधायकों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया. 500 करोड़ किसका है का नारे लगाने लगे. इस पर स्पीकर ने कहा कि विधायक सदन का बेजा इस्तेमाल करेंगे तो सदन की गरिमा हास्यास्पद बन जाएगी. उन्होंने विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा कि आसन को उत्तेजित मत करिए. आपने देखा न पार्लियामेंट में आसन उत्तेजित हुआ, तो क्या हुआ.

### सदन में बहस हो कि सरकार को क्यों नहीं देना चाहिए इस्तीफाः अमर बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि धीरज साहू का मामला झारखंड से जुड़ा है. वे हैं तो झारखंड के ही. जो पैसे मिले हैं वो यहां के जल–जंगल–जमीन से लूटा हुआ पैसा है. इसपर सत्ता पक्ष की ओर से शोर शुरू हो गया. बाउरी ने कहा सदन में भाजपा को 4 साल तो नहीं बोलने दिया गया. चार मिनट तो बोलने दिया जाए. उन्होंने कहा कि आज राज्य संवैधानिक संकट में है.

### धीरज साहू और सीएम के मामले में राजनीति कर रहा विपक्षः आलमगीर



संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा धीरज साहू और हेमंत सोरेन मामले में भाजपा राजनीति कर रही है. धीरज साहू का पारिवारिक कारोबार है. वैसे भी इस मामले में इनकम टैक्स ने अबतक कुछ कहा नहीं है. जहां तक बात मुख्यमंत्री की है तो वे ईडी के समन का जवाब दे रहे हैं. सदन में जन समस्याओं पर बात होनी चाहिए. इस तरह के मुद्दे विधानसभा में नहीं आने चाहिए.

### अधिकारी पता नहीं लगा पाए कि कौन विभाग जातीय जनगणना कराएगाः प्रदीप



एटीआर रिपोर्ट में जातिगत जनगणना के सवाल पर अद्यतन कार्रवाई को लेकर विधायक प्रदीप यादव ने सदन में सरकार को घेरा. कहा कि 5 महीने में अधिकारी पता नहीं लगा पाये कि आखिर कौन सा विभाग जाति जनगणना करायेगा. यह बहुत गंभीर मामला है. इसपर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर सरकार गंभीर है. जल्द ही इसपर फैसला लिया जाएगा.

### एक महीने में दी जाएगी मुआवजा राशि : बन्ना गुप्ता



पलामू जिले में वज्रपात से मारे गए लोगों और पशुओं के लिए आवंटित राशि का एक महीने के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा. स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने सदन में मंत्री कमलेश सिंह के अल्प सूचित सवाल पर यह आश्वासन दिया. विधायक ने सरकार से पूछा कि पलामू में वज्रपात से मृत व्यक्तियों और पशुओं के लिए मुआवजा के भुगतान के लिए कुल 35 लाख 35 हजार 400 की राशि आवंटित करने के लिए पलामू डीसी ने आपदा विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अबतक आवंटन नहीं मिला है.

### 16 जिलों में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया पूरी, बचे जिलों में जल्द होगीः आलमगीर

विधायक प्रदीप यादव ने सदन में 5 वर्षों से होमगार्ड के खाली पदों पर बहाली नहीं होने का मामला उठाया. कहा कि बहाली नहीं होने के कारण राज्य के नौजवान अवसर से वंचित हैं और जिलों में पुलिस बल की कमी हो रही है. इस पर सरकार की ओर से मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब दिया कि झारखंड के 16 जिलों में होमगार्ड की बहाली की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. बाकी जिलों में बहाली की प्रक्रिया चल रही है.







## अनुपूरक बजट का विपक्ष ने किया विरोध, सत्ता पक्ष ने जरूरी बताया

**रांची ।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा सदन में पेश किए गए 8 हजार 11 करोड़ के दूसरे अनुपूरक बजट को विपक्ष ने कड़ा विरोध किया है. वहीं सत्ता पक्ष में इसे जरूरी बताया है. इसको लेकर सदन के अंदर और सदन के जमकर विरोध और समर्थन हुआ. अब इस पर 19 दिसंबर को सदन में चर्चा होगी.

**क्या कहा विपक्ष ने अनुपूरक बजट पर**

### लूट के लिए मांगा जा रहा है पैसा : राज पलिवार

भाजपा विधायक राज पलिवार ने कहा कि यह सरकार काम कर ही नहीं रही तो फिर पैसा किस लिए. यह पैसा केवल लूट के लिए लिया जा रहा है. राज्य में अफसर और कर्मियों की भारी कमी है, किसके भरोसे सरकार विकास का दावा कर रही है.

### मुख्यमंत्री नहीं कर रहे हैं कानून का पालन : मनीष

भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि इस सरकार से राज्य की जनता का विश्वास उठ गया है. विपक्ष का काम है कि वह सरकार को आईना दिखाए. इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. खुद मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं कर रहे हैं. ईडी के सम्मान को धत्ता बता रहे हैं. संविधान को साक्षी मानकर पद एवं गोपनियता की शपथ लेते हैं.

**सत्ता पक्ष के विधायकों ने क्या कहा**

### अनुपूरक और कटौती है सामान्य प्रक्रिया : डॉ उरांव

वित्त मंत्री डा रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार ने सदन में 8 हजार 111 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया है. यह सरकार का सामान्य प्रक्रिया है. कटौती प्रस्ताव भी सामान्य प्रकिया है. इसमें कोई दिक्कत नहीं हो. बाकी 19 को इसपर चर्चा होगी.

### ये न खुद काम किये और न दूसरों को करने देते हैं : ठाकुर

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अनुपूरक बजट सामान्य प्रकिया है. संविधानिक प्रक्रिया है. कोई भी सरकार रहती है तो काम-काज के लिए अनुपूरक के जरिए सरकार सदन से पैसे की मांग करती है. ये लोग न तो खुद काम किए और न दूसरों को करने देना चाहते हैं. हर चीज में तमाशा करना इनका आदत सी बन गयी है.

### अनुपूरक बजट का विरोध गलत है, सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी को चुनाव में जाना है, जनता के काम अधूरे हैंः अनुप

कांग्रेस विधायक अनुप सिंह ने कहा कि अनुपूरक बजट का विरोध गलत है. यह सामान्य प्रक्रिया है. सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी को चुनाव में जाना है. जनता के कई काम अधूरे हैं. विपक्ष को चाहिए कि सदन चले ताकि जनता के सवाल आएं, जनता का काम हो.

## विपक्ष ने सरकार से सांसद धीरज साहू प्रकरण पर जवाब मांगा

**रांची ।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू कैश कांड पर सोमवार को सदन के अंदर और बाहर में जमकर हंगामा और प्रदर्शन हुआ. विपक्ष ने सदन के अंदर और बाहर इस मुद्दे को उठाया. विपक्ष ने सरकार से इस मसले पर जवाब मांगा. हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने विपक्ष को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि यह प्रकरण झारखंड विधानसभा का नहीं है.

### क्या कहा विपक्ष के विधायकों ने

भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह मसला केवल देश का नहीं बल्कि इस राज्य के भ्रष्टाचार से जुड़ा है. कैश मिलने के साथ–साथ सोना–चांदी सब मिल रहा है. सत्ता पक्ष कैसे यह कह सकता है कि यह पैसा भ्रष्टाचार से जुड़ा नहीं है. इस राज्य में हर कुछ बिना नियम कानून का चल रहा है. एक ओर मुख्यमंत्री ईडी के छह सम्मन के बाद भी नहीं जाते हैं. भाजपा तमाशा नहीं देख सकती है. मुख्यमंत्री को इस मामले में सदन में जवाब देना चाहिए. उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार ने स्थानीय नीति बनायी तो कोई हंगामा, कोई कानूनी पेंच नहीं हुआ. हम खुद मांग रहे हैं कि सरकार स्थानीय नीति लाए. मगर इस सरकार की नियत केवल युवाओं के जज्बात के साथ खेलना है.

### इस राशि में आ रही है भ्रष्टाचार की बू भाजपा मुंह नहीं फेर सकती : मनीष

भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले कैश केवल साहू परिवार के बिजनेश का नहीं है. इसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है. यह भ्रष्टाचार से जुड़ा मसला है. भाजपा इससे मुंह नहीं फेर सकती है.

### कांग्रेस और धीरज साहू ने सबकुछ स्पष्ट कर दिया है : डॉ. इरफान अंसारी

कांग्रेस विधायक डा इरफान अंसारी ने कहा कि पहले कांग्रेस और अब धीरज साहू ने सबकुछ स्पष्ट कर दिया है. कांग्रेस ने पहले ही साफ कर दिया है कि इस कैश कांड से कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है. इसके बाद धीरज साहू खुद सामने आकर साफ कर दिया कि यह पैसा उनके पारिवारिक व्यवसाय का है. एक-एक चीज का हिसाब वे इनकम टैक्स को दे देंगे. इसके बाद यह इश्यू रहा कहां. भाजपा के लोग के कोई मुदद्दा नहीं है. वे केवल जनता का ध्यान महंगाई और बेरोजगारी से भटकाना चाहती है.

### धीरज साहू के पक्ष के बाद यह मसला पूरी तरह खत्म हो गया है : अनुप सिंह

कांग्रेस विधायक अनुप सिंह ने कहा कि यह अब कोई इश्यू ही नहीं रहा. इनकम टैक्स ने रेड मारा है. धीरज साहू ने अपना पक्ष रख दिया है. इस पैसे से कांग्रेस या सरकार का कोई लेना-देना नहीं है. विपक्ष को यह समझाना चाहिए कि छोटा सत्र है, अधिक से अधिक इसका फायदा उठाया जाए. जनता के सवाल आएं, जनता की समस्या समाधान हो. मगर विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है.

## नमन विक्सल कोंगाड़ी ने विधानसभा में सड़क का उठाया मुद्दा



**सिमडेगा।** सोमवार को विधानसभा में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने सड़क का मुद्दा उठाया. उन्होंने जिले की आम जनता की जानमाल की सुरक्षा करने को कहा. सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से महत्वपूर्ण मांग करते हुए विधायक ने कहा कि रांची-सिमडेगा एनएच 143 पर आए दिन दुर्घटना होती हैं. जिसमें जान-माल की क्षति होती है. इस सड़क पर दो-चार ऐसे स्थान हैं, जहां बराबर दुर्घटना होती रहती है. उन्होंने कहा कि फिकपानी मोड़, गहरा नाला और छगरी बन्धा जगहों पर सड़क संकरी है. उन्होंने मांग करते हुए कहा कि वैसी जगहों पर सड़क चौड़ी ती जाए. सड़क हादसे रोकने के लिए उपाय किए जाएं.

## सत्ता पक्ष-विपक्ष सदन के बाहर धरने पर बैठे, लहराये पोस्टर

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सदन के बाहर हंगामा कर रहे हैं. विपक्ष ईडी के मुद्दे को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को घेरती नजर आयी. वे ईडी के डर से भागने वाले सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा दो और हेमंत सोरेन सरकार के चार सालों के कुकर्मों की सीबीआई जांच कराओ वाले पोस्टर पकड़कर हंगामा करते नजर आये. इसके अलावा बीजेपी के विधायकों ने कांग्रेस का काला साम्राज्य, झारखंड को लूट खाने की झामुमो, कांग्रेस और राजद की बीमारी जैसे पोस्टर लहराये. सत्ता पक्ष हम है आदिवासी, हम है जंगल के मालिक, पूंजीपतियों को जंगल बेचना बंद करो, आदिवासी-मूलवासी को जंगल से बेदखल करने की साजिश बंद करो, जंगल हम आदिवासियों का स्वाभिमान इसे बेचना बंद करो जैसे पोस्टर के साथ सदन के बाहर धरने पर बैठे हैं. सत्ता पक्ष में मथुरा महतो, सुदीव्य कुमार सोनू, नीरल पूर्ति, सविता देवी, रामदास सोरेन और समीर कुमार मोहंती सदन के बाहर हंगामा कर रहे थे. वहीं विपक्ष में बिरंची नारायण, शशि भूषण मेहता, अनंत ओझा ,अमित मंडल ,ढुल्लू महतो, नीरा यादव और अपर्णा सेन गुप्ता सदन के बाहर पोस्टर बाजी कर रही थी.





### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए 21 दिसंबर को चयन समिति की बैठक

झारखंड के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है. विधानसभा में विधायक बीरांची नारायण के पूछे गए अल्प सूचित प्रश्न पर सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है. सरकार ने बताया कि 8 मई 2020 से झारखंड में 1 मुख्य सूचना आयुक्त और 5 सूचना आयुक्त का पद खाली है. नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी. अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद 16 नवंबर 2023 को चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी. अब 21 दिसंबर को यह बैठक होगी.

**समापन** पूर्व सैनिक पोदना बलमुचू और उनके परिजन राजभवन के समक्ष धरने पर बैठे थे

# सीएम के आश्वासन के बाद खत्म हुआ पोदना का धरना

संवाददाता । रांची

पूर्व सैनिक पोदना बलमुचू और उनके परिवार ने राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को समाप्त किया. पूर्व सैनिक पोदना बुलमुचु बहु सिलवंती, बेटी जयंती बिरूली को सीएम दोपहर 11.30 बजे विधान सभा बुलाया. इस मौके पर सिलंवती बिरूली ने कहा कि सरकार तीन सूत्री मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया है और चाईबासा डीसी को सभी मांग को पूरा कराने का आदेश दिया है. पोता प्रितेश बलमुचु ने बताया कि विधानसभा जाने के लिए रांची सदर सीओ को धरना स्थल पहुंचे थे. उसी के गाड़ी में बैठकर तीनों विधानसभा पहुंचे. धरना स्थल पर साथ देने वाले राष्टीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि सीएम से वार्ता हुआ है. चाईबासा उपायुक्त से फोन से बात किये.पेंशन, जमीन और नौकरी देने का आश्वासन दिया है. इनकी मांगें हैं कि कृषि कार्य के लिए पांच एकड़ जमीन दिया जाए, नौकरी जल्द दिया जाए और पेंशन मुहैया कराया जाय.



मालूम हो कि तीन सूत्री मांग को लेकर पूर्व सैनिक पोदना बलमुचु और उनका परिवार 3 दिसम्बर को रांची के राजभवन के समक्ष अनिश्तिचकालीन प्रदर्शन कर रहे थे. मौके पर सेलवंती बलमुचु, सोमी बलमुचु, बेटी जयंती बारुली और प्रितेश बालमुचू समेत अन्य लोग थे.

### सीएम ने स्व. बिनोद बिहारी को श्रद्धांजलि दी



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को झारखंड विधानसभा परिसर में झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्व. बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. वहीं मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड विधानसभा एवं सदन की कार्यवाही का अवलोकन करने पहुंचे उत्क्रमित उच्च विद्यालय सकरपदा, मांडर के स्कूली बच्चों से मिले और उनका हौसला बढ़ाया. इस मौके पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई मौजूद थे.

# डीसी ने दिया अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश

संवाददाता । रांची

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने द्वारा सोमवार को समाहरणालय में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक आयोजित की. जिसमें डीसी ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का सख्ती से निरीक्षण और लिंग निर्धारण करने वालें क्लिनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी प्रावधान के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया. डीसी ने सिविल सर्जन (सदर) से रांची जिला में लिंगानुपात कि जानकारी मांगी. जिसपर सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में लिंगानुपात 1000 लड़कों पर 946 लड़की थी, जो इस वर्ष 1000 लड़को पर 986 लड़की के लिंगानुपात पर पहुंच गया है. जिस पर डीसी ने खुशी जाहिर करते हुए



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त राहुल सिन्हा.

सम्बंधित अधिकारी से कहा की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान सच में कारगर हो रही है. इसके साथ मुखबरी योजना की जानकारी सिविल सर्जन से मांगी जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि सैकड़ों मुखबिर इसकी जांच एवं प्रचार-प्रसार कर रहे हैं. जिसके लिए लिंग निर्धारण के लिए स्टिंग ऑपरेशन भी चलता रहता है. इसके लिए जिला में 20 टीम बनाई गई है. डीसी ने प्रचार-प्रसार एवं लगातार स्टिंग ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया.

**बैठक में सलाहकार समिति द्वारा लिए गए निर्णय :** जो निर्णय लिये गए उसके अनुसार नया निबंधन के लिए 4 अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का स्वीकृती दी गई. नवीकरण के लिए 5 अल्ट्रासाउंड क्लिनिक को स्वीकृती दी गई.

# राज्य के विभिन्न पंचायतों में चल रहा है सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण

## शिविर में हो रहा समस्याओं का निदान, ग्रामीण कर रहे हैं सरकार का गुणगान

- राज्यभर के 4351 पंचायतों और 50 वार्डों में शिविर लगाया जाना है
- कार्यक्रम प्रदेश की पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक चलेगा
- 2021 में शुरू हुई थी यह योजना, विस्तार से मिल रही है जानकारी

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण चल रहा है.प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कोशिश है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को वे सारी सुविधाएं मिल सके, जिससे कि उसका संपूर्ण विकास हो. इसी उद्देश्य से सरकार ने आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की थी. इस कार्यक्रम की शुरूआत सरकार ने साल 2021 में की थी. इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के अधिकारी और कर्मचारी प्रखंड और गांव में लोगों के बीच पहुंच गए. पहले जनता अपने काम के लिए कार्यालय में अधिकारियों से मिलने के लिए परेशान रहती थी, वह उनके सामने थे. जाहिर है अचानक आए इस परिवर्तन से लोग हैरान थे. वे अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचने लगे. वहां अधिकारियों ने विस्तार के साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी उन्हें दी. अधिकारियों ने लोगों को अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा, व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, साईकिल वितरण योजना और सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की विस्तार से जानकारी दी. इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. बड़ी संख्या में लोग घर से निकलकर शिविर में आवेदन लेकर पहुंचे. वहां उन्हें एक ही जगह पर कई विभागों के स्टॉल मिले. वहां कागजी प्रक्रिया पूरी कर शिकायतों का निबटारा कर दिया गया. इसी दौरान आमजनों के बीच कंबल और धोती साड़ी का वितरण किया गया. इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इस साल सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू किया गया. बीते 24 नवंबर को साहिबगंज के बरहेट स्थित गोपलाडीह से पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया. जो सफलतापूर्वक चल रहा है. यह कार्यक्रम पूरे राज्य की पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक चलेगा. इसमें राज्यभर के 4351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर लगाए जायेंगे. यह कार्यक्रम अब तक एक-तिहाई सफर पूरा कर चुका है. दिनोंदिन शिविर में लोगों की भीड़ बढ़ रही है. लोग आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं. जमीनी हकीकत जानने शुभम संदेश की टीम विभिन्न जिलों के शिविरों में पहुंची. पेश है रिपोर्ट...



# आमजनों का खास दरबार
# उमड़ रही भीड़
# निपट रहे मामले

### मनोहरपुर

## सर्वाधिक गुरूजी क्रेटिड कार्ड योजना के लिए मिले 733 आवेदन



- मनोहरपुर-प्रखंड के 15 पंचायतों में हुआ 12 शिविरों का आयोजन.
- कुल आवेदन 12936 एवं 902 आवेदनों का ऑन दा स्पॉट निष्पादन
- अबुआ आवास के लिए 8258 आवेदन प्राप्त हुए
- 0 आवेदन रीजेक्ट किए गए हैं



जिले भर में विगत 24 नवंबर से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. मनोहरपुर प्रखंड के कुल 15 पंचायतों में 16 दिसंबर तक कुल 12 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है. इन शिविरों में अब तक कुल 12936 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इनमें से 902 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है. कुल 12034 आवेदन लंबित हैं और 0 आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है. इन शिविरों में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास के लिए प्राप्त हुए हैं. अबुआ आवास के लिए कुल 8258 आवेदन प्राप्त हुए हैं. सभी मामले लंबित हैं. आवेदनों को जांच कर आवास योजना का लाभ लाभुकों को दिया जायेगा. इसके बाद सर्वाधिक गुरूजी क्रेटिड कार्ड योजना के लिए कुल 733 आवेदन प्राप्त हुए है. सबसे कम जनजातीय कल्याण व ऑनलाइन भू-अभिलेखों में सुधार के लिए 05 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इन शिविरों में आधार पंजीकरण के लिए प्राप्त 20 आवेदनों में से 12 आवेदनों का निष्पादन किया गया. मनोहरपुर के ज़िप सदस्य सह जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शक्तिकुंज ने बताया कि शेष आवेदनों की जांच करने के बाद निष्पादित किया जायेगा. उन्होंने बताया कि शिविरों में सर्वाधिक अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन आ रहे हैं. अबुआ आवास योजना के लाभुकों के दस्तावेजों की जांच करने के बाद उन्हें योजना का लाभ दिया जायेगा. जबकि मनरेगा के तहत नये कार्य के लिए 450 एवं 07 आयुष्मान कार्ड के लिए 111 बिरसा सिंचाइ कूप सम्वर्द्धन योजना के लिए तथा जाति प्रमाण पत्र के 12 आय प्रमाणपत्र 02 आधार कार्ड में संशोधन के 56,राशन कार्ड में 414 और सर्वजन पेंशन योजना के लिए 214 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है.

### बोकारो

## पंचायत प्रतिनिधियों के लिए कहीं जी का जंजाल न बने अबुआ आवास



- कसमार के दस पंचायतों में शिविर संपन्न हो चुका है.
- पंचायतों से 8861 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं
- चयन को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों की मुश्किलें बढ़ सकती है

बोकारो जिले के सभी 9 प्रखंडों एवं चास नगरपालिका एवं फुसरो नगर परिषद में 24 नवंबर से लगातार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हो रहा है. सभी शिविरों में अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ रही है. इनमें से सिर्फ एक प्रखंड का उदाहरण लें तो इसकी स्थिति से पूरे बोकारो जिले की तस्वीर साफ हो जाएगी. कसमार प्रखंड में 15 पंचायतों में से अब तक 10 पंचायतों में शिविर सम्पन्न हो चुका है. जिसमें इन 10 पंचायतों में 8861 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं. बाकी बचे 5 पंचायतों में भी लगभग 4 हजार और आवेदन आना बाकी है. कुल मिलाकर देखें तो लगभग 13 हजार आवेदन सिर्फ अबुआ आवास के लिए शिविर में आने की उम्मीद है. जिला से जो आवंटन कसमार प्रखंड के लिए मिलो हैं, उनमें से कसमार प्रखंड को सिर्फ दो हजार अबुआ आवास मिलेगा. जिनमें से कसमार प्रखंड के 15 पंचायतों में प्रति पंचायत 130 अबुआ आवास मिलने की उम्मीद है. अब सवाल यह है कि 13 हजार गरीबों में से सिर्फ 2 हजार को ही इस योजना में लाभ मिलेगा. जिनमें से प्राथमिकता के आधार पर पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी व कर्मी किसको सेलेक्ट करे, यह एक गंभीर चुनौती बन सकता है. पंचायती राज में जनता को अधिकारियों से ज्यादा भरोसा जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पंसस, वार्ड मेंबर पर है, जिससे इन पंचायत प्रतिनिधियों की मुश्किलें बढ़ सकती है. किसकी छंटनी करे और किसे चयन करें, प्रतिनिधियों के लिए यह जी का जंजाल बन सकता है.

### रांची

## अबुआ आवास योजना में रिकॉर्ड आवेदन

प्रमुख संवाददाता। रांची

- आवास योजना के लक्ष्य को बढ़ा सकती है सरकार
- चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख लोगों को आवास की घोषणा
- नयी और पूर्व से संचालित योजनाओं का मिल रहा लाभ
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं कर रहे जिलों का भ्रमण

हेमंत सरकार ने सरकारी योजना का लाभ आम जनों को मिले इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है. सरकारी तंत्र और आम लोगों के बीच की दूरी को भरने के लिए आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार का तीसरे चरण के शुभारंभ की घोषणा राज्य स्थापना दिवस के दिन की थी. तीसरा चरण 24 नवंबर से पूरे राज्य की पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक चल रहा. इन शिविरों में योजनाओं से अबतक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है. आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में दिए गए आवेदन को जांच के बाद उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ ऑन स्पॉट सरकार उपलब्ध करा रही है.

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में अबुआ आवास योजना में 22.79 लाख, बिरसा सिंचाई कूप योजना 32.3 हजार, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड में 1.10 लाख योजना लोगों ने आवेदन किया. पूरे अभियान के दौरान सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त हुए. इस योजना के तरह राज्य सरकार कच्चे माकन में रह रहे लोगों के लिए आवास उपलब्ध कराना है. सरकार ने 2 लाख लोगों को चालू वित्तीय वर्ष में आवास देने की घोषणा की है. सरकार के स्तर पर इसकी संख्या बढ़ने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके.



### 11.59 लाख आवेदनों का निपटारा, 31.22 लाख प्रकियाधीन

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 42 लाख 82 हजार 631 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें रिकॉर्ड 11 लाख 59 हजार 766 आवेदनों का निपटरा किया गया. वहीं, 31 लाख 22 हजार 865 आवेदनों की जांच की जा रही है. जिन लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का बंटवारा किया गया. उनकी संख्या 10 लाख 79 हजार 416 है, जिनके बीच 77 .62 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से वितरित किया गया. कुछ मामलों में उपरोक्त योजना के तहत आवेदन भी लिए जाएंगे, जिसका समाधान एक सप्ताह के अंदर करने का प्रयास हो रहा है.

### घाटशिला

## सबसे कम कल्याण विभाग को मिले 35 आवेदन



- 13 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं
- अबुआ आवास के लिए 9350 आवेदन मिले
- 120 महिला समूह को 9 .60 करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया
- परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया

घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है. सरकार की सबसे अहम मंत्रालय कल्याण विभाग के पास मात्र 35 आवेदन ही अब तक प्रखंड के शिविर में मिला है. बता दें कि शनिवार तक शिविर में लगभग 13000 से अधिक आवेदन विभिन्न विभागों से प्राप्त हुआ है. इसमें सबसे ज्यादा आबुआ आवास के लिए लगभग 9350 आवेदन जमा किए गए है. शिविर में सिर्फ सर्वजन पेंशन योजना में खास लोगों का तत्काल स्वीकृति मिला है. इसके अलावा सिर्फ छात्र-छात्राओं द्वारा खरीदी गई साइकिल का वितरण एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा है. परिसंपत्तियों में अब तक लगभग 120 महिला समूह को 9.60 करोड़ों रुपए ऋण उपलब्ध कराया गया है. स्वास्थ्य विभाग की ओर से मधुमेह में तथा ब्लड प्रेशर की जांच की जा रही है. अंचल कार्यालय से नामांतरण का कार्य नहीं के बराबर हुआ है. गरीबों के बीच साड़ी धोती का वितरण किया गया है. इसके अलावा विद्युत विभाग पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मत्स्य विभाग भूमि संरक्षण विभाग सहित अन्य विभागों में एक भी आवेदन प्राप्त नहीं होना आश्चर्य का विषय है.

### जमशेदपुर

## कार्यक्रम में उमड़ रही भीड़, बांटे जा रहे कंबल



- सैकड़ों लाभुकों को मिल रहा योजना का लाभ
- कई आवेदनों का किया गया ऑन द स्पाट निराकरण
- अब तक जिले के कई प्रखंडों में शिविर लगाकर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड सरकार द्वारा चलाया जा रहा कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार जिले के सभी प्रखंड और पंचायतों में पहुंच रही है. रविवार को कार्यक्रम का आयोजन जमशेदपुर, गुड़ाबांदा और पोटका प्रखंड के चार पंचायतों में किया गया था. जिसमें सैकड़ों की संख्या में लाभुकों ने इसका लाभ उठाया. इस कार्यक्रम की शुरुआत 23 नवंबर से की गई है. अब तक जिले के कई प्रखंडों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है. जिले में लोग सबसे ज्यादा शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाने के अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ ले रहे हैं. कई आवेदन का ऑन स्पॉट निपटारा किया जा रहा है. वहीं जो आवेदन ऑन स्पॉट नहीं निपटाए जा रहे हैं उसे जल्द ही निपटा लिया जाएगा.

### साहिबगंज

## प्रखंडों के शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



- समस्या के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर
- कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निबटारा
- विभिन्न विभागों के स्टॉल पर योजना संबंधी आवेदन जमा

साहिबगंज जिले के सभी प्रखंडों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन जमा किया. इस दौरान बरहेट के हिरणपुर पतना के अमडंडा संथाली, बरहरवा के हरिहरा, तालझारी के सातगाछी संथाली, बोरियो के खैरवा, उधवा के दक्षिण सरफराजगंज, राजमहल के गदाई महाराजपुर दियारा व साहिबगंज सदर प्रखंड के गंगा प्रसाद पश्चिम पंचायत में शिविर लगाया गया. राजमहल प्रखंड के गदायी दियारा में आयोजित शिविर में एसपी नौशाद आलम बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए. उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पहुंचाना है. ग्रामीणों की हर समस्या के समाधान के लिए जिला पुलिस प्रशासन तत्पर है. शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल पर ग्रामीणों ने योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए.इस दौरान बीडीओ, सीओ, मुखिया समेत अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ का प्रशस्ति पत्र, छात्राओं को साइकिल की राशि का चेक, जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया. कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निबटारा भी किया गया.

### गढ़वा

## मिला योजनाओं का लाभ, कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान



- योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन भी जमा किए गए
- कंबल तथा अन्य गर्म कपड़ों का भी वितरण किया गया
- जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण का भी वितरण

आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में हुआ शिविर का आयोजन किया गया. आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत पंचायतों में शिविर का आयोजन कर लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया. साथ ही कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया. मंझिआंव के तलसबरिया पंचायत के ग्राम घुरूआ में, मेराल के संगबरिया पंचायत भवन में, भवनाथपुर के कैलान पंचायत भवन के समीप मैदान में, रंका के मानपुर पंचायत भवन में, रमना के मड़वनिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलीदाग-1 में, नगर उंटारी के कुंबाखुर्द पंचायत भवन में एवं गढ़वा के ओबरा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया. इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए. इनमें शिविरों में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए. जिनमें काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शिविर में पहुंच कर विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन जमा किए. वहीं शिविरों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच कंबल तथा अन्य गर्म पोशाक का वितरण किया गया. इसके अलावा पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, ऋण वितरण, बीज वितरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ भी दिए गए. जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया.

### मेदिनीनगर

## नुरू में लगा शिविर, लोगों को मिला योजना का लाभ



- हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी
- लाभुकों को हाथों हाथ आवेदन जमा कराया
- सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं, निराकरण भी

पांकी प्रखंड के नुरू पंचायत के पंचायत सचिवालय सचिवालय परिसर में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह, मुखिया प्रमिला देवी, पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव, युवा समाजसेवी प्रिंस कुमार गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं योग्य लाभुकों को हाथों हाथ आवेदन भी जमा करवाया. मौके पर प्रखंड सह अंचल कर्मियों के अलावे, आशीष कुमार, रंजीत कुमार, शिक्षा विभाग बीपीओ राजू कुमार सिंह, सी.आई महावीर प्रसाद, इंजीनियरिंग कनीय अभियंता मनोज कुमार, डॉ. सरना लकड़ा, कृषि विभाग यशवंत कुमार, महिला प्रवेक्षिका गीता सिंह सहित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे.

### गोड्डा

## अभी पूरा आंकड़ा तैयार नहीं जल्द मिल जाएगा: अविनाश

- प्रखंड कार्यालयों में अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी
- सही दस्तावेजी आकलन अभी तैयार नहीं
- आयोजन को जोर शोर से प्रचारित कर किया जा रहा है

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन जिला के प्रखंड मुख्यालय विभिन्न पंचायतों में एवं शहरी क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में किया जा रहा है. एक पखवाड़े से अधिक समय से इसका आयोजन काफी जोर शोर से किया जा रहा है. पिछले दो सप्ताह से तमाम जिले के अधिकारी से लेकर निचले स्तर के कर्मचारी तक इस कार्य को सफल करने में लगे हुए हैं. जिला मुख्यालय के एवं अन्य प्रखंड कार्यालयों में अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी हुई है. सभी अधिकारी कर्मचारी फील्ड में ही रहने की बात बताते हैं. इस योजना का लाभ जरूरतमंदों तक कितना पहुंच पाया है, इसका सही-सही दस्तावेजी आकलन अभी तैयार नहीं किया जा सका है. आयोजित हो रहे शिविर में जनता की ओर से कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितने आवेदनों का समाधान हुआ है. यह स्पष्ट हो पाया है.

इस मामले में उपायुक्त जिशान कमर ने बताया कि अभी मैं ट्रेनिंग के लिए दिल्ली आया हूं. लौटकर आता हूं सारा आंकड़ा जल्द ही मीडिया को मिल जाएगा. इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर रही वरीय अधिकारी श्रीमती जेसी विनिता केरकेट्टा ने बताया कि सारा आंकड़ा तैयार कर जल्द ही जनसंपर्क विभाग को उपलब्ध करा दिया जाएगा. जहां से सही पत्रकारों को यह आंकड़ा मिल जाएगा.

#### आवेदन की संभावित संख्या पचास हजार से नीचे

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि कितने मामलों का निष्पादन हुआ है और कितने आवेदन प्राप्त हुए इन सभी का आंकड़ा भी तैयार नहीं किया जा सका है. वरीय अधिकारियों से आंकड़ा लेने के बाद ही कुछ जानकारी दे सकूंगा.

### धनबाद

## अबुआ आवास योजना में लोगों की दिलचस्पी सबसे अधिक



- ग्रामीणों के साथ शहरी आबादी भी हो रही लाभांवित
- शिविरों से कुल 48,969 आवेदन प्राप्त हुए
- 39,954 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री हुई

आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना में लोगों की दिलचस्पी अधिक जिले में चल रही आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम से ग्रामीणों के साथ साथ शहरी आबादी भी लाभान्वित हो रही है. लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, कृषि, पेंशन आदि योजनाओं के लिए बढ़ चढ़ कर आवेदन जमा कर रहे हैं. इसमें से कुछ लोगों को ऑन द स्पॉट, वहीं शेष बचे लोगों को तय समय सीमा में योजना का लाभ दिया जा रहा है. पिछले दो दिनों में जिले के विभिन्न पंचायत व नगर निगम में आयोजित शिविरों से कुल 48,969 आवेदन प्राप्त हुए.इसमें से 39,954 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की गई. 18,216 आवेदन को स्वीकृत कर समाधान किया गया. वहीं 16,561 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. 836 लोगों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया. शिविरों में अबुआ आवास के लिए सबसे अधिक 12,569 आवेदन प्राप्त किए गए तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए 177 तथा मनरेगा के लिए 105 आवेदन प्राप्त किए गए. आवेदनों की संख्या काफी कम थी.

# राजनीति में क्राउड फंडिंग

'लेवल प्लेइंग फील्ड' यानी खेल के लिए समान सतह दुनिया भर के लोकतंत्र की मजबूती का एक बड़ा कारक है. इसका अर्थ है कि कोई एक राजनीतिक दल अन्य दलों पर भारी न पड़ जाए. राजनीतिक दलों के प्रचार अभियान और चुनावी प्रबंधन के लिए हर तरह की समानता जरूरी है. लेकिन आर्थिक स्रोतों के मामले में जब असमानता की खाई गहरी हो तो तय है कि चुनाव में समान सतह की उपलब्ध्ता नहीं है. भारत में इस समय यह असमानता साफ तौर पर देखी जा सकती है. इलेक्ट्रॉल बॉन्ड से प्राप्त धनों का असमान वितरण बताता है कि चुनाव लड़ने और उसके प्रबंधन में भारी असमानता वोटरों के मन मिजाज को भी प्रभावित करती है. पांच राज्यों के चुनाव के बाद तो राजनीतिक दलों के बीच धन असमानता की खाई की खूब चर्चा हो रही है. इन पांच में से तीन हिंदी भाषी राज्यों में लगभग चालीस प्रतिशत वोट के बावजूद कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा. दक्षिण के राज्य तेलंगाना में उसे जरूर सांत्वना जीत हासिल हुई और मिजोरम में क्षेत्रीय दलों का दबदबा बना रहा. इन चुनावों को लोकसभा आम चुनाव का सेमीफाइनल के बतौर प्रस्तुत किया गया, लेकिन जैसा कि होता है कि हर चुनाव अलग-अलग समय में लड़े जाते हैं और वे अलग कारकों से प्रभावित भी होते हैं. लेकिन धन असमानता की खाई इससे नहीं पाटी जा सकती. कांग्रेस ने क्राउड फंडिंग का अभियान छेड़ कर भारतीय चुनावों के संदर्भ में कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े कर दिए हैं. इस तरह के प्रश्न तो चुनावों में सुधार की मांग करने वाले अनेक प्रमुख संगठन भी उठाते रहे हैं. एडीआर जैसे संगठन तो समय-समय पर इस संदर्भ में विस्तृत रिपोर्ट के माध्यम से देश का ध्यानाकर्षण करते रहे हैं. कांग्रेस ने अब सीधे जनता से चंदा उगाहने का फैसला किया है. आम तौर पर राजनीति में इसे एक बेहतर रास्ता समझा जाता है. इससे पार्टियां थैलीशाहों पर निर्भर होने से बचती हैं, जबकि इस माध्यम से चंदा देने वाले लोगों से उनका जीवंत रिश्ता भी बनता है. इससे चंदा देने वालों के प्रति उनकी एक न्यूनतम जिम्मेदारी बनने की संभावना भी जगती है. दुनिया भर में चुनावी लोकतंत्र पर थैलीशाहों का शिकंजा कस गया है, जिससे ये व्यवस्थाएं धनिक-तंत्र में तब्दील हो गई हैं. अमेरिका में 2016 में जब बर्नी सैंडर्स डेमोक्रेटिक पार्टी का राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की होड़ में उतरे तो उन्होंने छोटे चंदों को अपने अभियान की खास पहचान बतायी. उनकी टीम ने तब एलान किया था कि सैंडर्स को लाखों छोटे चंदे मिले और उस रकम का औसत सिर्फ 18 डॉलर था. यह दीगर बात है कि सैंडर्स की व्यापक लोकप्रियता के बावजूद अंततः थैलीशाहों और उनके लॉबिस्ट्स ने उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनने दिया. अब भारत में कांग्रेस ने इस मॉडल को अपनाने का फैसला किया है. इसका असर क्या होगा यह आम चुनाव में प्रकट होगा. इससे राजनीति कितना बदलेगी यह सवाल भी बना ही रहेगा.

> एडीआर जैसे संगठन तो समय-समय पर इस संदर्भ में विस्तृत रिपोर्ट के माध्यम से देश का ध्यानाकर्षण करते रहे हैं. कांग्रेस ने अब सीधे जनता से चंदा उगाहने का फैसला किया है. आम तौर पर राजनीति में इसे एक बेहतर रास्ता समझा जाता है.

## सुभाषित

**दीपो भक्षयते ध्वान्तं कज्जलं च प्रसूयते।**
**यादृशं भक्षयेदन्नं जायते तादृशी प्रजा।।**


जिस प्रकार दीपक अंधकार का भक्षण कर उजियारा करता है, परन्तु जल कर कालिख भी छोड़ता है, उसी प्रकार जैसा अन्न हम खाते हैं उसका असर हमारे बच्चों पर भी पड़ता है. इसलिए खान-पान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि परिवार लोक कल्याणकारी बन सके.

# जम्मू-कश्मीर में बदलाव की आहट

**जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने पांच अगस्त 2019 को मंजूरी दी. तब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला कदम' कहा था. भारत के संविधान में 17 अक्टूबर, 1949 को अनुच्छेद 370 शामिल किया गया था. यह जम्मू-कश्मीर को भारत के संविधान से अलग रखता था. इसके तहत राज्य सरकार को अधिकार था कि वह अपना संविधान स्वयं तैयार करे.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

जब मैं पंजाब का कार्यभार संभाल रहा था तो उस समय कुछ ही दिन पहले पंजाब से आतंकवाद खत्म हुआ था, लेकिन भय की स्थिति यह थी कि शाम होते ही थानों में ताले बंद हो जाते थे और सड़कें सुनसान हो जाती थीं. लेकिन पुलिस हर गली नुक्कड़ पर छुपकर बैठी रहती थी और जैसे ही किसी तरह की सुगबुगाहट होती, वे सामने आ जाते थे. फिर आपको आवाजाही में कोई परेशानी नहीं होती थी . चूंकि प्रेस जालंधर के फोकल प्वाइंट पर था, जो सुनसान ही पड़ा रहता था. केवल प्रेस के वहां पहुंचने से लोगों की आवाजाही बढ़ी थी, इसलिए छुटपुट घटनाएं अमूमन हो जाया करती थीं. जब इसकी जानकारी शहर के तत्कालीन एसएसपी गौरव यादव (वर्तमान में डीजीपी पंजाब) को दी गई, तो उन्होंने तत्काल प्रेस के आसपास पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाकर हमारे साथ जुड़े सदस्यों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करा दिए थे. फिर हमें जम्मू कश्मीर का भी कार्यभार संभालने का अवसर मिला . यह सब पाठकों को बताने का उद्देश्य यह है कि अब जो भारत-पाकिस्तान के बंटवारे की बात बाहर की कौन कहे संसद में भी की जाती है, उसमें सच की कमी होती है, क्योंकि पूर्ववर्ती नेताओं द्वारा आगे के लिए एक ऐसी लकीर खींच दी गई है, ताकि नई पीढ़ी उससे इतर कुछ सोच ही न सके. उक्त दोनों राज्यों में रहते हुए सीमावर्ती इन दोनों राज्यों के लोगों को समझने का प्रयास किया तो ऐसा लगा कि आजादी के बाद से आज तक किसी भी सरकार ने इन पीड़ितों के साथ कोई इंसाफ किया ही नहीं. फिर दुखी दिलों के गुबार निकालने के लिए एक कालम चलाया 'बंटवारे का दुख'. इसमें उन पीड़ित लोगों से बात की गई जो बेघर होकर हिंदुस्तान तो आ गए, लेकिन फिर पाकिस्तान में छूट गए परिवार से कभी मिल ही नहीं पाए. इतिहासकार इश्तियाक अहमद अपनी किताब '1947 में पंजाब का बंटवारा' में लिखते हैं कि तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष आचार्य जेबी कृपलानी ने पंजाब की एक यात्रा के बाद 28 मई को एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस भारत के विभाजन के विरुद्ध है. मगर यह (बंटवारा)होता है तो, देश के इस तरह के विभाजन की जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर मुस्लिम लीग और फिर ब्रिटिश सरकार की होगी और अगर विभाजन होना ही है तो इसे निष्पक्ष होना चाहिए.

जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने पांच अगस्त 2019 को मंजूरी दी. तब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला कदम' कहा था. भारत के संविधान में 17 अक्टूबर, 1949 को अनुच्छेद 370 शामिल किया गया था. यह जम्मू-कश्मीर को भारत के संविधान से अलग रखता था. इसके तहत राज्य सरकार को अधिकार था कि वह अपना संविधान स्वयं तैयार करे. साथ ही संसद को अगर राज्य में कोई कानून लाना है तो इसके लिए यहां की सरकार की मंजूरी लेनी होती थी. जम्मू कश्मीर के भारत में विलय पर उठने वाले सभी प्रश्न समाप्त हो गए हैं. लोकतंत्र में राजशाही का आभास कराने वाली 'दरबार मूव' की परम्परा समाप्त हो गई. अब एक वर्ग, विशेषकर मुस्लिम तुष्टीकरण और कश्मीर केंद्रित ऑटोनॉमी और सेल्फ रूल की सियासत नहीं, बल्कि जम्मू कश्मीर के समग्र विकास की सियासत पर बात होने लगी है. आतंकियों और अलगाववादियों का तंत्र अब ताश के महल की तरह ढह चुका है. वैसे अब सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने लम्बी बहस सुनने के बाद धारा 370 की अहमियत को समाप्त कर दिया है.

आम कश्मीरी खुली फिजा में सांस ले रहा है. फिर से जीवंत होती सिनेमा संस्कृति बता रही है कि कश्मीर कभी भी पुरातनपंथियों के साथ नहीं था. लगभग 80 हजार करोड़ रुपए का देशी विदेशी निवेश हो रहा है. जम्मू कश्मीर पूरे हिंदुस्तान में एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां दो-दो एम्स और दो केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अलावा आइआइटी और एनआइटी जैसे संस्थान पहुंच चुके हैं. जम्मू कश्मीर में जो एक तरह से इस्लामिक कट्टरवाद, कश्मीर के रास्ते भारत पर जिहादी आक्रमण का रास्ता तैयार हुआ था, वह बंद हो गया है. आज पूरे भारत से कोई भी नागरिक जम्मू कश्मीर में आकर बस सकता है, जमीन जायदाद खरीद सकता है. वहां ओबीसी को उसका हक मिला है. जम्मू कश्मीर की विधानसभा में कश्मीरी हिंदुओं और गुलाम जम्मू कश्मीर के शरणार्थियों को विधानसभा में प्रतिनिधित्व मिला है. अनुसूचित जनजातीय समुदायों के लिए विधानसभा में पहली पहली बार नौ सीटें आरक्षित हुईं, तो यह अनुच्छेद 370 के उन प्रविधानों को हटाए जाने के कारण ही संभव हुआ जो जम्मू कश्मीर को एक अलग संविधान और निशान प्रदान करते थे. इसके साथ ही अनुच्छेद 35ए समाप्त किया गया है. यह वह अनुच्छेद था जो जम्मू कश्मीर में स्टेट सब्जैक्ट जिसे स्थाई नागरिकता प्रमाण पत्र कहा जाता है. जम्मू कश्मीर में बसने, विधानसभा, पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में भाग लेने या उनमें मताधिकार के लिए स्टेट सब्जैक्ट होना जरुरी है. यह वही कानून था, जिसके कारण अगर जम्मू कश्मीर की कोई लड़की प्रदेश से बाहर किसी पुरुष से शादी करती थी तो उसका जम्मू कश्मीर में संपत्ति पर एवं जम्मू कश्मीर में मताधिकार करने का अधिकार समाप्त हो जाता था. यही वह कानून था जो किसी को जम्मू कश्मीर में बसने और निवेश करने से रोकता था. इन दोनों प्रावधानों के समाप्त होने के बाद जहां जम्मू कश्मीर के लोगों के बीच भारत से अलग होने के जो थोड़े बहुत भाव जगाए गए थे, वे समाप्त हो गए हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अतुष्टि और असंतोष

एक राजा का जन्मदिन था. प्रातः जब वह नगर भ्रमण को निकला, तो उसने निश्चय किया कि वह मार्ग में मिलने वाले पहले व्यक्ति को पूरी तरह खुश व संतुष्ट करेगा. सामने से आता हुआ एक भिखारी दिखा. भिखारी ने राजा से भीख मांगी तो राजा ने भिखारी की तरफ एक तांबे का सिक्का उछाल दिया. सिक्का भिखारी के हाथ से छूट कर नाली में जा गिरा. भिखारी नाली में हाथ डाल तांबे का सिक्का ढूंढ़ने लगा. राजा ने उसे बुला कर दूसरा तांबे का सिक्का दिया. भिखारी ने प्रसन्न होकर वह सिक्का अपनी जेब में रख लिया और वापस जाकर नाली में गिरा सिक्का ढूंढ़ने लगा. राजा को लगा कि भिखारी बहुत दरिद्र है, उसने भिखारी को पुनः बुलाया और उसे एक चांदी का सिक्का दिया. भिखारी ने राजा की जय जयकार करते हुए चांदी का सिक्का रख लिया और पुनः दौड़कर नाली में गिरे तांबे वाले सिक्के को ढूंढ़ने लगा. राजा ने फिर से उसे बुलाया और इस बार भिखारी को एक सोने की मोहर दी. भिखारी खुशी सें झूम उठा, किन्तु शीघ्र ही भाग कर, वह अपना हाथ नाली की तरफ बढ़ाने लगा. राजा को बहुत ही बुरा लगा. उसके इस व्यवहार पर गुस्सा आया, किन्तु सहसा उसे अपना संकल्प स्मरण हो आया. उसे आज पहले मिलने वाले व्यक्ति को पूर्ण खुश एवं संतुष्ट करना है. उसने भिखारी को निकट बुलाया और कहा कि 'मैं तुम्हें अपना आधा राज-पाट देता हूँ, अब तो खुश व संतुष्ट हो जा मेरे बंधु!' भिखारी बोला, 'खुश और संतुष्ट तो मैं तभी हो सकूंगा, जब नाली में गिरा वह तांबे का सिक्का भी मुझे मिल जायेगा!!' मानव मन की तृष्णाओं का कोई अंत नहीं होता! तुच्छ सी वस्तु में भी आसक्त व्यक्ति, बड़ी वस्तु पाकर भी तुष्ट संतुष्ट नहीं होता. यहां तक कि वह तुच्छ वस्तु मिल भी जाए, तो भी उसका संतुष्ट होना दुष्कर है. तृष्णा ऐसी आग है, जिसमें कितने भी सुख डाल दो, तृप्त होने वाली नहीं. भारत की दो बड़ी समस्याएं भी इसी तृष्णाग्नि का प्रतिफल हैं-अतुष्टि और असंतुष्टि. जो इन समस्याओं के शिकार हैं. वे किसी भी उपाय से तुष्ट और संतुष्ट होने वाली नहीं. इस प्रकार की प्रवृत्ति जबतक रहेगी, तबतक यह 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' संस्कृति का सुखभक्षण करती ही रहेगी. इसलिए तृष्णा की आग को शांत करने के बजाय बुझाने की दिशा में प्रयत्न होना चाहिए.

# पठ्यक्रमों में बदलाव : कितना कारगर

• शिक्षा

राम पुनियानी

भाजपा सरकार केंद्र में अपनी सत्ता की दूसरी पारी के अंत की ओर है. करीब दस साल की इस अवधि में सरकार ने देश के लगभग सभी संस्थानों और संस्थाओं की दशा और दिशा में जो बदलाव किये हैं, वे सबके सामने हैं. ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ वह सब कुछ किया, जो वे कर सकती थीं. कई मौकों पर चुनाव आयोग की भूमिका भी निष्पक्ष नहीं रही है. इस बीच, यूजीसी और एनसीईआरटी शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रमों में सत्ताधारी दल को सुहाने वाले परिवर्तन करने में व्यस्त रही हैं.नयी शिक्षा नीति (एनईपी) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है. सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं, जिनसे विद्यार्थियों के मनो-मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें. सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमज़ोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने-धमकाने का अभियान शुरू किया. इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया. तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रस्तावित किया कि प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक बहुत ऊंचे खम्बे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए. यह भी प्रस्तावित किया गया कि जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कैंपस में सेना का एक टैंक स्थापित किया जाए. वह इसलिए क्योंकि वहां के विद्यार्थी ऐसे मसले उठा रहे थे जो सरकार को पसंद नहीं थे. यूजीसी ने एक और सर्कुलर जारी कर कहा है कि कॉलेजों में 'सेल्फी पॉइंट' बनाए जाने चाहिए जिनकी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी का चित्र हो. कहने की ज़रूरत नहीं कि यह 2024 के आमचुनाव की तैयारी है. किसी भी प्रजातान्त्रिक देश में ऐसा नहीं होना चाहिए. क्या सरकार को किसी भी एक पार्टी के शीर्ष नेता का प्रचार करना चाहिए? क्या यह प्रजातान्त्रिक मानकों का उल्लंघन नहीं है? प्रजातान्त्रिक और संवैधानिक मूल्यों का इस तरह का खुल्लमखुल्ला मखौल क्या सरकार द्वारा अपनी शक्तियों के घोर दुरुपयोग के श्रेणी में नहीं आता? इससे भी एक कदम आगे बढ़कर, यह निर्देश जारी किया गया है कि कक्षा सात से लेकर कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों को इतिहास के पाठ्यक्रम के भाग के रूप में 'रामायण' और 'महाभारत' पढ़ाया जाना चाहिए (टाइम्स ऑफ़ इंडिया, 22 नवम्बर, 2023). एनसीईआरटी के एक्सपर्ट पैनल के अनुसार, इससे देश के लोगों में देशभक्ति और स्वाभिमान के भाव जागृत होंगे और वे अपने देश पर गर्व करना सीखेंगे! भारत के ये दो महान महाकाव्य निश्चित तौर पर हमारे पौराणिक साहित्य का हिस्सा हैं. वे उस समय के सामाजिक मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस समय वे लिखे गए थे. हम इन महाकाव्यों से उस समय के समाज के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं.रामायण भारत में ही नहीं, वरन श्रीलंका, थाईलैंड, बाली और सुमात्रा सहित एशिया के कई देशों में अत्यंत लोकप्रिय हैं. रामायण के कई अलग-अलग संस्करण हैं. रामायण के मूल लेखक वाल्मीकि थे. गोस्वामी तुलसीदास ने जनभाषा अवधी में उसका अनुवाद कर उसे आम जनता तक पहुंचाया. सोलहवीं सदी से रामायण उत्तर भारत की जन संस्कृति का हिस्सा बनी हुई है. यह भी कहा गया है कि पाठ्यपुस्तकों में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया जाए. ऐसा बताया जा रहा है कि चूंकि हमारे देश को इंडिया नाम अंग्रेजों ने दिया था अतः वह गुलामी का प्रतीक है. इस तथ्य को जानबूझकर छुपाया जा रहा है कि हमारे देश के लिए इंडिया से मिलते-जुलते शब्दों का प्रयोग अंग्रेजों के भारत आने से बहुत पहले से हो रहा है. ईसा पूर्व 303 में मेगस्थनीज ने इस देश को इंडिका बताया था. सिन्धु नदी के नाम से जुड़े हुए शब्द भी लम्बे समय से इस्तेमाल हो रहे हैं. हमारे संविधान में प्रयुक्त वाक्यांश 'भारत दैट इज़ इंडिया' का कोई जवाब नहीं है. मगर हिन्दू राष्ट्रवादी एजेंडा के चलते 'इंडिया' शब्द उन्हें असहज करता है. वे भारत के इतिहास को नए सिरे से कालखंडों में विभाजित करना चाहते हैं. इतिहास के सबसे पुराने कालखंड, जिसे अंग्रेज़ हिन्दूकाल कहते हैं, को वे 'क्लासिक' (श्रेष्ठ या उत्कृष्ट) काल कहना चाहते हैं. उद्देश्य है इस कालखंड में प्रचलित मूल्यों को हमारे समाज के लिए आदर्श निरूपित करना. ये मूल्य, जो 'मनुस्मृति' में वर्णित हैं, वही हैं जिनके विरुद्ध अम्बेडकर ने विद्रोह का झंडा उठाया था और 'मनुस्मृति' का दहन किया था.

> यूजीसी ने एक और सर्कुलर जारी कर कहा है कि कॉलेजों में 'सेल्फी पॉइंट' बनाए जाने चाहिए जिनकी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी का चित्र हो. कहने की ज़रूरत नहीं कि यह 2024 के आमचुनाव की तैयारी है. किसी भी प्रजातान्त्रिक देश में ऐसा नहीं होना चाहिए. क्या सरकार को किसी भी एक पार्टी के शीर्ष नेता का प्रचार करना चाहिए?

# संप्रभुता एक राजनीतिक अवधारणा

• राज्यनामा

अरुण श्रीवास्तव

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दिसंबर को अपने फैसले में संविधान की धारा 370 को निरस्त करने को बरकरार रखा, जिसके बहुआयामी निहितार्थ हैं. शीर्ष अदालत ने धारा 370 की उपधारा (बी) को हटा दिया, लेकिन उसने सीधे तौर पर यह घोषणा नहीं की कि धारा 370 का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा. उपधारा (बी) के अस्तित्व समाप्त होने की पृष्ठभूमि में, यह माना जा सकता है कि धारा 370 अप्रचलित हो गई है और अस्तित्वहीन है. बेशक, आरएसएस, भाजपा और मोदी जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की अपनी योजना की सफलता का दावा कर सकते हैं और इसे 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास कर सकते हैं. परन्तु संभवतः हिंदू मध्यम वर्ग के मतदाताओं और भक्तों के एक वर्ग के मानस को प्रभावित करने में सफल होने पर, यह निकट भविष्य में राजनीतिक कार्रवाइयों और जवाबी प्रतिक्रियाओं की एक श्रृंखला शुरू कर देगा. पीठ ने फिर भी फैसला सुनाया कि 'जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है' और 1947 के विलय पत्र के माध्यम से उसने भारत संघ को 'पूर्ण रूप से और अंततः आत्मसमर्पित' कर दिया था और धारा 370 एक अस्थायी उपाय मात्र था. निश्चित रूप से यह जम्मू-कश्मीर के आम लोगों की गलती नहीं है कि उनके पास 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं है, जो अन्य राज्यों द्वारा प्राप्त संप्रभुता से अलग है. यदि जम्मू-कश्मीर ने पूरी तरह से और अंततः आत्मसमर्पण कर दिया था, तो सरकार ने रक्षा, विदेशी मामलों और मौद्रिक लेनदेन को 370 के दायरे में क्यों रखा और बाकी सब कुछ स्थानीय प्रशासन पर छोड़ दिया, जिसे दिन-प्रतिदिन शासन करना था.ऐसी स्थिति में सभी निर्णय और प्रशासनिक कार्रवाइयां अप्रासंगिक मानी जायेंगी और उनकी कोई संवैधानिक या कानूनी वैधता नहीं होगी. संप्रभुता एक व्यापक शब्द है और यह भारतीय संदर्भ तक ही सीमित नहीं है. वास्तव में यह एक राजनीतिक अवधारणा है जो प्रमुख शक्ति या सर्वोच्च सत्ता को संदर्भित करती है. राजशाही में, सर्वोच्च शक्ति 'संप्रभु' या राजा में निहित होती है. आधुनिक लोकतंत्रों में, संप्रभु शक्ति लोगों के पास होती है और इसका प्रयोग प्रतिनिधि निकायों के माध्यम से किया जाता है. जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर में एक विधानसभा थी, इसके सदस्यों का चुनाव राज्य की जनता द्वारा किया जाता था.यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि संविधान पीठ के न्यायाधीशों में से एक ने धारा 370 के निरस्तीकरण को बरकरार रखते हुए कम से कम 1980 के दशक से जम्मू-कश्मीर में 'राज्य और राज्य के बाहर के सक्रिय' तत्वों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच करने और 'सुलह के उपायों' की सिफारिश करने के लिए 'सच्चाई और सुलह आयोग' की स्थापना की सिफारिश की. यह कहते हुए कि 'आगे बढ़ने के लिए, घावों को ठीक करने की आवश्यकता है,' सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठता में दूसरे नंबर पर न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने कहा, 'स्मृति के लुप्त होने से पहले, इस आयोग का गठन शीघ्रता से किया जाना चाहिए. इसे समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए. युवाओं की एक पूरी पीढ़ी पहले से ही अविश्वास की भावनाओं के साथ बड़ी हुई है और क्षतिपूर्ति का हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य उन्हीं के प्रति है.'एक बार जब कश्मीर के लोग अपने मार्गदर्शन और भविष्य का फैसला करने के लिए अपनी सरकार बना लेते हैं, तो वे घाटी में बाहरी लोगों के जमीन खरीदने के प्रावधान को खत्म कर सकते हैं. यह उन मुख्य कारकों में से एक है जिसने आरएसएस और भाजपा नेतृत्व को सुरक्षा प्रदान करने वाले 370 को निरस्त करने के लिए प्रेरित किया. यदि अदालत को लगता है कि धारा 370 में संशोधन के लिए संसद द्वारा धारा 367 का सहारा लेना 'संवैधानिक रूप से अमान्य' था तो वह इसे निरस्त करने की मंजूरी कैसे दे सकती है. इसने यह भी कहा कि धारा 370 को धारा 367 के तहत शक्ति के प्रयोग से संशोधित नहीं किया जा सकता है, जो केवल एक व्याख्यात्मक खंड है और कोई संशोधन शक्ति या प्रावधान नहीं है. ग़लत तो ग़लत है. 'दुर्भावनापूर्ण' राजनीतिक इरादे को रेखांकित करना बहुत मुश्किल है. मोदी सरकार इस बारे में कोई ठोस और उचित स्पष्टीकरण नहीं दे सकी कि किस वजह ने उसे राज्य को विभाजित करने के लिए प्रेरित किया.

> संप्रभुता एक व्यापक शब्द है और यह भारतीय संदर्भ तक ही सीमित नहीं है. यह एक राजनीतिक अवधारणा है जो प्रमुख शक्ति या सर्वोच्च सत्ता को संदर्भित करती है. राजशाही में, सर्वोच्च शक्ति 'संप्रभु' या राजा में निहित होती है. संप्रभु शक्ति लोगों के पास होती है और इसका प्रयोग प्रतिनिधि निकायों के माध्यम से किया जाता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# व्यापार का धुंधला क्षितिज

अक्टूबर महीने में एक दुर्लभ उछाल पाने के बाद, भारत का माल निर्यात पिछले महीने संकुचन का शिकार होकर 2022 के स्तर से 2.8 फीसदी गिरकर 33.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया. आयात 4.33 फीसदी गिरकर 54.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हो गया, जिससे माल व्यापार घाटा 20.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक कम हो गया, जोकि अक्टूबर महीने के रिकॉर्ड उच्च स्तर से लगभग एक तिहाई कम है. क्रमिक आधार पर, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा अक्टूबर महीने के आयात बिल को शुरुआती 65 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुमान से 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर कम करने के बावजूद, आयात में गिरावट तेज रही. दूसरी ओर भले ही नवंबर महीने में निर्यात में गिरावट आई, लेकिन यह निर्यात अक्टूबर के मुकाबले ज्यादा था. अक्टूबर महीने में निर्यात 12 महीनों में सबसे कम था.



फिर भी, नवंबर महीने के उलट निर्यात में साल-दर-साल आधार पर बढ़ोतरी का संकेत मिला. इस किस्म के सांख्यिकीय शोर-शराबे को सुनना मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह साफ है कि पिछले दो महीनों के दौरान निर्यात ने एक साल में सबसे कमजोर मूल्य दर्ज किया है. इसी तरह, नवंबर महीने में आयात में उल्लेखनीय गिरावट के लिए रत्न एवं आभूषण जैसे उच्च मूल्य वाले सामानों की विवेकाधीन मांग में गिरावट और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में वैश्विक गिरावट जैसे कारकों को जिम्मेदार माना जा सकता है. अर्थशास्त्रियों को साल के शेष चार महीनों के दौरान व्यापार घाटा 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बीच रहने की उम्मीद है. लेकिन यह निश्चित होना मुश्किल है. यहां यह तथ्य याद रखा जा सकता कि सितंबर में 10 फीसदी से ज्यादा कम होने और अक्टूबर में फिर से बढ़ने से पहले अगस्त में आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर 60.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया था. हर दूसरे महीने एक प्रकार के उतार-चढ़ाव वाले (यो-यो) प्रभाव के साथ इस किस्म के विचलन को समझना जोखिम भरा है और कुछ महीनों की सापेक्ष निश्चितता के बाद वापस आने वाले महत्वपूर्ण आंकड़े संबंधी सुधारों से यह जोखिम और बढ़ जाता है. अगस्त के माल व्यापार घाटे में लगभग तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी आई, जबकि कुल निर्यात-आयात के आंकड़ों में 5 बिलियन डॉलर का संशोधन देखा गया. (द हिंदू)

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### दर्शन/प्रदर्शन

**दर्शन** दो घनश्याम नाथ मोरी अंखियां प्यासी रे. हिंदी साहित्य के स्वनामधन्य कवि एवं गीतकार गोपाल सिंह नेपाली इस गीत की रचना 1957 में आयी फिल्म नरसी मेहता के लिए की थी. यह गीत अपने समय से लेकर आजतक लोकप्रियता के शीर्ष पर है. इसे मन्ना डे और सुधा मल्होत्रा ने आवाज दी थी. यह भजन कथावाचक विद्वानों द्वारा तो गाया ही जाता है, मंदिरों में भी प्रायः गूंजता रहता है. भजन का पहला शब्द है दर्शन, जो भारतीय संस्कृति में अपना विशिष्ट स्थान रखता है. हम मंदिरों में अपने इष्ट देवी या देव के दर्शन के लिए जाते हैं. किसी श्रद्धेय से मिलने पर शिष्टता पूर्वक कहा जाता है हम आपके दर्शन को आये हैं. दर्शन संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. दर्शन शब्द का मतलब है देखने की क्रिया या भाव, साक्षात्कार, भेंट, किसी विचारक, लेखक, नेता आदि की विचारधारा या सिद्धांत, जैसे चार्वाक-दर्शन, गांधी-दर्शन, दिखायी देने वाला रूप, धर्म, मोक्ष आदि से संबंधित शास्त्र या विज्ञान. आमंत्रण पत्र में आमंत्रित करनेवाला स्वयं को दर्शनाभिलाषी लिखता है. दर्शन शब्द से ही दर्शनार्थी शब्द बनता है, जिसका मतलब है दर्शन का इच्छुक, देखने का उत्सुक, तमाशबीन, दर्शक, तीर्थयात्री. दर्शनीय का अर्थ है देखने या दिखाने के योग्य, प्रेम और आदर के साथ देखने के योग्य, मोहक, मनोहर, खूबसूरत. दर्शाना का मतलब है दिखाना, जाहिर करना, बताना, जिक्र करना, सामने लाना, हाव-भाव से प्रकट करना. दर्शन शब्द में जब 'प्र' उपसर्ग लगता है तो शब्द बनता है प्रदर्शन. दर्शन की तरह ही प्रदर्शन भी बहुप्रचलित और बहुत अधिक प्रयोग में आनेवाला शब्द है. इसका अर्थ है नाटक, खेल आदि को दिखाने की क्रिया, प्रस्तुति, आकृति, रूप, प्रस्तुति, आकृति, रूप, शक्ल, शिक्षण, उपदेश, उदाहरण, दृष्टांत, राजनीतिक, सामाजिक आदि प्रश्नों या समस्याओं पर अपने विचारों, विरोध या सहमति आदि की सार्वजनिक अभिव्यक्ति. राजनीति में प्रदर्शन को हथियार माना जाता है. तभी तो आये दिन कहीं न कहीं प्रदर्शन होता रहता है.

# बुखार बनाम असाधारण बुखार

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

पिछले पचास वर्ष में बुखार के अनेक प्रकार प्रचलन में आ गए हैं. कुछ बुखार के प्रकार तो नाम से ही इतने भयंकर जान पड़ते हैं कि सुनकर डर लगने लगता है. जैसे डेंगू बुखार, मलेरिया बुखार, काला बुखार. कोरोना को तो महाबुखार कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी. इतना सबकुछ होने के बावजूद इस नश्वर संसार में बुखार को कोई गंभीरता से नहीं लेता. होता यह है कि साधारण बुखार बनाम असाधारण बुखार का द्वंद्व बना रहता है. एक बार एक सज्जन से हमने कहा - "हमें बुखार आ गया है." सुनते ही उन सज्जन ने बहुत सामान्य भाव से उत्तर दिया- "बुखार हमें भी आया था. पांच -छह दिन में ठीक हो गया. आता रहता है. ठीक होता रहता है. बुखार को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए." हमने कहा "हमारा बुखार वह वाला बुखार नहीं है, जो सबको आता है." वह बोले "बुखार कोई भी हो, उसकी प्रजाति तो बुखार ही रहेगी. ऐसा या वैसा चाहे हो जैसा, लेकिन बुखार को बुखार ही कहा जाएगा." जिसको बुखार आता है, वह अपने बुखार को सबसे अलग मानते हुए सबको समझाना चाहता है. लेकिन असमर्थ रहता है. हां, जब विशेष प्रकार के बुखार वाले दस-बीस लोग किसी पार्क में जमा होते हैं, तब वह एक दूसरे की मनोदशा को सही प्रकार से समझ पाते हैं. एक जना कहता है कि उसके बुखार को डेढ़ महीना हो गया. दूसरा कहता है दो महीने हो गए. अभी तक जोड़ों में दर्द है. घुटने दुखते हैं, पैरों में सूजन है, कंधे जकड़े हुए हैं. पूरा शरीर कष्ट देता है. तब जाकर समान अनुभूति के आधार पर वे दस-बीस लोग एक दूसरे के बुखार को सही प्रकार समझ पाते हैं और उनकी सहानुभूति एक दूसरे के प्रति उत्पन्न हो पाती है. वह आपस में चर्चा करते हैं कि बुखार जानलेवा था. बस भगवान की कृपा से बच गए. उनकी अनुभूति को केवल उनके प्रकार के बुखार वाले लोग ही समझ पाते हैं. जिसे कोरोना जैसा महाबुखार हुआ ही नहीं, वह क्या जाने कि कोरोनावालों को महाकष्ट के किस दौर से गुजरना पड़ा है. जाके पांव न फटी बिवाई, सो क्या जाने पीर पराई. बाकी दुनिया बुखार के महत्व को क्या जाने ! उसे तो हृदय आघात, मस्तिष्क आघात और डायलिसिस की दुनिया से बाहर निकल कर किसी बड़ी बीमारी को जांचने-परखने की फुर्सत ही कहां मिली है! हम भले ही कहें कि हमारे बुखार का प्रकार कुछ अलग है, लेकिन वे यही कहते हैं कि गंभीर रोगों की जो श्रेणी होती है, उसमें आपका बुखार कभी भी शामिल नहीं किया जा सकता. अतः आपको गंभीरता से कोई कैसे ले सकता है?



# रफ्तार टेक्नो



प्रेम आनंद
आईटी एक्सपर्ट

**सिम कार्ड का इस्तेमाल करके ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर ठगी जैसे क्राइम को अंजाम दिया जाता है. जाहिर है ऐसे स्कैम के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सिम भी फर्जी ही होगा. ऐसे में यह जानकारी रखना जरूरी है कि कहीं हमारे नाम पर कोई फर्जी सिम तो जारी नहीं.**

## आपके नाम पर कितने सिम कार्ड एक्टिवेटेड हैं?

आधार कार्ड एक जरूरी डॉक्यूमेंट है. यह हमारे जीवन को जितना सरल बनाता है कभी कभी उतना ही जोखिम में भी डाल देता है क्योंकि आधार कार्ड से फ्रॉड करना बेहद ही आसान हो गया है. बता दें कि सरकार के द्वारा बनाए गए सख्त नियमों के बाद भी स्कैमर्स फ्रॉड करके आपके आधार कार्ड से फर्जी सिम निकाल लेते हैं. कई बार तो यूजर्स को पता ही नहीं होता कि उनके नाम से कोई और सिम कार्ड भी इस्तेमाल किया जा रहा है. इसलिए आपके लिए यह बहुत जरूरी है कि आपको आपके नाम पर जारी सिम कार्ड की जानकारी हो. आजकल हर सिम बिना आधार कार्ड के जारी नहीं किया जाता है. आपके आधार कार्ड पर कितने नंबर रजिस्टर्ड हैं ये पता लगाना बहुत ही आसान है. एक आईडी पर नौ सिम ली जा सकती है. अगर आपको शक है कि आपके आधार पर कोई सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहा है तो आपको इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए.



### इस पोर्टल से मिलेगी जानकारी

भारतीय दूरसंचार विभाग ने एक पोर्टल जारी किया है. जिसके जरिए आप यह पता लगा सकते हैं कि आपके नाम पर कितनी सिम जारी है. इसके लिए आपको सबसे पहले tafcop.sancharsaathi.gov.in पर जाना होगा. यहां पर आपको अपना मोबाइल नंबर डालना होगा. इसके बाद आपके पास एक ओटीपी आएगा. इसे दर्ज करें. ओटीपी को दर्ज करने के बाद आपके आधार नंबर से लिंक सभी मोबाइल नंबर की लिस्ट दिखने लगेगी.

### कहीं नौ सिम तो कहीं 6

एक आईडी पर अधिकतम 9 सिम हो सकता है जारी बता दें कि एक आईडी पर मैक्सिमम 9 सिम जारी किए जाते हैं. वहीं, कुछ राज्यों में मैक्सिमम 6 सिम दिए जाते हैं जिनमें असम, जम्मू - कश्मीर और उत्तर पूर्वी राज्य शामिल हैं.

### अनचाहे नंबर मिलने पर तुरंत करें शिकायत

दिए गए लिस्ट में कोई ऐसा नंबर मिलता है जिसे आप इस्तेमाल नहीं करते हैं या जिसके बारे में आपको जानकारी भी नहीं है, तो आप उसकी शिकायत कर सकते हैं. फिर सरकार द्वारा इसकी जांच की जाएगी. जांच पूरी होने पर नंबर को ब्लॉक कर दिया जाएगा.

## अस्सी-नब्बे के दशक के वे गजेट्स

# हमारे वे पुराने गजेट्स और मासूम सा जमाना

**समय एक बार फिर करवट बदल रहा है. वर्ष 2024 वक्त की दहलीज पर खड़ा है. हम एक कदम और आगे बढ़ने को आतुर हैं. नए साल में तकनीक और रफ्तार की नई चीजें हमारा स्वागत करेंगी. ऐसे में पुरानी यादें भी मन में घुमड़ती हैं. वक्त के साथ तारतम्य बैठाते हुए जहां घड़ी, मोबाइल, टीवी यहां तक की हमारे फैन और बल्ब भी स्मार्ट हो गए हैं, याद आते हैं अस्सी और 90 दशक के वे चंद गजेट्स जो हमारी खुशियों का खजाना हुआ करते थे. आइए, आगे बढ़ने से पहले एक बार फिर पुरानी यादों की तरफ पलटें...**









### एनालॉग कैमरा




जब जहां जितना क्लिक करना चाहिए, कर लीजिए, अस्सी-नब्बे के दशक में जमाना ऐसा नहीं था. कोडक-यशिका जैसे एनालॉग कैमरा रीलों पर चलने वाला वह जमाना था जब एक-एक क्लिक करते समय रील का हिसाब भी कहीं न कहीं मन में चलता रहता था. फिर उन्हें साफ कराने और प्रिंट सामने आने तक का इंतजार और उसके बाद एल्बम में सजाने का जतन....जाने कितनी यादें इनसे जुड़ी हैं. आजकल हमारे पास डिजिटल कैमरे, डीएसएलआर और मोबाइल है जो कई तस्वीरें ले सकते है. पर आज भी दिल के किसी कोने में एनालॉग कैमरा और उसके प्रिंट फोटो से जुड़ी यादें फ्रेम सी सजी हैं.

### टेप रिकॉर्डर/ बूम बॉक्स



खूब सारे कैसेट का कलेक्शन, बूम बॉक्स और टेप रिकॉर्डर...किसी जमाने में ये हमारे एकांत, दोस्तों के साथ या समय काटने के बेहतर साधन थे. हमारी खुशियों का खजाना था ये और टेप कलेक्शन के आधार पर खुद को अमीर समझने का अहसास जगाते थे. अब भी कई घरों में स्टोर रूम में, किसी पुरानी संदूक में या कहीं बेड बॉक्स के कोने में ये टेप पड़े मिल सकते हैं.

### वीडियो गेम



वीडियो गेम के बिना अस्सी-नब्बे के दशक वाले अपने बचपन को कैसे याद करें भला. हम सभी को अपने बचपन में वीडियो गेम खेलना पसंद था. सुपर मारियो हो, डक शूटिंग हो, ओलंपिक गेम्स हो या कॉन्ट्रा हम बचपन से ही इन खेलों के आदी थे. तब किसी को भान तक नहीं था कि आने वाले दशक में इन वीडियो गेम को मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप से बदल दिया जाएगा.

### पेजर



पेजर थोड़े से पीरियड के लिए ही सही, जेब के ठीक ऊपर बेल्ट पर अकड़ कर बैठा अपनी ठाठ दिखा गया. तब मोबाइल फोन था पर उसका तूफान सा असर नहीं था. संदेशों के आवागमन का यह सशक्त माध्यम था. पेजर्स में एक छोटी हरी स्क्रीन होती है जहां मैसेज फ्लैश होते हैं. मोटोरोला, सोनी, बीटल आदि कंपनियों के पेजर आते थे.
पेजर के महंगे मॉडल अल्फ़ान्यूमेरिक मैसेज या ध्वनि संदेश भी दे सकते थे. पेजर को लोग प्यार और गर्व से प्रदर्शित करते थे जो कि (ज्यादातर बार) उनके बेल्ट से जुड़ा होता था.

### वॉकमेन और हेडफोन





वॉकमेन और हेडफोन के बिना अस्सी-नब्बे के दशक के बचपन/जवानी की चर्चा शायद पूरी ही नहीं हो सकती. सेन्हाइज़र, बोस, फिलिप्स, सोनी, ऐवा और कई अन्य कंपनियों के हेडफ़ोन और वॉकमेन चलते थे. वे हमारे मी टाइम के बेहद खूबसूरत संगीत साथी थे. जाने कितनी भावनाएं उस दौर की हम सबके जीवन में बतौर यादें संजोयी होगी.

## इनके अनुभव जुदा

**पुराने गजेट्स से जुड़े अपने खट्टे मीठे अनुभव हमसे इन्होंने किया साझा. इन अनुभवों में ही गुजरती नजर आएंगी हमारी-आपकी यादें...**

### ताउम्र नहीं भूलेगी वह 32 कैसेट की बात






स्मिता नारायण

बात उन दिनों की है जब मेरी शादी ठीक हुई थी. सगाई और शादी के बीच चार महीने का अंतराल था. इस दौरान में अक्सर ससुराल में फोन से बातें करती थी. शादी के दूसरे दिन मेरे पति ने सरप्राइज़ कर दिया, जब उन्होंने मेरी उन बातों को सुनाया. तब मुझे पता चला कि उन्होंने मेरी सारी बातों को टेप रिकॉर्डर से रिकॉर्ड करके 32 कैसेट बनाए थे ताकि जब तक शादी न हो वो मुझे सुन सके. मेरे गाल तो शर्म से लाल हो गए. अब वो मुझे वो सुना कर चिढ़ाया करते हैं कि शादी के पहले तो बहुत मीठी आवाज थी.

### एफएम का एंटीना और चोरी छुपे सुनना






दीपक ठाकुर

तब मैं छठी-सातवीं का छात्र था और हॉस्टल में रहता था. गाने का जबर्दस्त शौकीन, लेकिन मम्मी-पापा की नजर में गाना वगैरह अच्छे बच्चों के शौक नहीं. बहरहाल उन दिनों एफएम के लिए एक एंटीना लेना होता था जिसकी कीमत करीब ढाई-तीन सौ रुपए थी. पैसे का स्रोत था हॉस्टल में मम्मी-पापा का मिलने आने के बाद जाते समय कुछ पैसे थमाना. अगर केवल पापा मिलने आए तो सौ-डेढ़ सौ रुपए मिलते थे, यदि मम्मी आ जाएं तो यही रकम ढाई-तीन-सौ रुपए हो जाती थी. इन्हीं पैसों में से थोड़ा-थोड़ा बचाकर एफएम का एंटीना खरीदता था. एक बार एंटीना आ जाता था तो फिर गाना सुनने के लिए भी मौके ढूंढ़ने होते थे. कमरे में सुनने का कोई चांस नहीं था. ऐसे में जब हमें खेलने के लिए बाहर ले जाया जाता था, तीन-चार दोस्त एक कोने में जाकर एंटीना कनेक्ट करते और फिर बमुश्किल एक-आध गाने सुनते थे. लेकिन वह आनंद! अहा, अब कहां?

### पोज के साथ क्लिक-क्लिक और फोटो गुम



पूनम निश्चल

तब स्कूल में ही थी. याशिका का कैमरा था हमारे पास. हम सपरिवार पुरी गए थे घूमने और जाने से पहले दो कैमरा रोल खरीदा था. एक तो स्टूडियो वाले ने फिट कर दिया था, दूसरा रोल हमने खुद पहला खत्म होने पर लगाया. क्लिक-क्लिक कर दोनों रोल खूब पोज मार कर फोटो खींचने में खत्म किए. साफ कराते समय पता चला कि अंतिम रोल जो हमने खुद हड़बड़ाहट में सेट किया था, सही नहीं लगा, इस लिए क्लिक-क्लिक तो हुआ पर पिक नहीं आए. उस वक्त जो मायुसी हुई, आज यह याद कर हंसी आती है.

# इस साल ई कार में इनका रहा जलवा

**वर्ष 2023 ई कारों के लिए महत्वपूर्ण वर्ष रहा. देश-विदेश की कार कंपनियां अलग-अलग सेगमेंट की कई ईवी लेकर आईं. एक से बढ़ कर एक, कई कारें इस साल लॉन्च हुई. इनमें एमजी कॉमेट जैसी बजट कार के साथ साथ करोड़ों की कीमत वाली ऑडी और बीएमडब्ल्यू की ई कारें भी शामिल हैं. आइए, गुजरते साल में इन ई कारों और उनकी कीमतों पर डालें एक नजर.**

### ऑडी क्यू 8 ई-ट्रोन इलेक्ट्रिक एसयूवी



ऑडी इंडिया की इलेक्ट्रिक एसयूवी ऑडी क्यू8 ई-ट्रोन इसी साल लॉन्च हुई. इसकी एक्स शोरूम प्राइस 1.14 करोड़ रुपए से लेकर 1.26 करोड़ रुपए तक है. लग्जरी सेग्मेंट की इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को एक बार चार्ज कराने के बाद धड़ल्ले से 491 से 582 किलोमीटर तक की दूरी तय की जा सकती है.

### बीएमडब्ल्यू आई 7



बीएमडब्ल्यू की प्रीमियम इलेक्ट्रिक सेडान आई7 भी इसी साल जनवरी में लॉन्च हुई थी. इसकी एक्स शोरूम प्राइस 2.03 करोड़ रुपए से लेकर 2.50 करोड़ रुपए तक है. इस टॉप सेलिंग प्रीमियम इलेक्ट्रिक सेडान की सिंगल चार्ज रेंज 625 किलोमीटर तक की है.

### सिट्रोएन ईसी3



इस साल फरवरी माह में फ्रेंच कार मेकर सिट्रोएन ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ईसी3 लॉन्च की, जिसकी एक्स शोरूम प्राइस 11.61 लाख रुपये से लेकर 12.79 लाख रुपये तक है. कंपनी का दावा है कि सिट्रोएन ईसी3 की सिंगल चार्ज बैटरी रेंज 320 किमी तक की है.

### बीवाईडी ऐटो 3



चाइनीज कार मेकर बीवाईडी की पॉपुलर इलेक्ट्रिक एसयूवी ऐटो 3 की एक्स शोरूम कीमत 33.99 लाख रुपये से लेकर 34.49 लाख रुपये तक है. कंपनी का दावा है कि बीवाईडी ऐटो 3 की बैटरी को एक बार चार्ज कराने पर करीब साढ़े पांच सौ किमी की दूरी आराम से तय की जा सकती है.

### मर्सिडीज बेंज ईक्यूई एसयूवी



मर्सिडीज बेंज की इलेक्ट्रिक एसयूवी ईक्यूई इस साल 15 सितंबर को लॉन्च हुई. इसकी एक्स शोरूम कीमत 1.39 करोड़ रुपए है. मर्सिडीज बेंज ईक्यूई की सिंगल चार्ज रेंज 550 किलोमीटर तक की टॉप स्पीड 210 किलोमीटर प्रति घंटे की है.

### एमजी कॉमेट ईवी



देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार एमजी कॉमेट ईवी इस साल लंबी प्रतीक्षा के बाद 26 अप्रैल को लॉन्च हुई. इसकी एक्स शोरूम प्राइस 7.98 लाख रुपये से लेकर 9.98 लाख रुपये तक है. चार सीटर एमजी कॉमेट ईवी की सिंगल चार्ज रेंज 230 किलोमीटर तक की है.

### हुंडई आयोनिक 5



इस साल 11 जनवरी को ऑटो एक्सपो में इसे लॉन्च किया गया था. हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी आयोनिक 5 की एक्स शोरूम कीमत 45.95 लाख रुपए है. हुंडई आयोनिक 5 की सिंगल चार्ज रेंज 631 किलोमीटर तक की है.

### महिंद्रा एक्सयूवी 400



महिंद्रा एंड महिंद्रा की इलकौती इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सयूवी400 भी वर्ष 2023 में जनवरी माह में लॉन्च हुई थी. इनकी एक्स शोरूम प्राइस 15.99 लाख रुपए से लेकर 19.39 लाख रुपए तक है. कंपनी का दावा है कि महिंद्रा एक्सयूवी 400 ईवी की बैटरी रेंज 375 से लेकर 456 किलोमीटर प्रति चार्ज तक की है.

### टाटा नेक्सन ईवी फेसलिफ्ट



देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार टाटा नेक्सॉन ईवी को सितंबर में नए लुक और फीचर्स के साथ अपडेट किया गया है. इसकी एक्स शोरूम प्राइस अब 14.74 लाख रुपए से लेकर 19.94 लाख रुपए तक हो गई है. टाटा नेक्सॉन ईवी फेसलिफ्ट की सिंगल चार्ज रेंज 325 किलोमीटर से लेकर 465 किलोमीटर तक की है.

# अब बारी टॉयलेट को स्मार्ट बनाने की

**जमाना स्मार्टनेस का है. ऑफिस में बैठे बैठे अपने फ्रिज से यह संदेश मिलता है कि बाजार से क्या लाना है तो ऑफिस में बैठे-बैठे ही हम अपने बेडरूम-ड्रॉइंगरूम के लाइव ही नहीं देख सकते बल्कि स्विच आदि भी ऑफ-ऑन कर सकते हैं. ऐसे में भला हमारा टॉयलेट क्यों फिसड्डी रहे. मार्केट इसे भी स्मार्ट बनाने के लिए मुस्तैद है. पहले पेपर और बाद के दिनों में मोबाइल लेकर टॉयलेट सीट पर बैठने वालों को इसका अनुभव बेशक खास लगेगा. अब स्मार्ट टॉयलेट में अमेज़ॅन एलेक्सा, मूड लाइटिंग, स्पीकर सब है.**



### ये भी हैं फीचर्स

- स्मार्ट टॉयलेट के कमोड हैंड्स-फ्री ओपनिंग और क्लोजिंग की सुविधा के साथ आते हैं. मौसम गर ठंड का है तो इसकी गर्म और सुविधाजनक सीट सुखद अहसास जगाएगी. इसके साथ रिमोट की फैसिलिटी भी है जिससे आप अपने कॉल अटैंड करना, म्यूजिक सुनना, लाइटिंग कम-अधिक करना यहां तक की टॉलेट की बदबू को खुशबू में तब्दील करने जैसी सुविधाएं पा सकते हैं.
- कोहलर के न्यूमी 2.0 स्मार्ट टॉयलेट में ये सभी सुविधाएं हैं. यह स्मार्ट टॉलेट अपने देश में चलन में नहीं है और न ही अपने देश में कोहलर ने इस टॉयलेट को अब तक लॉन्च किया है. पर विदेशों में इसके खूब कदरदान हैं.
- इस स्मार्ट टॉयलेट को 11,500 डॉलर की कीमत पर लॉन्च किया गया है, जो भारतीय मुद्रा के हिसाब से लगभग 9,25,000 रुपये है. ज़ाहिर सी बात है कि यह कीमत काफी ज़्यादा है, लेकिन इसके अपने फायदे भी हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए लालू

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव ने सोमवार को दिल्ली में विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने चले गए. इससे पूर्व उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर भड़कते नजर आये. लालू के साथ डिप्टी सीएम भी दिल्ली के लिए रवाना हुए है. दरअसल, पत्रकारों ने लालू से पूछा गया कि नरेंद्र मोदी बोल रहे हैं कि वह फिर आएंगे, इस बात पर गुस्सा करते हुए राजद सुप्रीमो ने कहा कि, कौन है यह, आएंगे तो आओ. बैठक में जा रहे हैं. सब लोगों को मिलकर लड़ना है. रोज-रोज मोदी की बात करते हो, क्या है नरेन्द्र मोदी? आने वाले लोस चुनाव में सभी विपक्षी दल मिलकर केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल कर देंगे.

### दिव्यांग से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के एक गांव से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है. जहां वहशी दरिंदों ने अपने घर के दरवाजे पर बैठी 13 वर्षीय नाबालिग दिव्यांग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. इस मामले में पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए पीड़ित लड़की के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है. बताया गया है, कि पीड़िता गूंगी व नाबालिग है. जो घटना के दिन अपने दरवाजे पर बैठी थी. इसी बीच बाइक सवार दो दरिंदों ने लड़की का मुंह दबाकर बाइक पर ले गये और सामूहिक दुष्कर्म किया.

### नवोदय के कई छात्र सड़क हादसे में घायल

**किशनगंज।** जवाहर नवोदय विद्यालय, मोतिहारी की 17 बच्चों की टीम एनसीसी कैंप बरौनी प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए जाने के क्रम में बेलवा में सोमवार को सुबह उनकी गाड़ी का दुर्घटना होने की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर घायल 13 बच्चों को तुरंत सदर अस्पताल किशनगंज में इलाज प्रारंभ कराया गया. सदर अस्पताल में 13 घायल बच्चों की प्रारंभिक चिकित्सा के दौरान तीन बच्चे को गहन चिकित्सा की आवश्यक पर उन्हें निजी चिकित्सालय में भेजकर चिकित्सा प्रारंभ करा दी गई है.

### मुजफ्फरपुर में एक 37 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या

# पहले हाथ काटा, फिर गला रेतकर युवक को मार डाला

▪ पूरे मामले की छानबीन के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी लगाया गया है

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**



मुजफ्फरपुर में एक 37 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या कर दी गई. युवक का पहले हाथ काटा गया, फिर गला रेत दिया गया. मृत युवक का शव उसके घर से कुछ दूरी पर फेंका हुआ मिला है. शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. घटना से परिजनों में कोहराम मच गया. पूरे मामले की छानबीन के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी लगाया गया है. दरअसल यह पूरा मामला अहियापुर थाना क्षेत्र का है. घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची अहियापुर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया. मृतक की पहचान 37 वर्षीय धर्मेंद्र सहनी के रूप में हुई है. पुलिस ने इस मामले में शक के आधार पर मृतक के दोस्त को हिरासत में भी लिया है.

#### घटनास्थल से चाकू बरामद की गयी

पुलिस ने घटनास्थल की जांच की तो मौके से एक चाकू बरामद किया गया. शव की तलाशी में पॉकेट से एक अंडा ट्रे का टुकड़ा भी मिला. वहीं मृतक का दाहिने हाथ का नस कटा हुआ था. जबकि, गला रेता गया था. आशंका है कि गला रेतने से पहले उसके साथ मारपीट की गई होगी. उसके बाद उसके दाहिने हाथ के नस को काट दिया गया. घटना के बाद मृतक के परिजन घटनास्थल पहुंचे, जहां उसकी भांजी ने बताया कि उसके मामा की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी. वे काम नहीं करते थे, उनका मकान बन रहा था.

## शराबी भतीजे ने की चाची की हत्या

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहूआ गावं में मामूली बात पर एक शराबी युवक ने अपनी ही चाची की लोहे के रॉड से पीट-पीट कर हत्या कर दी. इस घटना में चाची की इलाज के दौरान मौत हो गई. इस मामले में चाची का कसूर सिर्फ इतना था कि वह भतीजे के भाई को खाना खिलाने का काम करती थी. जिससे आरोपी भतीजा का जमीन विवाद चल रहा था. उसी से नाराज भतीजे ने नशे की हालत में चाची पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया. इस हमले में चाची गंभीर रूप से घायल हो गई. जिसे इलाज के लिए पहले साहेबपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया. जिसके परिजनों ने गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया. जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक महिला की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहुआ गांव की रहने वाली रमाशंकर सिंह की पत्नी माला देवी के रूप में की गई है. मृतक महिला के ससुर के विद्यासागर सिंह ने बताया है कि 14 दिसंबर को उनके बड़े पुत्र का लड़का बाबू साहब शराब के नशे मे धुत होकर घर पहुंचा और बिना किसी वाद-विवाद के घर में रखे लोहे के रॉड से चाची पर हमला कर दिया. सिर पर चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए साहेबपुर कमाल पीएससी में भर्ती कराया गया.

### पेड़ से लटका मिला प्रेमी-प्रेमिका का शव

**सीवान।** मुफस्सिल थाना इलाके के सरसर गांव में सोमवार की सुबह एक प्रेमी-प्रेमिका का शव पेड़ से लटका मिला. ये दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन लड़की के परिवार वाले विरोध कर रहे थे. लड़के की मां ने हत्या करने का आरोप लगाया है जबकि पुलिस आत्महत्या की बात कह रही है. सुबह-सुबह गांव में शव देखने के बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. दोनों प्रेमी जोड़े जिले के नौतन थाना इलाके के गंभीरपुर गांव के रहने वाले थे. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बताया जा रहा है कि 24 वर्षीय मन्नू पटेल गांव की ही एक लड़की को लेकर कुछ महीने पहले फरार हो गया था.

### आओ जानें

#### बिहार कई ऐतिहासिक क्षेत्रों से मिलकर बना

- वर्तमान बिहार विभिन्न एतिहासिक क्षेत्रों से मिलकर बना है. बिहार के क्षेत्र जैसे-मगध, मिथिला और अंग-धार्मिक ग्रंथों और प्राचीन भारत के महाकाव्यों में वर्णित हैं.
- भारत के सभी राज्यों में बिहार की अर्थव्यवस्था सबसे बुरी है, 2014 के रिपोर्ट के मुताबिक बिहार अर्थव्यवस्था में सबसे पीछे था और भारत का सबसे गरीब राज्य भी कहा जाता है.
- सिक्खों के दसवें गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म बिहार की राजधानी पटना में हुई थी. गुरु गोविंद सिंह के जन्म स्थान होने के कारण पटना में उनकी जयन्ती काफी श्रद्धा पूर्ण तरीके से मनाया जाता है.
- बिहार ने हिंदी को अपनी राज्य भाषा का दर्जा दिया है. इसके साथ ही साथ उर्दू को भी बिहार की द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है. सन 1936 में बिहार से उड़ीसा राज्य को विभाजित करके एक स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिया गया.



भाकपा-माले की पटना में भाजपा हटाओ देश बजाओ रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दीपंकर भट्टाचार्य सहित अन्य नेतागण शामिल हुए.

## आशीर्वाद गोल्ड लोन बैंक

### दो करोड़ का सोना, दो लाख कैस लूटे

**शेखपुरा।** बदमाशों ने लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया है. बदमाशों ने सोमवार दोपहर आशीर्वाद गोल्ड लोन बैंक से दिनदहाड़े दो करोड़ के सोना और दो लाख कैश की लूट कर ली. घटना जिले के बरबीघा नगर स्थित बैंक की है. घटना के बाद बैंक कर्मियों ने इस बात की जानकारी बरबीघा थाना को दिया. जिसके बाद बरबीघा थाना की टीम बैंक पहुंची और छानबीन में जुट गई है. एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बैंक असिस्टेंट मैनेजर विकास कुमार के अनुसार आधा दर्जन की संख्या में बैंक लुटेरे आये और पहले गोल्ड लोन लेने के बारे में पूछा फिर थोड़ी देर बाद बैंक में काम कर रहे तीनों कर्मचारियों को गन पॉइंट पर ले लिया. करीब 20 मिनट तक बैंक के सभी स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए गन पॉइंट पर सभी लिया और तिजोरी को खुलवाकर पांच किलो सोना जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये एवं नगद लूट कर फरार हो गए. उन्होंने बताया कि बैंक के लॉकर में ग्राहकों के सोने रखे गये थे जो 228 पैकेट में रखा हुआ था, जिसमें से 224 पैकेट लुटेरा लेकर फरार हो गया.

### सदर थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव की घटना

## एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या

**संवाददाता। मधेपुरा**

सदर थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मरने वालों में पति-पत्नी और उनका एक 25 वर्षीय बेटा शामिल है. रविवार की देर रात हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. जमीन विवाद समेत हर एंगल से पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. मृतकों में सूर्य नारायण साह (50 साल), उनकी पत्नी अनिता देवी (47 साल) और एक बेटे प्रद्युम्न शाह है जिसकी उम्र करीब 25 साल के आसपास है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सूर्य नारायण साह का अपने ही बड़े भाई रामनारायण साह से कई वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. दोनों पक्षों में कई बार मारपीट की घटना हो चुकी थी. जमीन विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है. स्थानीय लोग इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रहे हैं.

मृतक सूर्यनारायण साह के दो बेटों में से एक की मौत हो गई. बताया गया कि बड़े बेटे सुशील कुमार ने दो शादी की थी. पहली पत्नी छोड़कर चली गई थी जिसके बाद उसने दूसरी शादी की थी. छोटे बेटे प्रद्युम्न ने तीन शादियां की थी. पति-पत्नी में अक्सर मारपीट हुआ करता था. घरेलू कलह के कारण पहली दो पत्नी छोड़कर चली गई थी. पांच महीने के बाद इसने तीसरी शादी की थी. एक सप्ताह पहले ही पत्नी को मायके पहुंचा दिया था.

पूरे मामले में मृतक सूर्यनारायण साह की छोटी बेटी रेणु कुमारी ने बताया कि उनके पिता से उनके बड़े पिता रामनारायण साह का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था.

## पवन एक्सप्रेस पर पथराव

### टूटे शीशे, हिरासत में एक नाबालिग

**संवाददाता। मुजफ्फरपुर**

जयनगर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली पवन एक्सप्रेस (11061) के एसी बोगी और पेंट्रीकार में पत्थरबाजी करने वाले नाबालिग को पुलिस ने पकड़ लिया है. उससे पूछताछ की जा रही है. पूछताछ में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिजनों को ट्रेन में चढ़ाने गया था.

नाबालिग ने बताया कि भीड़ अत्यधिक थी. भगवानपुर स्टेशन पर ट्रेन आकर रूकी थी. ट्रेन में चढ़ाने के लिए आपाधापी की स्थिति थी. इसी बीच ट्रेन खुल गयी. नाबालिग के लोग ट्रेन में नहीं चढ़ पाए. इससे वह गुस्सा हो गया. ट्रैक पर उतरकर पथराव करने लगा. बताते चले कि पत्थरबाजी में एसी कोच और पेंट्रीकार की सात खिड़कियों के शीशे तोड़ डाले.

पथराव में कुछ लोग चोटिल भी हो गए. अचानक हुए पथराव से पेंट्रीकार स्टाफ और ट्रेन के यात्रियों में दहशत फैल गई. इसकी सूचना सोनपुर कंट्रोल को दी गई. मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेलखंड पर भगवानपुर स्टेशन में पवन एक्सप्रेस का ठहराव है.

## कारोबार

### इनोवा कैपटैब का आईपीओ 21 को आएगा

**नयी दिल्ली।** दवा कंपनी इनोवा कैपटैब ने अपने 570 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए प्रति शेयर 426-448 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है. कंपनी का आईपीओ 21 दिसंबर को खुलेगा और 26 दिसंबर को बंद होगा. आईपीओ में 320 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर और प्रवर्तकों तथा बिक्री शेयरधारकों द्वारा 55.80 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है. इनोवा कैपटैब एक एकीकृत दवा कंपनी है, जिसकी अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण, दवा वितरण तथा विपणन और निर्यात सहित दवा मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति है.

### अंबुजा सीमेंट्स 6,000 करोड़ का करेगी निवेश

**नयी दिल्ली।** अडाणी समूह के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड वित्त वर्ष 2026 तक 1,000 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड की ओर से जारी बयान के अनुसार गुजरात में 600 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना तथा 150 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना और राजस्थान में 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना शामिल है. इसे मौजूदा 84 मेगावाट सौर और पवन ऊर्जा के अतिरिक्त वित्त वर्ष 2026 तक हासिल किया जाएगा.

### जय बालाजी इंडस्ट्रीज ने 559 करोड़ जुटाये

**कोलकाता।** इस्पात बनाने वाली कंपनी जय बालाजी इंडस्ट्रीज लि. दो परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों के पास शेष फंसा कर्ज चुकाने के लिए टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ 559 करोड़ रुपये का कर्ज समझौता किया है. जय बालाजी पर 2018-19 में करीब 3,000 करोड़ रुपये का एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) बकाया था. बैंकों ने बाद में इस कर्ज को दो एआरसी को बेच दिया था. कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आदित्य जाजोदिया ने कहा कि टाटा कैपिटल के साथ इस समझौते के साथ एआरसी के एनपीए के बकाए का निपटारा कर दिया गया है.

### शारजाह विमानन कंपनी स्काई वन ने गो फर्स्ट एयरलाइन में दिखाई रुचि

## गो फर्स्ट में बढ़ी कंपनियों की रुचि

**भाषा। नयी दिल्ली**

सालों पहले जब गो फर्स्ट एयरलाइन क्षेत्र में उतरी थी तो मानी जा रही थी कि यह दूसरी कंपनियों को कड़ी टक्कर देगी. लेकिन कुछ समय बाद दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गई. हालांक फिर से उड़ान भरने की खबर आयी, लेकिन उड़ नहीं सकी. अब दिवालिया हो चुकी मुश्किलों से गुजर रही गो फर्स्ट के लिए नई उम्मीद दिखाई दी है. शारजाह विमानन कंपनी स्काई वन, अफ्रीका की सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स और घरेलू कंपनी स्पाइस जेट भी गो फर्स्ट का अधिग्रहण करना चाहती हैं. यह कदम ऐसे समय में देखा गया है जब समय सीमा समाप्त हुए एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है. अफ्रीका की सफरीक और शारजाह की एविएशन कंपनी स्काई वन ने इनसॉल्वेंसी प्रक्रिया से गुजर रही गो फर्स्ट के लिए संयुक्त रूप से ईओआई दिया है. बताया जाता है कि स्पाइसजेट ने भी अलग से एयरलाइन में अपनी दिलचस्पी दिखाई है.

स्काई वन खुद को एविएशन एक्सपर्ट बताता है, जो कि कार्गो चार्टर, एसेट ट्रेडिंग, चालक दल प्रशिक्षण, संचालन और रखरखाव सहित कई तरह की सर्विसेज देता है. जबकि सफरीक बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी इनोवेशन में निवेश करता है और अफ्रीका, मिडिल ईस्ट और अमेरिका में विलय और अधिग्रहण को फाइनेंस करता है. वहीं स्पाइसजेट ने हाल ही में इक्विटी शेयरों के प्रिफरेंशियल अलॉटमेंट के जरिए 2,250 करोड़ रुपये फंड जुटाने को मंजूरी दी है. एयरलाइन ने सितंबर तिमाही में 431 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जो एक साल पहले दर्ज किए गए 838 करोड़ रुपये के घाटे से कम है. एयरलाइन इस समय पैसों की तंगी से जूझ रही है और उसने लेसर्स और दूसरे वेंडर्स का पेमेंट टाल दिया है. रेजोल्यूशन प्रोफेशनल शैलेन्द्र अजमेरा, सफरीक, स्काई वन और स्पाइसजेट को ई-मेल किए गए सवालों का जवाब अबतक नहीं मिला है.

बता दें कि पिछले महीने, गो फर्स्ट के फाइनेंशियल क्रेडिटर्स ने एयरलाइन के लिए योग्य बिडर्स की कमी की वजह से बिडिंग बंद कर दी थी. जिंदल ग्रुप ने शुरुआत में एयरलाइन में दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन अब वो पीछे हट गया. मामले की जानकारी रखने वाले इन लोगों ने बताया कि नए ईओआई मिलने से पहले ही प्रक्रिया लिक्विडेशन की तरफ बढ़ चुकी थी. इन लोगों ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा की अगुवाई में क्रेडिटर्स अगले कदम पर फैसला लेने के लिए इकट्ठा होंगे. लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक फाइनेंशियल क्रेडिटर्स के पास गो फर्स्ट के खिलाफ 4,254 करोड़ रुपये के दावे हैं. गो फर्स्ट के खिलाफ जून में इनसॉल्वेंसी प्रक्रिया शुरू हुई थी. अलग से, लेनदारों को मुकदमेबाजी को फाइनेंस करने के लिए अंतरराष्ट्रीय फंड्स से संपर्क करने पर फैसला लेना होगा.

#### गो और पीएंडडब्ल्यू के बीच विवाद

बता दें कि गो फर्स्ट ने इस साल मई में दिवालिया होने की प्रक्रिया के लिए आवेदन दिया था. तब गो फर्स्ट ने अपने विमानों की उड़ान को बंद करने की वजह अमेरिकी इंजन निर्माता प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) की ओर से मिले इंजनों का नाकाम होना बताया था. कंपनी के मुताबिक़, इसके चलते एयरलाइन को नकदी की भारी कमी का सामना करना पड़ा. गो फर्स्ट ने कहा कि इस समस्या के चलते उसे 25 विमानों को उड़ान से हटाना पड़ा. इसमें आधे एयरबस ए-320 नियो विमान हैं. इसके चलते कंपनी को 10,800 करोड़ रुपये का नुक़सान हुआ. प्रैट एंड व्हिटनी पर यह भी आरोप लगाया है कि अंतरिम राहत के लिए हुए फ़ैसले के मुताबिक़ 27 अप्रैल 2023 तक कम से कम दस चालू इंजन मिलने थे, जो नहीं मिले.




#### जगी उम्मीद

- स्पाइसजेट ने 2250 करोड़ जुटाने को मंजूरी दी
- जिंदल ग्रुप ने शुरुआत में दिलचस्पी दिखाई थी

### फैशन शो



**लाहौर :** पाकिस्तान में ब्राइडल कॉउचर वीक के एक फैशन शो के दौरान डिजाइनर मुसफराह साद की डिजाइन प्रस्तुत करती एक मॉडल.

**उत्पादन** 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' के 10वें संस्करण से उद्योग को और समर्थन मिलेगा

## क्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर जोर

**एजेंसी। अहमदाबाद**

देश में 1,600 किलोमीटर की सबसे लंबी तटरेखा गुजरात की है और पिछले चार वर्षों में सालाना औसतन 8.5 लाख टन समुद्री मछली का उत्पादन यहां हुआ है. राज्य 5,000 करोड़ रुपये के निर्यात से भारत के मछली निर्यात में 17 प्रतिशत का योगदान दे रहा है.

गुजरात सरकार ने अब मछली पकड़ने वाले अपने पारंपरिक समुदाय से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने की क्षमता का दोहन करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आग्रह किया है, जिससे उसकी मत्स्य पालन क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने में वृद्धि की अपार संभावनाएं उत्पन्न होंगी. राज्य की राजधानी गांधीनगर में 10 से 12 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाले 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' के 10वें संस्करण से इस उद्योग को और समर्थन मिलने की उम्मीद है. द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन व्यवसायों तथा सरकारों के लिए निवेश के अवसरों की पहचान करने और साझेदारी स्थापित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है.

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने हाल ही में यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, गुजरात की सबसे लंबी करीब 1,600 किलोमीटर की तटरेखा है. यह मछली उत्पादन में सबसे आगे है. आज गुजरात 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मछली निर्यात कर रहा है, जिससे भारत के कुल मछली निर्यात में राज्य का योगदान 17 प्रतिशत हो गया है.

पटेल ने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने मत्स्य पालन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सागर खेडू सर्वंगी विकास योजना शुरू की जो बेहद सफल रही. आज गुजरात की नीली अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है. अधिकारियों और मछली पकड़ने वाले समुदाय के सदस्यों ने कहा कि उद्योग मछली पकड़ने से लेकर प्रसंस्करण तक, रोजगार सृजन करने और राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में मछुआरा समुदाय के नेता जीतू कहाड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें छोटे पारंपरिक मछुआरों को नई गैस मशीनें उपलब्ध कराने की योजना लेकर आई हैं, जिससे उन्हें कई तरह से फायदा हो रहा है. इस साल जुलाई में राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में (अस्थायी) समुद्री मछली उत्पादन 6,97,151 मीट्रिक टन और अंतर्देशीय मछली उत्पादन 2,07,078 मीट्रिक टन होने की संभावना है. राज्य सरकार के अनुसार, गुजरात में एक मछुआरा परिवार की औसत वार्षिक आय पिछले पांच वर्षों में 6.56 लाख रुपये से बढ़कर 10.89 लाख हो गई है.

**मत्स्य पालन क्षेत्र**



## 1 अक्टूबर से 15 दिसंबर के बीच चीनी उत्पादन 11 प्रतिशत घटा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चालू विपणन वर्ष की एक अक्टूबर से 15 दिसंबर की अवधि में भारत में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 11 प्रतिशत घटकर 74.05 लाख टन रह गया. इसका मुख्य कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन है. उद्योग संगठन इस्मा ने यह जानकारी दी. चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक होता. भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी उत्पादन 74.05 लाख टन तक रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन था. चालू कारखानों की संख्या सालाना आधार पर 497 ही है. इस्मा के अनुसार इस वर्ष महाराष्ट्र और कर्नाटक की चीनी मिल में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद काम शुरू हुआ. उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन विपणन वर्ष 2023-24 के 15 दिसंबर तक बढ़कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 20.26 लाख टन था. इस्मा के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन रह गया. कर्नाटक में उत्पादन 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन हो गया. उद्योग संगठन इस्मा ने पिछले हफ्ते अनुमान लगाया था कि विपणन वर्ष 2023-24 में कुल चीनी उत्पादन 325 लाख टन (एथनॉल के लिए उपयोग के बिना) होने की उम्मीद है. देश के पास 56 लाख टन का भंडारण है. खपत 285 लाख टन रहने का अनुमान है.

## ब्रीफ खबरें

### बरंगा में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**मनोहरपुर ।** प्रखंड के बरंगा पंचायत ग्राम बरंगा में मण्डल भाजपा कमेटी की ओर से सोमवार को विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बहनु तिर्की ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन बीडीओ शक्तिकुंज के द्वारा संचालित किया गया. जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों को डिजिटल कॉन्फ्रेंश के माध्यम से सारकर द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं समेत महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे जानकारी दिया.

### स्वीप कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर बैठक

**सिमडेगा ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित करने से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श के लिए बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्वीप कमेटी की बैठक आयोजित कर स्वीप कार्ययोजना अंतर्गत मतदाता जागरुकता से संबंधित स्वीप गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिये.

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक

**सिमडेगा ।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अबुआ आवास योजना संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. उपायुक्त द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी संग बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए. उन्होंने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों का ससमय एंट्री कराने एवं उसका गठित समिति के द्वारा भौतिक सत्यापन करते हुए सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया.

### सुरक्षा पुस्तक देकर दी सुरक्षित सफर की सीख

**सिमड़ेगा/कोलेबिरा ।** जिला परिवहन पदाधिकारी सिमडेगा के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को लेकर सोमवार को विशेष मुहिम के तहत जिले के कोलेबिरा रण बहादुर सिंह चौक के समीप परिवहन विभाग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि व कोलेबिरा पुलिस बल के नेतृत्व में हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस चेकिंग किया गया. इस दौरान 18 दो पहिया वाहन का जांच किया गया. जिसमें 48000 का जुर्माना वसूला गया. इस अवसर पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट जांच अभियान लगातार जारी रहेगा. इस तरह का अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है.

### डुमरडीह में संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**सिमडेगा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत आज जिले में कुरडेग प्रखंड के कुटमाकछार एवं डुमरडीह पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई. भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम करते हुए, सर्वप्रथम स्वागत समिति के द्वारा स्वागत गान के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ, जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा ने किया.

---

विधेयक में संशोधन कर इसे कुछ विशेष प्रकार की भूमि पर लागू करने का प्रावधान है

# वन संशोधन अधिनियम 2023 के विरोध में सत्ता पक्ष का प्रदर्शन

**संवाददाता। रांची**

**शुभम संदेश फॉलोअप**

राज्यसभा ने वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 को पारित कर दिया है. लोकसभा इसे पहले ही स्वीकृति दे चुकी है. इस विधेयक में वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में संशोधन करके इसे कुछ विशेष प्रकार की भूमि पर लागू करने का प्रावधान है. शुभम संदेश ने विधायक के राज्यसभा में पारित होते के पूर्व ही इसके लाभ-हानि को आपने पाठकों तक पहुचाने का काम किया था. सोमवार को वन संशोधन अधिनियम 2023 के विरोध में सत्तापक्ष के सदस्यों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया. सत्तापक्ष के सदस्य हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिसमें जंगल को बेचना बंद करो , जंगल हमारा स्वाभिमान है, वनों का व्यवसायी करण बंद करो जैसे नारे लिखे हुए थे. झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि सरकार पिछले दरवाजे से वनों में कारपोरेट जगत को दाखिल करना चाह रही है लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे. ये ग्रामसभा के अधिकारों का हनन है ये उनलोगों के अधिकारों का हनन है जो अधिकार वनों में रहने वाले लोगों को संविधान ने दिया है. वनों की प्रकृति को बदलने की कोशिश कर रही है. जोशीमठ में जो हुआ वैसा आगे नहीं हो इसके लिए जरूरी है कि जंगलों को बचाया जाए और उसे कारपोरेट घरानों के हाथों ना सौंपा जाए. वहीं मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि ये एक खतनाक कानून है और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ये कानून ला रही है जिसे किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं होने दिया जाएगा. इस प्रदर्शन में विधायक मथुरा महतो, नीरल पूर्ति, सविता देवी, रामदास सोरेन, समीर कुमार मोहंती समेत कई विधायक शामिल थे.



05 जून को छपी खबर


07 जून को छपी खबर



08 जून को छपी खबर

---

अब झारखंड में होगा कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का उत्पादन

# बेहतर उद्योग नीति से निवेशक हो रहे हैं प्रेरित : हेमंत सोरेन

**विशेष संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में सोमवार को सीएम के आवासीय कार्यालय में उद्योग विभाग और पेप्सिको की बॉटलिंग कंपनी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के बीच एमओयू किया गया. इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर उद्योग पॉलिसी बनाई है. राज्य सरकार का प्रयास है कि विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों.

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई उद्योग नीति के तहत लगातार कई अच्छी और विश्वसनीय उद्योग संस्थानों द्वारा झारखंड में निवेश करने की इच्छा जाहिर की है. नई उद्योग नीति के तहत निवेशक अब राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं. पिछले कुछ महीनों में कई जाने- माने उद्योग संस्थाओं द्वारा जमशेदपुर सहित अन्य जगहों पर अपनी कंपनी का विस्तार किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्थापित उद्योग संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को मिले, इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा नियम भी बनाया गया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेशकों को एक बेहतर माहौल के साथ-साथ सुरक्षा भी मुहैया कराई जा रही है.



**बोले सीएम**

- विभाग व वरुण बेवरेजेज लिमिटेड के बीच एमओयू
- वरुण बेवरेजेस रामगढ़ के पतरातू में निवेश करेगी

इस मौके पर मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र सिंह, उद्योग निदेशक भोर सिंह यादव, जियाडा के एमडी शशि रंजन, वरुण बेवरेजेस लिमिटेड की ओर से अध्यक्ष रविकांत जयपुरिया, सचिव देवयाणी कानखोजे, चीफ फाइनेंस ऑफिसर प्रदीप गोयल, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर विश्वास अग्रवाल, जनरल मैनेजर ईश सेट्ठी आदि उपस्थित थे.

**कंपनी 4 मेगावाट सोलर एनर्जी जेनरेट करेगी**

वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अध्यक्ष रविकांत जयपुरिया ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड एक भारतीय कंपनी है .जो पेप्सिको की बॉटलिंग कंपनी के नाम से जानी जाती है . यह कंपनी विभिन्न पेय पदार्थों का उत्पादन एवं बोतल मैन्युफैक्चरिंग करती है . उन्होंने कहा कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड रामगढ़ जिले के पतरातू में 456 करोड़ रुपये निवेश करने जा रही है . कंपनी द्वारा यहां कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक जैसे पेप्सी, सेवेन अप, माउंटेन ड्यू, मिरिंडा, ट्रापिकाना फ्रूट जूस, एक्वाफिना पानी आदि का उत्पादन करेगी . इसके साथ ही मिल्क बेस्ड ड्रिंक, वैल्यू एडेड डेयरी प्रोडक्ट एवं ड्रिंक के लिए बोतल का उत्पादन किया जाएगा . साथ ही कंपनी द्वारा 4 मेगावाट सोलर पावर एनर्जी जनरेट कर आस-पास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जाएगी . उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड द्वारा शुरुआती चरण में 600 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा .

---

# कांग्रेस भवन में अल्पसंख्यक दिवस मना

**संवाददाता । रांची**

रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से कांग्रेस भवन में सोमवार को विश्व अल्पसंख्यक दिवस दीप प्रज्वलित कर मनाया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शरीक हुए. उन्होंने कहा कि आज समूचे जिले में विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया जा रहा है. यह कांग्रेस अल्पसंख्यक की अच्छी पहल है. ठाकुर ने कहा कि आज देश बहुत ही खतरनाक मोड़ से गुजर रहा है. अल्पसंख्यकों से बहुत भेदभाव हो रहे हैं. उन्हें समान निगाह से देखा तक नहीं जा रहा है. हमारे नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की मुहिम के तहत भारतवासियों को जोड़ा. इसी तरह सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की जरूरत है. अल्पसंख्यक आयोग को और मजबूत करने की जरूरत है. कहा कि आप जहां भी रहे अल्पसंख्यकों की आवाज बने. अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, पारसी, सिख, इसाई, बौद्ध सभी शामिल हैं. अपनी मजबूती के लिये संगठित होना जरूरी है. वहीं अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि पूरे जिले में कार्यक्रम हो रहे हैं. सभी लोगों को साथ जोड़ कर चलने का कार्य कांग्रेस शुरू से करती आ रही है. आप अल्पसंख्यकों के आवाज बने उनकी परेशानियों पर साथ खड़े हो जाये. अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा तो राज्य व देश का विकास संभव नहीं हो सकता है. महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि महानगर में जबसे अल्पसंख्यक कमेटी बनी है, हम लोग सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं. सरकार आप के द्वार कार्यक्रम को भी महानगर की ओर से बखुबी निभाया जा रहा है. हम लोग आगे बढ़ेंगे और अल्पसंख्यकों को मजबूत करेंगे. प्रवक्ता डॉ एसएस सिंह ने कहा कि जहां अल्पसंख्यकों के विकास में ध्यान नहीं दिया जाता है. वह देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता है.



### राजस्थान भवन में 20 को मनेगा कालका माता का जन्मोत्सव

**जमशेदपुर ।** शहर की धार्मिक संस्था श्री कालका माता परिवार टाटानगर द्वारा बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में आगामी 20 दिसम्बर बुधवार को कुल देवी श्री अमरसर वाली कालका माता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. इसकी सभी तैयारियां लगभग पुरी हो गयी हैं. बुधवार की संध्या 5 बजे से कालका माता की पूजा अर्चना एवं ज्योत प्रज्जवलित होगी. स्थानीय भजन गायिका प्रीती शर्मा माता के चरणों में मंगलपाठ का वाचन एवं भजनों की अमृत वर्षा करेंगी.

## न्यूज अपडेट

### मिलन समारोह में जुटेंगे हजारों कांग्रेसी

**चाईबासा ।** 24 दिसंबर को पोड़ाहाट स्टेडियम चक्रधरपुर में युवा कांग्रेस के लोकसभा स्तरीय मिलन समारोह को लेकर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रीतम बांकिरा लगातार बैठक कर रहे हैं . सोमवार को चाईबासा में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रणनीति बनाई . युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रीतम ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर है और मिलन समारोह कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर सभी पदाधिकारी को अहम जिम्मेदारियां दी जा रही है .



### मिस करूणा फ्रेशर और विकास मिस्टर फ्रेशर्स

**रांची ।** इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट( आईएसएम) पुंदाग में फ्रेशर्स डे मनाया गया . वर्ष 2023-24 सत्र में नामांकित होटल मैनेजमेंट , बीबीए, एमबीए के नए छात्र-छात्राओं का सीनियर छात्र -छात्राओं द्वारा स्वागत किया गया . इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने केक काट कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया . वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब वर्तमान में उभर रहे वैश्विक कॉरपोरेट प्रबंधन संस्कृति में अपने देश के आर्थिक सशक्तिकरण और 2047 तक आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करने का संकल्प पर काम करना है .



### मानवता की सेवा ही लायंस क्लब का उद्देश्य

**गोविंदपुर ।** बीएमकेयू के कुलपति विनोद पोद्दार ने सोमवार को मधुबन होटल में गोविंदपुर लायंस क्लब की विशेष आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानवता की सेवा ही लायंस क्लब का उद्देश्य है . क्लब के सदस्य पूरे विश्व में सेवा का परचम लहरा रहे हैं . उन्होंने कहा कि यदि कहीं सड़क दुर्घटना हो गई हो और लायंस सदस्य उस होकर गुजर रहे हैं तो वह सारा काम छोड़कर घायल को अस्पताल पहुंचाते हैं . कुलपति ने कहा कि वह वर्ष 2006 से इस अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन के सदस्य हैं और क्लब की सेवा भावना को काफी नजदीक से देखा है .



### लोक कल्याणकारी योजनाएं शुरू हुईं: अनिल

**सिमडेगा ।** प्रखंड के टुकुपानी पंचायत में और सिमडेगा सदर प्रखंड के गरजा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ . झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना ने कहा कि झारखंड सरकार, झारखंड के अमर वीर शहीद और महान क्रांतिकारी के सपने को साकार करने में लगी है . झारखंड के विकास में, यहां के गरीबों और शोषित आदिवासियों को ध्यान में रखा जा रहा है . यहां के मूल निवासियों के अधिकारों का सम्मान किया जा रहा है . झारखंड को विकसित राज्य के समकक्ष ले जाने के क्रम में यहां के गांव, जल, जंगल, जमीन और संस्कृति पर भी ध्यान दिया जा रहा है .

---

शुभम संदेश ने इसे प्रमुखता से उठाया था

# प्रबंधन ने ग्रामीणों को आवास मुहैया कराने का दिया आश्वासन

**संवाददात। बरोरा (धनबाद)**

बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 1 के मंडल केंदुआडीह स्थित जरलाही पेंच जनरल स्टोर के समीप वर्षों से रह रहे अनुसूचित जाति के 50 लोगों को बीसीसीएल प्रबंधन ने आवास मुहैया कराने का आश्वासन दिया है. दरअसल, इन लोगों की परेशानी को लेकर 'शुभम संदेश' अखबार ने सोमवार के अंक में अनुसूचित जाति के 50 लोगों की जान खतरे में शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की. खबर छपने के बाद प्रबंधन और प्रशासन की नींद टूटी और बरोरा थाना परिसर में प्रभावित ग्रामीणों की बुलाई गई. बैठक में बरोरा क्षेत्र के एजीएम जीके मल्लिक विशेष रूप से मौजूद थे. ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखते हुए सुरक्षित स्थापन पर पुनर्वासित करने की मांग की. इस पर एजीएम ने सभी



पुनर्वास के लिए 20 हजार रुपए नकद और विस्थापन के तौर पर बीसीसीएल का आवास मुहैया कराने का आश्वासन दिया.

बैठक में बरोरा थाना प्रभारी नंदु पाल, एएमपी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी काजल सरकार, प्रबंधक यशवंत सिंह राजपूत, असिस्टेंट मैनेजर अश्लोक कुमार सिंह, रामदयाल उरांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. वहीं, ग्रामीणों की ओर से विनोद भुइयां, मनोज भुइयां, कुलदीप भुइयां, सदानंद भुइयां, रमेश भुइयां, सुमित्रा देवी, रूबी देवी, खुशबू देवी मौजूद थी.

---

तहरीक-ए-बेदारी कांफ्रेंस में पूर्व सांसद गुलाम रसूल बलियावी ने कहा

# मुसलमानों की सुरक्षा के लिए बने कानून

**संवाददात। लोहरदगा**

केन्द्र एवं राज्य सरकार आदिवासी एक्ट व दलित एक्ट की तरह देश में मुस्लिम सेफ्टी एक्ट बनाये. उक्त बातें लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के जेरे निगरानी लोहरदगा ईदगाह मैदान में सोमवार को एदारा-ए-शरिया के तत्वावधान में आयोजित तहरीक-ए-बेदारी व इसलाहे मोआशरा कांफ्रेंस में सम्बोधित करते हुए एदारा-ए-शरिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद मौलाना गुलाम रसूल बलियावी ने कही.

उन्होंने कहा कि इस कांफ्रेंस के आयोजन का सिर्फ एक ही मकसद है कि अब हमें अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए आगे आना होगा. मौलाना बलियावी ने कहा कि देश में मॉबलिंचिंग के नाम पर लोगों को मारा जा रहा है, वह बंद होना चाहिए. केन्द्र सरकार इसके लिए भी देश में कानून बानाये. उन्होंने कहा कि हमारे नबी सहित अन्य धर्मों के महान गुरूओं पर गलत बयानबाजी करने



वाले लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो.

मौलाना बलियावी ने कहा कि शिक्षा के मामले में मुस्लिम समाज अभी भी कमजोर है. तथा गरीब मुस्लिम परिवार चाहकर भी अपने बच्चों को अच्छी तालीम नही दे पाते हैं. इसके लिए सरकार दलित एवं ओबीसी के तरह मुस्लिम बच्चों के लिए आवासी विद्यालय कोचिंग युक्त बनाये, ताकि मुस्लिम बच्चे भी सिविल सर्विस की तैयारी करके अधिकारी बन सकें.

**ये लोग थे शामिल :** कांफ्रेंस को विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, एदार-ए-शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना सैफुल्लाह, मौलाना जमाल अनवर, मुफ्ती गुलाम हुसैन, मौलाना अहसन रजा, मुफ्ती अवैस रजा मिस्बाही, मौलाना बेलाल अहमद आदि ने सम्बोधित किया. अध्यक्षता अंजुमन स्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी और संचालन नाजीमे आला मौलाना मो० कुतुबुद्दीन रजवी, मौलाना कफील, मौलाना समसुदीन बहराईच, सैयद गुलाम अहमद, रजवी पटना, मुफ़्ती अब्दुल मन्नान दिलकश राँचीवी अब्दुस्लाम रजवी ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर मुफ़्ती सद्दाम सकाफी मौजूद थे.

---

**यात्रा** धनबाद होकर चलेगी 21 व 28 को बरौनी-पोडानूर और 19 व 26 को कोयंबटूर-बरौनी

# 21 व 28 को धनबाद से एर्नाकुलम के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**संवाददाता। धनबाद।**

धनबाद से होकर दक्षिण भारत की ओर जानेवाली सामान्य ट्रेनों में यात्रियों की काफी भीड़ को देखते हुए फिर एक स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है. रेलवे सूत्रों के अनुसार पहले कोयंबटूर से बरौनी के बीच धनबाद होकर जनरल कोच वाली ट्रेन चलाने की घोषणा हुई थी.

अब एर्नाकुलम से धनबाद और धनबाद से एर्नाकुलम तक स्पेशल ट्रेन चलेगी. ट्रेन दोनों ओर से दो-दो फेरे लगाएगी. इससे हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी. जनसाधारण स्पेशल दोनों ट्रेन धनबाद होकर दो तिथि में एक-एक दिन चलेगी. बरौनी से धनबाद होकर पोडानूर



तक जानेवाली ट्रेन सुबह तो धनबाद से एर्नाकुलम की ट्रेन देर रात चलेगी. पोडानूर जानेवाली ट्रेन में 15 कोच तो एर्नाकुलम की ट्रेन में 22 जनरल कोच होंगे. दो लगेज यान भी जुड़े रहेंगे. इस ट्रेन का ठहराव बोकारो, मूरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगड़ा, संबलपुर, बारगढ़ रोड, बलांगीर, टिटलागढ़, केसिंगा, अंबोडाला, मुनीगुड़ा, रायगढ़, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, दुव्वाडा, अनाकापल्ली, राजमुंदरी, भीमवरम टाउन, गुडीवाड़ा, विजयवाड़ा, ओंगुल, नेल्लोर, गुडूर, पेरंबुर, अरक्कोनम, काटपाडी, जोलारपेट्टई, सलेम, इरोड, तिरुप्पुर, पोडानूर, पलक्कड, त्रिशूर व अलुवा होगा.

**डायवर्ट होकर चली शक्तिपुंज एक्सप्रेस :** पश्चिम मध्य रेलवे (एमपी) में ब्योहारी-छत्तेनी के बीच मालगाड़ी बेपटरी होने से धनबाद होकर चलनेवाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस डायवर्ट होकर चली. ट्रेन नंबर 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस सोमवार को चोपन,चुनार, माणिकपुर, कटनी व न्यू कटनी होकर चली. जबकि रविवार को जबलपुर से खुली ट्रेन नंबर 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, न्यू कटनी, कटनी, मणिकपुर, चुनार व चोपन होकर सोमवार को धनबाद के रास्ते हावड़ा तक गई.

**अलग-अलग तिथियों को चलेंगी दो जोड़ी ट्रेनें**

ट्रेन नंबर 06077 एर्नाकुलम-धनबाद स्पेशल 18 व 25 दिसंबर को एर्नाकुलम से सोमवार की सुबह 7 :15 बजे खुलकर बुधवार की सुबह 7 :30 बजे धनबाद पहुंचेगी . ट्रेन नंबर 06078 धनबाद-एर्नाकुलम स्पेशल 21 व 28 दिसंबर को धनबाद स्टेशन से गुरुवार रात 11 :55 बजे खुलकर शनिवार की देर रात 2 :30 बजे एर्नाकुलम पहुंचेगी . ट्रेन 06059 कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल 19 व 26 दिसंबर को बरौनी से दिन में 11 :50 बजे खुलकर सुबह 7 :10 बजे धनबाद व दोपहर 1 :00 बजे बरौनी स्टेशन पहुंचेगी . ट्रेन नंबर 06060 बरौनी-पोडानूर स्पेशल 21 व 28 दिसंबर को बरौनी से रात 11 :45 बजे खुलकर सुबह 5 :50 बजे धनबाद और देर रात 2 :45 बजे पोडानूर स्टेशन पहुंचेगी .

### सूर्या नर्सिंग कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग

**चक्रधरपुर।** सूर्या नर्सिंग कॉलेज चक्रधरपुर में क्रिसमस गेदरिंग सह नये सत्र के छात्राओं का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के डायरेक्टर गौरीशंकर महतो शामिल हुये कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर के संबोधन के साथ हुआ. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन संघर्ष का जीवन होता है. यह बर्बाद करने का समय नहीं है. पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाये. सफलता का मूल मंत्र मेहनत ही होता है. पूरी इमानदारी से मेहनत करने लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित रूप से है. इस दौरान नये बच्चों का स्वागत किया गया. साथ ही सीनियर छात्राओं का भाषण के साथ स्वागत गान की प्रस्तुति हुई. जिसके पश्चात नये छात्राओं द्वारा रैंप वॉक किया गया. जिसमें मिस अंकिता सिलाय टेटे और मिस्टर समल कुजुर को अव्वल का खिताब प्राप्त हुआ.

## पेज एक का शेष...

**78 सांसद पूरे सत्र के लिए...**

सांसदों के निलंबन पर विपक्ष भी आक्रामक हो गया है. तृणमूल कांग्रेस ने तंज कसते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि लोकसभा से सांसदों के निलंबन के बाद हम मान सकते हैं कि बीजेपी और गृहमंत्री अमित शाह कंफर्ट जोन में रह रहे हैं. कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लिखा कि सरकार से जवाबदेही की मांग करने पर इतने सारे सांसदों को निलंबित होते देखना चौंकाने वाला है.

**प्रस्ताव ध्वनिमत से हुआ पारित :** विपक्ष के शोर-शराबे के बीच ही लोकसभा में भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2023 पेश किया गया, साथ ही सदन ने डाकघर विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी. सदन की बैठक विपक्ष की नारेबाजी के कारण चार बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे पुनः शुरू हुई, तो संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 30 विपक्षी सदस्यों को शेष सत्र के लिए निलंबित किये जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित किया. इसके बाद पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी. उधर, राज्यसभा में हंगामा कर रहे सदस्यों के निलंबन का प्रस्ताव नेता सदन पीयूष गोयल ने रखा, जिसे सभापति ने स्वीकार करते हुए विपक्ष के 45 सदस्यों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया.

**जब एकबार में 63 सांसद हुए थे सस्पेंड**

संसद के इतिहास में इससे पहले 1989 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस के पास प्रचंड बहुमत था, तब एकबार में 63 सांसदों को सस्पेंड किया गया था. इन सभी सांसदों को एक हफ्ते के लिए संसद से निलंबित किया गया था. ये सांसद ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे. ठक्कर कमीशन ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच की थी. इसी पर हंगामा हुआ था. इन सांसदों के निलंबन के साथ ही चार और सांसदों ने भी वॉकआउट कर दिया था.

## बाढ़ से तबाही



## तमिलनाडु में बाढ़ से खेत, सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न

**चेन्नई।** कन्याकुमारी, तिरुनेलवेल्ली, थूथुकुडी और तेनकासी सहित दक्षिणी तमिलनाडु के कई हिस्सों में हाल के दिनों में हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचायी है तथा धान के खेत, सड़कें, रिहायशी इलाके तथा पुल जलमग्न हो गए है. मुख्य सचिव शिव दास मीणा ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि बारिश और बाढ़ की वजह से सेना, नौसेना और वायु सेना की मदद मांगी गई है. उन्होंने कहा कि बचाव और राहत अभियान के लिए 84 नौकाएं तैनात की गई है तथा सरकार ने 18 दिसंबर को चारों जिलों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है. अधिकारी ने बताया कि थूथुकुडी और श्रीवैकुंटम और कयालपट्टिम जैसे क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त नौकाएं तैनात की गई है. उन्होंने बताया कि कम से कम 7,500 लोगों को इलाके से सुरक्षित निकाला गया तथा उन्हें 84 राहत शिविरों में रखा गया है. अधिकारी ने बताया कि 'कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल' के जरिए 62 लाख लोगों को एसएमएस अलर्ट भेजे गए.

**स्कूलों और विवाह स्थलों में आश्रय:** 'राष्ट्रीय आपदा मोचन बल' (एनडीआरएफ) और 'राज्य आपदा मोचन बल' (एसडीआरएफ) के कर्मियों, अग्निशमन और बचाव सेवा तथा पुलिस टीमों ने भारी बाढ़ वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला तथा उन्हें स्कूलों और विवाह स्थलों पर आश्रय दिया. दक्षिणी रेलवे ने कहा कि तिरुनेलवेल्ली-तिरुचेंदूर खंड में श्रीवैकुंटम और सेदुंगनल्लूर के बीच यातायात निलंबित कर दिया है. उसने बताया कि रेलवे ट्रैक से 'गिट्टियां' बह गईं तथा रेलवे पटरियों पर पानी बह रहा है. रेलवे ने बताया कि दक्षिणी क्षेत्रों से संचालित होने वाली कई ट्रेन सेवाओं को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### वाहन की ऑटो रिक्शा से टक्कर में आठ की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की एक ऑटो रिक्शा से टक्कर हो गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे ओतूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याण-अहमदनगर रोड पर हुई जो मुंबई से करीब 150 किलोमीटर दूर है. एक अधिकारी ने बताया कि पिक-अप वाहन अहमदनगर से ठाणे जिले में कल्याण की ओर जा रहा था.

### ट्रक ने वाहन में टक्कर मारी, चार की मौत

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में एक ट्रक ने 'लोडर' (सामान ढोहने के लिए छोटा वाहन) वाहन को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 12 लोग घायल हो गये. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि घटना रविवार देर रात की है, जब मध्यप्रदेश के दतिया में स्थित मां पीतांबरा देवी के मंदिर के दर्शन कर कुछ लोग 'लोडर' वाहन से अपने गांव मुहाना कोतवाली डाकोर लौट रहे थे .

### ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी हिस्से में बाढ़ के हालात

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी हिस्से में आई बाढ़ से रात में 300 से अधिक लोगों को बचाया गया. इनमें से दर्जनों लोग अपने घर की छत पर फंसे हुए थे. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. केर्न्स हवाई अड्डे को सोमवार को बाढ़ का पानी भर जाने से बंद कर दिया गया. अधिकारियों को चिंता है कि 1,60,000 की आबादी वाले शहर में पीने की पानी की किल्लत हो जाएगी. केर्न्स में जहां बारिश की रफ्तार कम हो गई वहीं समीपवर्ती पोर्ट डगलस और होप वेले में बहुत खराब मौसम की चेतावनी है.

### पुणे में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हुई

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी-चिंचवड इलाके में आठ दिसंबर को मोमबत्ती बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लगने की घटना में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है. एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल हुईं दो महिलाओं की इलाज के दौरान मौत हो गयी है. पुलिस ने तलवडे में स्थित इस फैक्टरी के मालिक शरद सुतार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया है. हादसे में वह भी झुलस गया था. अधिकारी ने कहा कि एक घायल महिला कमल चौरे (35) की शनिवार को मौत हो गयी.

### श्रीलंका ने 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया


**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने द्वीपीय राष्ट्र के जलक्षेत्र में मछली पड़कने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनके ट्रॉलर जब्त कर लिए हैं. इस घटना के बाद इस साल गिरफ्तार भारतीय मछुआरों की कुल संख्या लगभग 240 हो गई है. नौसेना ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि इन मछुआरों को रविवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर अपतटीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया. इससे पहले छह दिसंबर को, मन्नार और कोविलन के पूर्वोत्तर जलक्षेत्र में कम से कम 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया.

### 19,150 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' सुपरहिट : पीएम



**देश अब गुलामी की मानसिकता से मुक्ति व अपनी विरासत पर गर्व की घोषणा कर रहा है : मोदी**



भाषा। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' एकदम सुपरहिट हो गयी है. मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन सेवापुरी विकासखंड के बरकी गांव में वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए करीब 19,150 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक रैली को संबोधित किया. प्रधानमंत्री ने 'गारंटी वाली गाड़ी' को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने जनकल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनसे कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे. पहले गरीब सरकार के पास सुविधाओं के लिए चक्कर लगाता था. अब मोदी ने कह दिया है कि सरकार खुद चलकर गरीबों के पास जाएगी. इसलिए मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' एकदम सुपरहिट हो गयी है.

मोदी ने 'काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता-2024' की शुरुआत की. मोदी ने वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन, दोहरीघाट-मऊ ट्रेन समेत कई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देश को समर्पित किया. 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-ग्रामीण' के तहत यहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यहां काशी में मुझे भी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में शामिल होने का अवसर मिला.

**खास बातें**

- 'काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता-2024' की हुई शुरुआत
- वाराणसी दौरे के दूसरे दिन कई कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम

### नारी, युवा, किसान और गरीब सबसे बड़ी जातियां

प्रधानमंत्री ने वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन, दोहरीघाट-मऊ ट्रेन समेत कई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देश को समर्पित किया. उन्होंने वाराणसी की पर्यटन वेबसाइट 'काशी' की भी शुरुआत की. मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी में की और पूरे भाषण में बीच-बीच में भोजपुरी बोलते रहे. विपक्षी दलों के जाति आधारित जनगणना की मांग जैसे मुद्दों का जिक्र किये बिना प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए देश की नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान व हर गरीब का विकास होना बहुत जरूरी है. मेरे लिए यही चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि आजादी के सात दशक बाद आज समय का चक्र एक बार फिर घूमा है और देश अब गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और अपनी 'विरासत पर गर्व' की घोषणा कर रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को वाराणसी में दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र 'स्वर्वेद महामंदिर' का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि गुलामी के दौर में जिन अत्याचारियों ने भारत को कमजोर करने का प्रयास किया, उन्होंने सबसे पहले हमारे सांस्कृतिक प्रतीकों को ही निशाना बनाया. आजादी के बाद इन सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनर्निर्माण आवश्यक था. अगर हम अपनी सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देते, तो देश के भीतर एकजुटता और आत्मसम्मान का भाव मजबूत होता. लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा हुआ नहीं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण तक का विरोध किया गया था और इस तरह की सोच दशकों तक देश पर हावी रही. इसका नतीजा यह हुआ कि देश हीन भावना के गर्त में चला गया. अपनी विरासत पर गर्व करना भूल गया. प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद आज समय का चक्र एक बार फिर घूमा है. देश अब 'गुलामी की मानसिकता से मुक्ति' और अपनी 'विरासत पर गर्व' की घोषणा कर रहा है. उन्होंने कहा कि जो काम सोमनाथ से शुरू हुआ था, वो अब एक अभियान बन गया है. आज काशी में विश्वनाथ धाम की भव्यता भारत के अविनाशी वैभव की गाथा गा रही है.

**आओ जानें**

### संतरा उत्पादक टॉप 10 देश

(उत्पादन टन में)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ब्राजील | 16,214,982 |
| 2. | भारत | 10,270,000 |
| 3. | चीन | 7,550,000 |
| 4. | मैक्सिको | 4,595,129 |
| 5. | अमेरिका | 4,015,200 |
| 6. | स्पेन | 3,604,800 |
| 7. | मिस्र | 3,000,000 |
| 8. | इंडोनेशिया | 2,513,861 |
| 9. | ईरान | 2,139,913 |
| 10. | इटली | 1,770,910 |

## पाकिस्तान में एक और आतंकवादी मारा गया

भाषा। इस्लामाबाद

लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी हबीबुल्लाह (खान बाबा) की रविवार शाम अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी. हालांकि इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है. घटना खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में घटी है. यह वही टैंक जिला है, जहां पिछले सप्ताह भीषण आतंकी हमला हुआ था. इसमें 23 पुलिसकर्मी और सैनिक मारे गये थे. सूत्रों के अनुसार मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी हबीबुल्लाह को रविवार शाम को अज्ञात हमलावरों ने ढेर कर दिया. हबीबुल्लाह भारत के पुलवामा और उड़ी (2016 ) में हुए आतंकी हमले में शामिल बताया जाता है.

### दाऊद इब्राहिम को जहर देने की चर्चा

मुंबई सीरियल ब्लास्ट में शामिल आतंकी दाऊद इब्राहिम भी कराची के अस्पताल में भर्ती है. बताया गया है कि उसे किसी अज्ञात शख्स ने जहर दे दिया है. एक पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी ने दाऊद को जहर दिए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती होने का दावा किया था. दाऊद को लेकर चल रही खबरों की पुष्टि करने की कोशिशें की जा रही हैं. आरजू काजमी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान में चर्चा है कि दाऊद इब्राहिम को जहर देकर मारने की कोशिश हुई है.

## भारत में इजराइल के नए राजदूत होंगे रूवेन अजार

भाषा। यरुशलम

इजराइल सरकार ने रूवेन अजार को भारत में नए राजदूत के रूप में नियुक्त करने की रविवार को मंजूरी दे दी. इजराइल के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अजार श्रीलंका और भूटान में अनिवासी राजदूत के रूप में भी काम करेंगे. उनके साथ ही इजराइल सरकार ने विदेशों में स्थित दूतावासों में 21 नए राजनयिकों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है जो जल्द ही पदभार संभालेंगे.

विदेश मंत्री अली कोहेन ने नए राजनयिकों को बधाई देते हुए कहा कि वे इजराइल और उसके नागरिकों का प्रतिनिधित्व करेंगे, उसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएंगे और इजराइल सरकार के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन को मजबूत करेंगे. आधिकारिक सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार, अजार अभी रोमानिया में इजराइल के राजदूत के रूप में काम कर रहे हैं. अभी यह पता नहीं चला है कि वह नयी दिल्ली में प्रभार कब संभालेंगे. वह नाओर गिलोन का स्थान लेंगे जो 2021 से भारत में इजराइल के राजदूत के रूप में नियुक्त हैं.

अजार पहले विदेश मंत्रालय में इजराइल-अमेरिका-चीन आंतरिक कार्य बल के प्रमुख के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं. इससे पहले वह इजराइल के प्रधानमंत्री के विदेश नीति सलाहकार और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में विदेश नीति के लिए उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं.

### ज्ञानवापी मामले में 21 दिसंबर को सुनवाई

**वाराणसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में सोमवार को वाराणसी की जिला अदालत में दाखिल कर दी. जिला न्यायाधीश ने लिफाफा खोलने और पक्षकारों को सर्वेक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए 21 दिसंबर की तिथि तय की है. हिन्दू याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों ने अपने अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव के जरिए ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में वाराणसी की जिला अदालत में दाखिल कर दी है. यादव ने बताया कि रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने से पहले आज मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने जिला न्यायाधीश की अदालत में याचिका दायर कर मांग की थी कि किसी को भी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जायें.

### इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा-

## इटली में शरिया कानून नहीं चलेगा

भाषा। रोम

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने आरोप लगाया है कि यूरोप में इस्लाम को बढ़ावा देने की सतत प्रक्रिया चल रही है. जॉर्जिया मेलोनी ने इसे यूरोप के शहरों के मूल्यों के खिलाफ करार दिया है. जॉर्जिया मेलोनी ने साफ तौर पर सऊदी अरब पर आरोप लगाते हुए कहा कि सऊदी अरब इटली में इस्लामिक सांस्कृतिक केंद्रों को आर्थिक मदद दे रहा है.

याद दिलाया कि सऊदी अरब में शरिया कानून लागू है. यहां यह नहीं चल सकता. जॉर्जिया को शब्दों में शरिया का अर्थ है व्यभिचार पर पत्थर मारना, मजहब छोड़ने पर मौत की सजा, और समलैंगिकता के लिए भी मौत. कहा कि यह बात छिपी नहीं है कि इटली के ज्यादातर इस्लामिक सांस्कृतिक केंद्रों को सऊदी अरब फंडिंग कर रहा है.

**जॉर्जिया मेलोनी इटली की पहली महिला पीएम हैं :** जॉर्जिया मेलोनी इटली की प्रथम महिला प्रधानमंत्री हैं. वह धुर दक्षिणपंथी नेता हैं. जॉर्जिया का संबंध धुर दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली से है. जॉर्जिया मेलोनी की राजनीतिक सफर की बात करें तो 2008 में 31 साल की उम्र में वह इटली की सबसे युवा मंत्री बनी थीं.

**मुस्लिम प्रवासियों को इटली के लिए खतरा करार देती हैं :** 2021 में मेलोनी की किताब आई एम जॉर्जिया आयी थी. उन्होंने बताया था कि वह मुस्लिम प्रवासियों को इटली के लिए खतरा करार देती हैं.

### एलजीबीटी विरोधी मानी जाती हैं जॉर्जिया

जॉर्जिया मेलोनी एलजीबीटी विरोधी मानी जाती है. मेलोनी ने एलजीबीटी अधिकारों के खिलाफ अभियान चलाया है. जॉर्जिया मेलोनी ने यह कह कर सुर्खियां बटोरी थीं कि पुतिन से मिलने के लिए उनके पास समय नहीं है. साथ ही नाटो के प्रति समर्थन भी जाहिर किया था. मेलोनी रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन की समर्थन हैं. इसके उलट उनके गठबंधन वाली दोनों पार्टियां रूस से गहरा रिश्ता रखती है. खबरों के अनुसार जॉर्जिया मेलोनी जब टीन एजर थी, तब निओ फासिस्ट मूवमेंट में शामिल हुईं थी.

### क्रिसमस पार्टी के दौरान गोलीबारी, 16 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के उत्तर-मध्य राज्य गुआनाजुआतो के साल्वाटियेरा शहर में रविवार तड़के एक क्रिसमस पार्टी के दौरान बंधूकधारियों के हमले में 16 लोगों की मौत हो गई. अभियोजकों ने यह जानकारी दी. राज्य अभियोजकों ने यह भी बताया कि सलामांका शहर में गोलीबारी में चार अन्य लोगों की भी मौत हुई. हालांकि, उन्होंने हमले की वजह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी. स्थानीय मीडिया के मुताबिक, पीड़ित 'पोसाडा' नामक क्रिसमस पार्टी के बाद एक कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल रहे थे, तभी बंदूकधारियों ने उन पर गोलियां चला दीं. शहर में जलिस्को कार्टेल और सिनालोआ कार्टेल द्वारा समर्थित स्थानीय गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर खूनी संघर्ष लंबे समय से चल रहा है.

**संसद** जम्मू-कश्मीर व पुडुचेरी में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के प्रावधान वाले दो विधेयक

# हंगामे के बीच महिलाओं के आरक्षण संबंधी दो विधेयक पारित

भाषा। नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराने और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर सोमवार को भी राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई. इन मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण उच्च सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई. हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्य काल और प्रश्न काल नहीं हो सके. हालांकि, भोजनावकाश के बाद हंगामे के बीच ही सदन ने जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के प्रावधान वाले दो अहम विधेयकों को मंजूरी प्रदान कर दी. राज्यसभा ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 और संघ राज्य क्षेत्र शासन (सशोधन) विधेयक, 2023 को संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी दी. लोकसभा ने पिछले दिनों इन विधेयकों को मंजूरी दी थी. दो बार के स्थगन के बाद उच्च सदन की कार्यवाही जब दोपहर दो बजे आरंभ हुई तो गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दोनों विधेयकों को चर्चा एवं पारित करने के लिए सदन में पेश किया. सभापति जगदीप धनखड़ ने विधेयकों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये महिलाओं के लिए आरक्षण एवं उनके सशक्तीकरण से जुड़े हैं.



### भाजपा ने महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का मुद्दा उठाया

हंगामा जारी रहने पर धनखड़ ने कहा कि वह असहाय स्थिति में हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे उनसे उनके कक्ष में मुलाकात करेंगे. सभापति ने विपक्षी सदस्यों के आचरण पर आपत्ति जताई और इस बात पर भी अफसोस जताया कि उनके बार-बार बुलाने के बावजूद नेता प्रतिपक्ष उनसे मिलने उनके कक्ष में नहीं आए. इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी. इससे पहले उन्होंने एक बार फिर नेता प्रतिपक्ष को अपने कक्ष में मिलने को कहा.

### कुवैत के शासक को दी श्रद्धांजलि

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही धनखड़ ने कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन का उल्लेख किया और उसके बाद पूरे सदन ने कुछ क्षण मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी. सभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत चर्चा कराने के लिए कुल 22 नोटिस मिले हैं.

## मणिपुर में हिंसा के लिए अवैध अप्रवासी जिम्मेदार : बीरेन सिंह

भाषा। इंफाल

मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने सोमवार को राज्य में महीनों से जारी जातीय तनाव के लिए ड्रग माफिया और अवैध प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया. सिंह ने मौजूदा संकट के लिए राज्य की सीमाओं की सुरक्षा में पिछली सरकार की विफलता को भी जिम्मेदार ठहराया.

मई से कुकी और मेइती समुदायों के बीच जातीय संघर्ष के कारण लगभग 200 लोग मारे गए हैं और 60,000 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं. थौबल जिले के लीलॉन्ग में लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मौजूदा संघर्ष की साजिश ड्रग माफिया और अवैध प्रवासियों ने रची जो वास्तविक जनजातियों की आवाज को दबाते हैं. लड़ाई मेइती और कुकी के बीच नहीं है, बल्कि सरकार और अवैध प्रवासियों के बीच है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोज मैं अपने कुकी दोस्तों से फोन पर बातचीत करता हूं. वे असहाय हैं और सच बोलने में असक्षम हैं क्योंकि उनको बंदूक के बल पर धमकाया जा रहा है. सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश म्यांमा में सेना और सैन्य शासन विरोधी समूहों के बीच जारी संघर्ष की वजह से वहां से छह हजार से अधिक प्रवासी कामजोंग जिले में दाखिल हुए हैं. पुलिस टीम स्थिति की निगरानी के लिए भेजी गई है और उन्हें अस्थायी आश्रय देने के लिए बायोमेट्रिक जानकारी एकत्रित की जा रही है.

# नया सालः एक जनवरी तक नेतरहाट के सभी होटल व लॉज बुक

आशीष टैगोर। लातेहार

कहना गलत नहीं होगा कि नेतरहाट की खूबसूरती व नयनाविराम छटा सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है. मानो प्रतीत होता है कि नेतरहाट की दिलकश वादियां अपनी दोनो बांहें फैलायें सैलानियों का स्वागत करने के लिए हमेशा तैयार रहती है. यहां सालो भर खुशनुमा आबोहवा रहती है. यही कारण है कि इसे छोटानागपुर की रानी कहा जाता है. नेतरहाट के मैग्लोनिया पॉइंट से ऊंची- ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं के बीच डुबता सूर्ख लाल सूरज को देखना मन को सुकून देता है. वहीं पर्वतों के पीछे से सनराइज का दीदार करना है भी कम रोमांचक नहीं है. नेतरहाट अपने सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए पूरे देश में विख्यात है. इसके अलावा भी नेतरहाट के आसपास कई अन्य पर्यटन स्थल है, जहां लोग पूरे वर्ष घूमने के लिए आते हैं. नेतरहाट से सरकार को हर वर्ष करोड़ों रुपया का राजस्व प्राप्त होता है.



## दो करोड़ के व्यवसाय का लगाया जा रहा अनुमान

नए साल का आगाज करने के लिए नेतरहाट एक माकूल जगह है. नये साल में प्रति वर्ष काफी संख्या में लोग नेतरहाट आते हैं. पिछले अक्टूबर व नवंबर महीने में सरकार को अनुमानित 80 लाख रुपए का राजस्व मिल चुका है. आगामी 20 दिसंबर से एक जनवरी तक नेतरहाट के सभी सरकारी एवं प्राइवेट होटल बुक हो चुके हैं. इन दोनो सेक्टरों से तकरीबन दो करोड रुपए का व्यवसाय होगा. नेतरहाट के प्रभात बिहार होटल में 22 कमरे हैं. इनमें आठ प्रीमियम, 12 डिलक्स व दो सुई सनराइज रूम हैं. इनका किराया 35 सौ से चार हजार रूपये है. इसमें 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है. पुराने प्रभात बिहार में 11 कमरे हैं. इनमें दो सुईट करमें हैं. यहां का किराया 17 सौ रूपये से शुरू होता है. इसके अलावा 20 टेंट कॉटेज भी हैं. इसका किराया 2099 रूपये और 12 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त है. अरुणोदय होटल में कुल 13 कमरे हैं. इसमें एक व दो नंबर कमरे वीआईपी ओ एलॉट किये जाते हैं.

**छोटे बड़े 45 होटल व लॉज हैं**

नेतरहाट में छोटे-बड़े कुल 45 प्राइवेट होटल व लॉज हैं. सभी आगामी एक जनवरी तक बुक हैं. इन प्राइवेट होटल व बाजार से तकरीबन डेढ़ करोड़ रूपये का व्यवसाय होने का अनुमान है. इनमें लेक व्यू में कुल 18 कमरे हैं. प्रति कमरों का किराया चार हजार रूपये एवं एक सुईट का किराया 84 सौ रूपये है. रॉयल क्लाउड हिल में नौ कमरे हैं. यहां का किराया चार से 75 सौ रूपये तक है.

**बंगाल के टूरिस्ट अधिक होते हैं : गोविंद पाठक**

टूरिस्ट रिर्सोस पर्सन गोविंद पाठक कहते हैं नेतरहाट में बंगाल के टूरिस्ट की संख्या अधिक होती है. एक अनुमान के मुताबिक 80 प्रतिशत टूरिस्ट बंगाल के होते हैं. बंगाल के टूरिस्ट काफी सजग और जागरूक होते हैं. यहा आने से पहले पूरी तरह प्लान करते हैं.

## आओ जानें
## 19 दिसंबर का इतिहास

- 1842 : आज ही के दिन अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी थी.
- 1927 : महान स्वतंत्रता सेनानियों राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह को फांसी दी गई थी.
- 1931 : जोसफ ए लियोंस ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने थे.
- 1932 : ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने विदेश में प्रसारण शुरू किया था.
- 1934 : प्रतिभा पाटिल का जन्म हुआ था, जो बाद में भारत की 12वीं राष्ट्रपति बनीं थीं.
- 1941 : एडोल्फ हिटलर ने पूरी तरह जर्मन सेना की कमान संभाली थी.

### धार्मिक न्यास बोर्ड का फरमान, बकरीद के लिए भी ऐसा आदेश जारी करने की मांग

# दरभंगा के प्राचीन श्यामा मंदिर में बलि प्रथा पर रोक, मचा भूचाल

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

बलि प्रथा पर रोक से संबंधित राज्य सरकार के आदेश ने पूरे बिहार में भूचाल ला दिया है. झारखंड भी इससे अछूता नहीं है. सनातनियों ने इसे अपनी निजी अस्मिता पर हमला बताते हुई बकरीद के लिए भी ऐसा आदेश जारी करने की मांग कर दी है. सरकार के इस आदेश से सियासी राजनीति जोरों पर है. सत्ताधारी दल ने जहां चुप्पी साध ली है, वहीं विपक्ष आक्रामक तेवर अपनाए हुए है. झारखंड की राजधानी रांची सहित रामगढ़, हजारीबाग, जमशेदपुर, देवघर, बोकारो, धनबाद, गोड्डा, दुमका आदि जिलों में मैथिल भाषा-भाषियों की अच्छी तादाद है और मांगलिक कार्यों के निमित्त मां श्यामा मंदिर में मत्था टेकने नहीं भूलते.

दरअसल बिहार राज्य धार्मिक न्यास पार्षद ने मिथिलांचल मुख्यालय दरभंगा के प्राचीन श्री श्यामा मंदिर में दशकों से चली आ रही बलि प्रथा पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है. अहिंसा परमो धर्मः के संदेशवाहक भगवान महावीर के पालक अखिलेश कुमार जैन धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष हैं और उन्हीं के हस्ताक्षर से जारी आदेश ने तूफान खड़ा कर दिया है.





## मां श्यामा मंदिर का इतिहास व परिपाटी

श्यामा माई का मंदिर श्मशान घाट में महाराजा रामेश्वर सिंह की चिता पर बनाया गया है. महाराजा रामेश्वर सिंह दरभंगा राज परिवार के साधक राजाओं में थे. राजा के नाम के कारण ही इस मंदिर को रामेश्वरी श्यामा माई के नाम से जाना जाता है. मंदिर की स्थापना 1933 में दरभंगा के महाराज कामेश्वर सिंह ने की थी. गर्भगृह में मां काली की विशाल प्रतिमा के दाहिनी ओर महाकाल और बाईं ओर गणपति एवं बटुकभैरव देव की प्रतिमा स्थापित है. मां के गले में जो मुंड माला है, उसमें हिंदी वर्णमाला के अक्षरों के बराबर मुंड हैं. श्रद्धालुओं का मानना है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि हिंदी वर्णमाला सृष्टि के प्रतीक हैं. यहां आए भक्तजन मंदिर आरती में शामिल होने के लिए घंटों इंतजार करते हैं. नवरात्र के दिनों में यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ जाती है और मेला लगता है. इस मंदिर में मां काली की पूजा वैदिक और तांत्रिक दोनों विधियों से की जाती है. आमतौर पर हिंदू धर्म में शादी के 1 साल बाद तक जोड़ा श्मशान भूमि में नहीं जाता है. लेकिन श्मशान भूमि में बने इस मंदिर में न केवल नवविवाहित आशीर्वाद लेने आते हैं, बल्कि इस मंदिर में शादियां भी सम्पन्न कराई जाती हैं. इसकी व्याख्या राजा रामेश्वर सिंह के सेवक रह चुके लालदास ने रामेश्वर चरित मिथिला रामायण में की है. इसमें बताया गया है कि रावण का वध होने के बाद माता-सीता ने भगवान राम से कहा कि जो भी सहत्रानंद का वध करेगा वही असली वीर होगा. इस पर भगवान राम उसका वध करने निकल पड़े. युद्ध के दौरान सहस्रानंद का एक तीर भगवान राम को लग गया. इस पर माता सीता बेहद क्रोधित हुईं और सहस्त्रानंद का वध कर दिया. क्रोध से सीता माता का रंग काला पड़ गया. वध करने के बाद भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ, तो उन्हें रोकने के लिए भगवान शिव को स्वयं आना पड़ा. भगवान के सीने पर पैर पड़ते ही माता बहुत लज्जित हुईं और उनके मुख से जिह्वा बाहर आ गई. माता के इसी रूप की पूजा की जाती है और उन्हें यहां काली नहीं श्यामा नाम से पुकारा जाता है.

## बिफरे गिरिराज सिंह

भाजपा के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ने कहा, बलि प्रथा अनादिकाल से है,श्यामा मंदिर में धार्मिक ट्रस्ट की ओर से बलि प्रथा बंद करने को कहा गया. मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे बकरीद बंद करा सकते हैं? अगर बकरीद उनका धर्म है तो बलि प्रथा हमारा धर्म है, मुसलमानों का मैं सम्मान करता हूं, उनमें अपने धर्म के प्रति इतनी आस्था है कि वे हलाल छोड़ कर और कोई मांस नहीं खा सकते. इसलिए सनातन भाइयों से मेरी प्रार्थना है कि वे भी झटका मांस ही खाएं और अगर न मिले तो न खा 'सनातन धर्म' में 'बली प्रथा' (पशु बलि) है और 'बलि प्रथा' में झटका है, मैं यहां झटका मांस की दुकान खुलवाऊंगा.

### फिलीस्तीनियों के खिलाफ सख्ती को लेकर बहस तेज

# इजराइल ने अपने ही लोगों को मार डाला

एजेंसी। तेलअवीव

इजराइली नागरिक उस समय स्तब्ध रह गए जब इजराइली सैनिकों ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए तीन लोगों की युद्ध क्षेत्र में जान ले ली. इससे पहले बंधकों ने सफेद झंडा दिखाया था और चिल्ला कर हिब्रू भाषा में कहा था कि उनसे कोई खतरा नहीं है.

कुछ लोगों के लिए यह घटना युद्ध की वीभत्सता का एक चौंकाने वाला उदाहरण है, जहां जटिल और खतरनाक युद्धक्षेत्र में कोई भी सुरक्षित नहीं है. लेकिन आलोचकों के लिए, यह घटना इस बात को उजागर करती है कि फलस्तीनियों के खिलाफ इजराइली सुरक्षा तंत्र कितना हिंसक है. इस घटना में, इजराइलियों ने खुद को बचाने की कोशिश कर रहे तीन लोगों की जान ले ली. इजरायली मानवाधिकार समूह 'बी'टी सेलेम के निदेशक रॉय येलिन ने कहा कि यह दुखद घटना है लेकिन इसमें आश्चर्य की बात नहीं है. हमने पिछले कुछ वर्षों में उन लोगों की कई घटनाओं का दस्तावेजीकरण किया है जिन्होंने स्पष्ट रूप से आत्मसमर्पण किया था लेकिन उसके बाद भी उन्हें गोली मार दी गई थी.

**इन हत्याओं ने मेरा दिल तोड़ दिया : नेतन्याहू**

एक सैन्य अधिकारी के अनुसार, तीनों बंधकों की उम्र 20 से 30 साल के बीच थी और वे गाजा शहर में एक इमारत से बाहर निकले, जहां इजराइली सैनिक हमास के लड़ाकों से जूझ रहे हैं. अधिकारी ने किहा कि तीनों लोगों ने सफेद झंडा लहराया और वे संकेत देने की कोशिश कर रहे थे कि उनसे कोई खतरा नहीं है. लेकिन उनमें से दो तुरंत मारे गए और तीसरा व्यक्ति मदद के लिए हिब्रू में चिल्लाते हुए वापस इमारत में भाग गया.

## म्यूनिसिपल प्रतियोगिता परीक्षा एडमिट कार्ड जारी

**रांची।** झारखंड कर्मचारी आयोग (जेएसएससी) ने झारखंड म्यूनिसिपल आयोग प्रतियागिता परीक्षा 2023 का एडमिट कार्ड सोमवार को जारी कर दिया. जेएसएससी की म्यूनिसिपल प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट jssc.nic.in पर जाकर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. आयोग के अनुसार यह परीक्षा 24 दिसंबर को प्रस्तावित है. जेएसएससी जेएमएससीसीई 2023 के लिए राज्य में 900 से ज्यादा पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा. जेएसएससी की इस परीक्षा से गार्डेन इंस्पेक्टर के 12 पदों, पशु चिकित्सक के 10 पद, सैनिटरी एंड फूड इंस्पेक्टर के 24 पद, सफाई सुपरवाइजर के 645 पद, राजस्व निरीक्षक के 164 पद और लीगल असिस्टेंट के 46 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी.

## वाऊ सिनेमा की पहली वर्षगांठ में गायिका वीणाश्री हुईं सम्मानित

संवाददाता। रांची

वाऊ सिनेमा की पहली वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनायी गयी. इसमें देश के कोने-कोने से हर भाषा के गायक कलाकार, अभिनेता-अभिनेत्री, डांसर ने अपना जलवा बिखेरा. इस अवसर पर सुर संग्राम के विजेता आलोक, देवेश खान, डायरेक्टर सरज जैसी बड़ी-बड़ी हस्तियों ने कलाकारों को सम्मानित किया. मौके पर टी सीरीज और आस्था चैनल की प्रसिद्ध गायिका वीणाश्री को भी कार्यक्रम में गाने का मौका मिला और सम्मानित किया गया. वीणाश्री ने कहा कि मैं तहेदिल से वाऊ सिनेमा के सीआईओ प्रभात राज जी का धन्यवाद देती हूं और सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं. इसके लिए सभी मीडिया कर्मियों का भी धन्यवाद देती हूं.



## कॅरियर-काउंसिलिंग

# जर्मन लैंग्वेज सीखकर बनाएं बेहतर कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद

सरल भाषा में कहें तो जर्मन लैंग्वेज टेस्ट एक मापदंड है, जिसपर हर व्यक्ति या छात्र को खरा उतरना होता हैजो जर्मन वीजा की अनुमति लेने के इच्छा रखता है. अगर आप जर्मनी में लंबे समय तक रहना, पढ़ाई पूरी करना या वहां काम करना चाहते हैं तो आपको जर्मन लैंग्वेज सीखनी होगी. जर्मनी में किसी भी कंपनी को जॉइन करने या विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए आपको जर्मन लैंग्वेज टेस्ट पास करना होगा. अपनी क्षमता का प्रमाण, लैंग्वेज प्रोफिसिएंसी स्कोर के रूप में देना होगा. अगर आप छात्र हैं और जर्मनी के विश्वद्यालय में कोई ऐसा कोर्स कर रहे हैं जिसमें जर्मन लैंग्वेज टेस्ट पास करने की जरूरत है या अगर आप जर्मनी में कोई व्यापार शुरू करना चाहते हैं तो आपके लिए यह टेस्ट पास करना अनिवार्य है.

### जर्मन लैंग्वेज सीखने के फायदे

- जर्मन यूरोप में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है.
- अंग्रेजी और जर्मन में ज्यादातर समानता मेल खाती है.
- शिक्षा के क्षेत्र में जानी- मानी भाषा हैं.
- जर्मन सीखकर आप टीचिंग सेंटर खोल सकते हैं.
- जर्मनी में करियर के बहुत सारे अवसर उपलब्ध हैं.
- जीवन के उच्चतम मानकों वाले देश में रहने का अवसर मिलेगा.
- अंग्रेजी बोलने वालों के लिए जर्मन सीखना आसान है.
- टॉप विशिवद्यालय में आसानी से प्रवेश ले सकते हैं.

### योग्यता

- सबसे पहले आपने किसी भी मान्यता प्राप्त इंस्टीटूशन में कम से कम 700 घंटों की क्लास अटेंड की हो.
- अगर आप जर्मनी में किसी इंग्लिश मीडियम यूनिवर्सिटी में प्रवेश ले रहे हैं तो आपको जर्मन लैंग्वेज टेस्ट देने की जरूरत नहीं है.
- अगर आपने अपनी अंडरग्रेजुएट डिग्री किसी इंग्लिश मीडियम संस्था से की है तो आपको आपकी संस्था से लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी का रिकमेन्डेशन लेटर जमा करना होगा.
- आपको जर्मन लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी टेस्ट देने के लिए जर्मन लैंग्वेज लिखना और बोलना सीखना होगा.

### टेस्ट डिटेल

- परीक्षा 3 घंटे की अवधि में आयोजित किया जाता है.
- परीक्षा में चार अलग-अलग सेक्शन के आधार पर प्रश्न पूछे जाते हैं- रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, सुनने की क्षमता, लेखन कौशल और बोलना शामिल हैं.
- परीक्षा के परिणाम औपचारिक रूप से 3 से 5 के बीच के पैमाने पर तैयार किए जाते हैं.
- परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आपकी सक्षमता स्तर को अलग-अलग नाम दिया जाता है : टीडीएन 3, टीडीएन 4, या टीडीएन 5.
- यदि कोई टीडीएन 5 स्कोर प्राप्त करता है, तो उसके पास जर्मन लैंग्वेज में एक मजबूत सक्षमता होने का प्रमाण दिया जाता है .







### टेस्ट के प्रकार

- डीएसएच
- जेर्टिफिकेट डेयूस्च फिट डेन ब्यूफ
- वाइडेफ
- बुलुस्ट
- ज्योथ जेर्टिफिकेट

### जेट्रीफिकेट ड्यूच फर डेन ब्यूफ

- इस परीक्षा मे पेपर को 2 भाग मे लिया जाता है.
- आपको इस परीक्षा में 2 घंटे 20 मिनट मिलते.
- जिसमें से 2 घंटे तक आप से लिखित परीक्षा ली जाती है.
- 20 मिनट मौखिक परीक्षा
- परीक्षा के रिजल्ट 5-10 दिन के अंदर उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर पब्लिश किए जाते हैं.

### डीएसएच


- परीक्षा की समय सीमा 3 घंटे निर्धारित हैं.
- परीक्षा लिखित रूप में सेंटर पर ही होती है.
- इस परीक्षा में अलग अलग सेक्शन के आधार पर प्रश्न पूछे जाते हैं- रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, सुनने की क्षमता, लेखन कौशल और बोलना शामिल हैं.
- इस परीक्षा के रिजल्ट को 3 ग्रैड में दिया जाता है.
- डीएसएच 1, डीएसएच 2, और डीएसएच 3.
- अगर आपको प्रवेश के लिए आवेदन देना है तो इस परीक्षा मे आपको डीएसएच 2 लाना आवश्यक है .

### वाइडेफ

- इस परीक्षा में आपको 150 शब्दावली प्रश्न जो ग्रामर और कॉम्प्रिहेंशन पर आधारित होते हैं.
- यह टेस्ट मल्टीपल चॉइस टाइप में लिया जाता है जो जर्मन लैंग्वेज के हर एक बिन्दु में सक्षमता को नापता है.
- परीक्षा का परिणाम आपको 0-990 के स्कोर में दिया जाता है.
- परीक्षा का परिणाम 7-25 दिन के अंदर आ जाता है.
- औसत 500-600 अंक, 600-710 तक और औसत 800-990 तक अच्छा स्कोर माना जाता है.

### परीक्षा की जानकारी

- परीक्षा की समय सीमा 1 घंटा होता है.
- परीक्षा को 2 अलग-अलग पहलुओं से करवाया जाता है.
- प्रश्न पर्यावरण के की घटनाओं के आधार पर पूछे जाते हैं. जिसमें आपका रिएक्शन परखा जाता है.
- इस परीक्षा को 1-100 अंकों के बीच ग्रेड किया जाता है.
- लुडविग मैक्सिमिलियन
- टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख
- हीडलबर्ग विश्वविद्यालय
- हम्बोल्ट विश्वविद्यालय बर्लिन
- चैरिटे-यूनिवर्सिटी मेडिसिन बर्लिन
- फ्रीबर्ग विश्वविद्यालय
- ट्यूबिंगेन विश्वविद्यालय
- आरडब्ल्यूटीएच आचेन
- तकनीकी विश्वविद्यालय बर्लिन
- बर्लिन के मुक्त विश्वविद्यालय



### टेस्ट की मुख्य बातें

- परीक्षा के लिए सारी जरूरी जानकारियों को इकट्ठा करें.
- रोजाना प्रैक्टिस और अध्ययन करें.
- हो सके तो किसी प्रोफेशनल जर्मन एक्सपर्ट की सहायता लें.
- सही इंस्टिट्यूट का चयन करें.
- कुछ भी नया सुने तो उसको अपनी भाषा में ट्रांसलेट करके समझे.
- अपने आप को क्लासेज तक सीमित ना रखें.
- रोजाना नहीं तो साप्ताहिक मॉक टेस्ट दें.
- इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना सीखे.
- एग्जाम देते वक्त अपना कॉन्फिडेंस बनाए रखें.
- ये जर्मन विश्वविद्यालय टेस्ट स्वीकार करदते हैं

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)